स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, शनिवार
5 जुलाई, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 313 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

गहराता रहस्य : आंतरिक संघर्ष या और मजबूत होकर लौटेंगे जिनपिंग



## यूपी में प्राथमिक स्कूलों का विलय : फैसला सुरक्षित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्राइमरी स्कूलों का विलय करने के विरुद्ध दाखिल याचिकाओं में अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सीतापुर की कृष्णा कुमारी समेत 51 स्कूली बच्चों व अन्य रिट याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी करते हुए, फैसला सुरक्षित किया है। याचियो की ओर से विलय के राज्य सरकार के इस फैसले को शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन बताया गया है। वहीं राज्य सरकार की ओर से स्कूलों के बेहतर प्रबंधन की दलील दी गई है। मालूम हो कि सीतापुर के 51 स्कूली बच्चों ने पहली याचिका दायर की है, जबकि इसी मामले में एक अन्य याचिका भी दाखिल हुई है। इन याचिकाओं में 16 जून को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी उस आदेश को रद्द करने की मांग की गई है, जिसमें प्राथमिक स्कूलों को बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान है। याचियों का कहना है कि यह आदेश मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून का उल्लंघन करता है। उन्होंने मर्जर से छोटे बच्चों के लिए स्कूलों की दूरी बढ़ने की समस्याएँ भी उठाई हैं।

### डबल गेम : ड्रैगन की प्रयोगशाला के रूप में उपलब्ध था पाकिस्तान


## 'पाक को भारत की तैयारियों का लाइव डाटा लीक कर रहा था चीन'

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन

**उप-सेना प्रमुख ने किया खुलासा**

पाकिस्तान को भारत की तैयारियों और अग्रिम मोर्चों पर हमारी तैनाती को लेकर इनपुट दे रहा था।

फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने चीन-तुर्किए और पाकिस्तान के गठबंधन को बेनकाब करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से जंग लड़ रहे थे। पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था और चीन उसे हर संभव सहायता प्रदान



कर रहा था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास 81 प्रतिशत सैन्य हार्डवेयर चीनी है। इस अभियान में चीन ने एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण अन्य हथियारों के खिलाफ किया। पाकिस्तान एक तरह से उनके लिए एक प्रयोगशाला की तरह उपलब्ध था। तुर्की ने भी इस प्रकार की सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने संबोधन में उन्होंने एक मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है तो वह आबादी वाले क्षेत्रों को निशाना बना सकता है। इस बार पूरे ऑपरेशन के दौरान एयर डिफेंस और उसका संचालन बेहतरीन था, लेकिन इस बार हमने आबादी वाले क्षेत्रों में एयर डिफेंस पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन भविष्य में हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के परिणामों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इसे हमें कुछ सबक मिले हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क में टारगेट की योजना और उनका चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था। यह प्रौद्योगिकी और मानव खुफिया जानकारी का उपयोग करके एकत्र किया गया था। हमने पाकिस्तान में कुल 21 टारगेट तय किए थे, जिनको निशाना बनाना था। फिर सेना की कार्रवाई से ठीक पहले आखिरी घंटे में यह तय किया गया कि 21 में से किन नौ ठिकानों को निशाना बनाना है। उसके बाद एक सुविचारित निर्णय लिया गया कि दुनिया को सही संदेश भेजने के लिए तीनों सेनाओं का यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि हम वास्तव में एक एकीकृत बल हैं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम को रणनीतिक कदम करार दिया। कहा कि जब हम किसी सैन्य लक्ष्य पर पहुंचते हैं, तो हमें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध शुरू करना आसान है, लेकिन इसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल है। ऐसे में मैं कहूंगा कि यह एक बहुत ही शानदार चाल थी, जो संघर्ष विराम को रोकने के लिए पाकिस्तान ने चली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अहसास हो गया था कि अगर संघर्ष जारी रहा तो भारत का पंच तैयार है और वह और बुरी स्थिति में पहुंच सकता है इसलिए उन्होंने संघर्षविराम की मांग की।


## हैरी ब्रूक 158 रन बनाकर आउट, स्मिथ 170 रन बनाकर खेल रहे

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने बर्मिंघम टेस्ट में भारत के खिलाफ वापसी कर ली है। इंग्लिश टीम ने पहली पारी में 6 विकेट पर 392 रन बना लिए हैं। जैमी स्मिथ और क्रिस वोक्स नाबाद हैं। हैरी ब्रूक 158 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आकाश दीप ने बोल्ड किया। आकाश ने 303 रन की साझेदारी तोड़ी। इससे पहले इंग्लैंड के लिए इस स्थिति में सर्वोच्च साझेदारी 198 रनों की थी, जो रूट और जेम्स एंडरसन के बीच 2014 में ट्रेंट ब्रिज में हुई थी। मोहम्मद सिराज ने जो रूट (22 रन) और बेन स्टोक्स (शून्य) को लगातार बॉल पर आउट किया। शुक्रवार सुबह इंग्लैंड ने 77/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया। भारत ने कप्तान शुभमन गिल (269 रन) के दोहरे शतक के दम पर पहली पारी में 587 रन बनाए। खबर लिखे जाने तक इंग्लैंड का स्कोर 392/6 है। भारत से अभी भी टीम 195 रन पीछे है।

### मुख्यमंत्री ने किया यूपी आम महोत्सव 2025 का शुभारंभ

## वैश्विक मंच पर जाएगी यूपी की कृषि प्रगति : योगी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बागवानों की मेहनत और कृषि प्रगति को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिये उनकी सरकार कटिबद्ध है। लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर 9, में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' के शुभारंभ के मौके पर उन्होने कहा, हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है। ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं। उन्होने कहा कि आम महोत्सव न केवल किसानों की आमदनी ब?ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। आम उत्पादन को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं। इन पैक हाउसों के माध्यम से आम की गुणवत्ता, वैरायटी और एक्सपोर्ट के मानकों की जानकारी किसानों को दी जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम महोत्सव न केवल आम उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देता है, बल्कि बागवानों में औद्यानिक फसलों, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजारों के प्रति विश्वास जगाने का भी माध्यम है। योगी ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार की डबल इंजन नीति ने औद्यानिक फसलों के निर्यात को कई गुना बढ़ाया है। इस महोत्सव के दौरान दो देशों के लिए आमों का एयर कार्गो रवाना किया गया, जिसमें सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी ने बागवानों को बेहतर दाम दिलाने में मदद की। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवर्जीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली। उन्होंने बागवानों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और तकनीकी नवाचार ने उत्तर प्रदेश को औद्यानिक फसलों का केंद्र बनाया है। योगी सरकार ने बागवानों को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी, प्रशिक्षण और बाजार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, जिससे उनकी आय कई गुना बढ़ी है।



## लालू फिर बने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष



**पटना।** 13वें कार्यकाल के लिए लालू प्रसाद यादव राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष औपचारिक तौर पर बन गए हैं। परंपरा के तहत इकलौता नामांकन होने के साथ ही उनका पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना औपचारिकता थी, लेकिन अब राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शुक्रवार को पटना के एक होटल में हुई बैठक में इस कोरम को पूरा कर लिया गया। लालू यादव और राबड़ी देवी के साथ पार्टी के बाकी दिग्गजों ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की। इसमें बिहार चुनाव के दौरान वोटर लिस्ट बदलने और तेजस्वी यादव को अगला मुख्यमंत्री बनाने पर चर्चा शुरू हो गई है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में हिंदू पक्षकारों को झटका

## ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से कोर्ट का इनकार

**प्रयागराज।** मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इनकार कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से हिंदू पक्षकारों को झटका लगा है। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की अदालत ने वादी महेंद्र प्रताप सिंह की ओर से दाखिल अर्जी खारिज कर दी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इससे पहले कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। साथ ही निर्णय के लिए चार जुलाई की तारीख नियत की थी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में मांग की है कि शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित किया जाए, जैसा कि बाबरी मस्जिद प्रकरण में किया गया था। साथ ही दावा किया था कि मथुरा की शाही मस्जिद भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह को तोड़कर ही बनाई गई है। हालांकि हिंदू पक्ष की इस मांग पर मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था। साथ ही कोर्ट में लिखित आपत्ति भी दाखिल की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की कोर्ट ने शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।



## संभल में मुस्लिम समाज ने खुद ही ढहा दी मस्जिद

**संभल।** सिंहपुरसानी के गांव ऐंचोड़ा कंबोह में सैदनगली-मनोटा मार्ग किनारे श्री कल्कि धाम के

**प्रशासन ने जारी किया था नोटिस**


नजदीक स्थित मस्जिद को बृहस्पतिवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने खुद ही ढहा दिया है। यह मस्जिद खलिहान की जमीन पर बनी थी। प्रशासन की ओर से इसको हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था। साथ ही धारा 67 के तहत कार्रवाई की गई है। मस्जिद की देखभाल करने वाले नूर हसन ने बताया कि तहसीलदार न्यायालय के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम ने मस्जिद की नापतौल की थी। टीम ने खलिहान की भूमि पर बताते हुए निर्माण को अवैध घोषित किया, फिर इसे हटाने के निर्देश दिए गए थे। मुस्लिम समाज ने मस्जिद को हटाने का कार्य शुरू कर दिया था। बृहस्पतिवार को क्रेन की मदद से मस्जिद की मीनार को हटा दिया है। बचे हुए निर्माण को जेसीबी की मदद से जल्द ही हटा दिया जाएगा। मालूम हो यह मस्जिद करीब 35 वर्ष पहले निर्माण की गई थी। इस गांव में दो मस्जिद हैं। एक मस्जिद 50 वर्ष से भी ज्यादा पुरानी बताई जाती है। जबकि यह गांव के बाहर करीब 35 वर्ष पहले निर्माण की गई था।



## 'ऑपरेशन सिंदूर स्वराज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का बेहतरीन उदाहरण'

**पुणे।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सशस्त्र सेनाएं और देश का नेतृत्व स्वराज यानी देश की संप्रभुता की

**अमित शाह बोले इसके लिए हम हमेशा तैयार**



रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस भावना का सबसे अच्छा उदाहरण हाल ही में हुआ ऑपरेशन सिंदूर है। अमित शाह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), पुणे में मराठा योद्धा और प्रधानमंत्री पेशवा बाजीराव प्रथम की घुड़सवार प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि एनडीए में इस प्रतिमा का बनना इसलिए भी खास है क्योंकि यह संस्थान सेना के नेतृत्व की ट्रेनिंग देता है। अमित शाह ने इस दौरान कहा, जब भी मेरे मन में नकारात्मक विचार आते हैं, मैं शिवाजी और पेशवा बाजीराव को याद करता हूं। वे विपरीत परिस्थितियों में भी स्वराज स्थापित करने में सफल रहे थे। यह हमें आज के समय में भी प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज देश का स्वराज 140 करोड़ भारतीयों की जिम्मेदारी है और अगर इसे बचाने के लिए लड़ाई की जरूरत पड़ी, तो हमारी सेनाएं और नेतृत्व पीछे नहीं हटेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा, जब स्वराज स्थापित करने की जरूरत थी, हमने लड़ाई लड़ी।

## केरल में फिर निपाह की दस्तक, अलर्ट जारी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एक बार फिर से निपाह वायरस दस्तक दे रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक दो लोगों में निपाह वायरस संक्रमण के संभावित लक्षण दिखने के बाद शुक्रवार को तीन जिलों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। निपाह वायरस का प्रकोप राज्य पर लगातार देखा जाता रहा है, इन दो संभावित मामलों ने एक बार फिर से लोगों में डर बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने बताया कि कोझीकोड, मलप्पुरम और पलक्कड़ जिलों में निपाह को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। कोझीकोड और मलप्पुरम के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नियमित जांच के दौरान संदिग्ध मामलों की पहचान की गई। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मामलों की पुष्टि हेतु सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। स्थिति का आकलन करने के लिए एक आपात बैठक बुलाई गई, जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा, हमने निपाह प्रोटोकॉल के अनुरूप निवारक उपायों को पहले ही मजबूत कर दिया है।

## 'ईडी का केस बेहद अजीब'



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को अदालत में दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का यह मामला वास्तव में बेहद अजीब और अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, यह मामला सिर्फ अजीब नहीं, बल्कि बहुत ही अनोखा

**कोर्ट में सोनिया की ओर से बोले अभिषेक मनु सिंघवी**

है। यह कथित मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है, लेकिन इसमें न कोई संपत्ति है, न संपत्ति का उपयोग या प्रदर्शन। प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडिस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर मनी लॉन्ड्रिंग और साजिश के आरोप लगाए हैं। ईडी का आरोप है कि इन लोगों ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजीएल) की 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों को धोखाधड़ी से हड़प लिया। यह वही कंपनी है जो नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करती थी। आरोप है कि यंग इंडियन ने सिर्फ 90 करोड़ रुपये के ऋण के बदले एजीएल की पूरी संपत्ति अपने हाथ में ले ली।

## नई अयोध्या : श्रीराम मंदिर से जुड़ेगा सरयू रिवरफ्रंट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की पावन नगरी अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के नेतृत्व में न केवल

**योगी सरकार में धर्म नगरी के साथ पर्यटन नगरी बन रही अयोध्या**

**पर्यटन विभाग 23.46 करोड़ की लागत से करा रहा निर्माण**

धार्मिक महत्व की प्रतीक बनी हुई है, बल्कि एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में भी उभर रही है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सरयू नदी के तट पर बन रहा सरयू रिवरफ्रंट अयोध्या की खूबसूरती और सुविधाओं को और बढ़ाने जा रहा है। यह रिवरफ्रंट श्रीराम मंदिर से जुड़कर पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा। पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 23.46 करोड़ रुपये की लागत से सरयू रिवरफ्रंट का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य अयोध्या को एक ऐसी नगरी के रूप में स्थापित करना है, जहां श्रद्धालु और पर्यटक दोनों ही आध्यात्मिक और सौंदर्यपूर्ण अनुभव प्राप्त कर सकें। रिवरफ्रंट के निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है, जिसमें सीढ़ियों पर पत्थर लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त, छतरियों के फाउंडेशन का कार्य भी प्रगति पर है, जो इस परियोजना को और भव्यता प्रदान करेगा। सरयू रिवरफ्रंट का निर्माण न केवल सरयू नदी के तट को सुंदर बनाने के लिए है, बल्कि यह पर्यटकों के लिए एक आधुनिक और सुविधाजनक स्थल के रूप में भी उभरेगा। इस रिवरफ्रंट पर श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान के साथ-साथ ध्यान, योग और अन्य आध्यात्मिक गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा, पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाएं जैसे बैठने की व्यवस्था, छायादार स्थल और सैर-सपाटे के लिए सुंदर पथ भी उपलब्ध होंगे। रिवरफ्रंट का डिज़ाइन इस तरह तैयार किया गया है कि यह प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ आध्यात्मिकता को भी संजोए रखे। श्रीराम मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या में सड़कों का चौड़ीकरण, हवाई अड्डे का निर्माण, रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि सरयू रिवरफ्रंट का निर्माण अयोध्या को एक नया आयाम देगा।



## स्वास्थ्य मंत्रालय में सक्रिय था हेराफेरी का बड़ा नेटवर्क

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** सीबीआई ने स्वास्थ्य मंत्रालय में मेडिकल कॉलेजों के लिए बने नियामक ढांचे में हेरफेर करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यह नेटवर्क मेडिकल कॉलेजों से सांठगांठ

**सीबीआई ने किया भंडाफोड़**

**14 अफसरों समेत 34 के खिलाफ मुकदमा**

**कॉलेज बेहतर रिपोर्ट हासिल करने के लिए देते थे रिश्वत**

करके मंत्रालय में चल रही प्रक्रिया और फाइलों की जानकारी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को मुहैया कराता था। मामले में सीबीआई ने 14 सरकारी अफसरों समेत 34 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीबीआई के मुताबिक इस नेटवर्क में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अधिकारी, बिचौलिए और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि शामिल थे। वे भ्रष्टाचार और मेडिकल कॉलेजों को नियंत्रित करने वाले नियामक ढांचे में हेरफेर कर रहे थे। सीबीआई ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि सिंडिकेट की जड़ें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में हैं। यहां के आठ आरोपी अधिकारियों ने बड़ी रिश्वत के बदले में बिचौलियों के एक नेटवर्क के जरिये गोपनीय फाइलों और संवेदनशील सूचनाओं को मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों तक पहुंचाया। सीबीआई ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बिचौलियों के साथ मिलकर मेडिकल कॉलेजों को एनएमसी की निरीक्षण प्रक्रिया में हेरफेर किया। साथ ही आधिकारिक सूचना से काफी पहले ही संबंधित चिकित्सा संस्थानों को निरीक्षण कार्यक्रम और निरीक्षण टीम की पहचान बताई। इसके बाद कॉलेज निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में हेरफेर करके सब कुछ सही दिखाकर बेहतर ग्रेड पा जाते थे। एफआईआर में कहा गया है कि कॉलेज और बिचौलिए ने बेहतर निरीक्षण रिपोर्ट हासिल करने के लिए निरीक्षण टीम को रिश्वत देते, गैर-मौजूद या प्रॉक्सी फैकल्टी की तैनाती करते और निरीक्षण के दौरान फर्जी रोगियों के भर्ती करते थे। सीबीआई ने कहा कि एनएमसी टीमों, बिचौलियों और मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों के बीच लाखों रुपये की रिश्वत का आदान-प्रदान किया जा रहा है। इसे हवाला के जरिए भेजा जा रहा है और मंदिर निर्माण के नाम पर किए गए रिश्वत सहित कई उद्देश्यों के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है।

## जिला कांग्रेस कमेटी के गठन के साथ ही त्यागपत्रों का सिलसिला

स्वतंत्र भारत उन्नाव। जिला कांग्रेस कमेटी के गठन होते ही त्यागपत्रो का सिलसिला चालू हो गया है। कमेटी में नव नियुक्त उपाध्यक्ष राम किशोर पाल ने यह कहते हुए त्यागपत्र दे दिया है कि वर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा के साथ काम करने में असमर्थ हूं। पार्टी में पूरी निष्ठा से कार्य करता रहूंगा। इसी प्रकार सचिव पद पर नव नियुक्त मयंक बाजपेई ने भी वर्तमान अध्यक्ष के साथ काम करने में असमर्थता जताई है।सचिव संजय सिंह ने भी वर्तमान अध्यक्ष के साथ काम करने में असमर्थता व्यक्त करते हुए त्यागपत्र दे दिया है। पार्टी में बने रहेंगे और कार्य करते रहेंगे।

## राजकीय अनुसूचित छात्रावास में छात्र छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रकिया

**स्वतंत्र भारत उन्नाव** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति ;दो बालक एवं एक बालिकाद्ध छात्रवास बाईपास उन्नाव में प्रवेश हेतु आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी एवं दूरस्थ निवासरत छात्रध्छात्राओं ;जिसमें 70 प्रतिशत अनुसूचित जातिध्जनजाति एवं 30 प्रतिशत सामान्य व अन्य पिछडा वर्गद्ध हेतु छात्रावासों में शिक्षा सत्र 2025.26 में इच्छुक छात्रध्छात्रायें प्रवेश हेतु स्वयं पोर्टल ीजजचेरूध्ध्नचेूकीउेण्पद पर ऑनलाइन आवेदन करें। घरेलू विद्युत कनेक्शन को पीण् एमण् सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप योजना का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु सुनहरा अवसर

## माँ से शराब पीने के पैसे न मिलने पर युवक ने निगला जहरीला पदार्थ इलाज के दौरान हुई मौत

थाना क्षेत्र में युवक ने मां से शराब के पैसे मांगने पर की कहा सुनी पैसे न देने पर जहरीला पदार्थ निगल लिया जिसके बाद आनन फानन में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई जहां पुलिस ने शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है अचलगंज थाना अंतर्गत बदरका चौकी क्षेत्र के बंथर में निवासी रविशंकर पुत्र स्व कामता 30 वर्ष बीते गुरुवार को शराब के पैसे अपनी मां से मांग रहा था और कहा सुनी हो गई पैसे न देने पर मौका देख युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया परिजनों ने युवक को बीहोशी हालत में देख आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई जिसके बाद बदरका चौकी पुलिस ने पहुंच कर शव का पचानामा भर कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है बदरका चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया युवक शराब के लिए अपनी मां से पैसे मांग रहा होगा न देने पर जहरीला पदार्थ निगल लिया जो सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई

## अज्ञात वाहन की टक्कर से आकर दो युवक घायल

**सफीपुर उन्नाव** तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से ई रिक्शा सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गएण्राहगीरों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से नजदीकी सी एच सी लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दियाण् कोतवाली क्षेत्र के नौबतपुर गांव निवासी राजकुमार 30 वर्ष पुत्र छेदीलाल अपने गांव के ही साथी बउआ 40 वर्ष पुत्र मोतीलाल के साथ ई रिक्शा पर सवार होकर सफीपुर कस्बा जा रहा थाण् तभी उन्नाव हरदोई मार्ग पर मेहंदी खेड़ा के समीप तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दीण् जिससे रिक्शा पलट गया और दोनो युवक उसके नीचे दब कर घायल हो गएण्आस पास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को ई रिक्शा के नीचे से निकालकर डायल 108 एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर पहुंचाया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने राजकुमार का पैर फ्रैक्चर होने के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दियाण्वहीं दूसरे घायल बउआ का सी एच सी में ही उपचार किया जा रहा है

## आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**उन्नाव** जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि 05 जुलाई 2025 को प्रातः 10ण्00 बजे से अपरान्ह 02ण्00 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में तहसील बांगरमऊए उन्नाव में होगाए जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण आदि मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार तहसील हसनगंज में मुख्य विकास अधिकारीए तहसील पुरवा में अपर जिलाधिकारी ;वि0रा0द्धए तहसील बीघापुर में अपर जिलाधिकारी ;न्यायिकद्धए तहसील सदर एवं सफीपुर में संबंधित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यदि किसी भी जनपदवासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत हैए तो वह सम्बन्धित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

## दलित किशोरी के साथ अमानवीय कृत्य का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



स्वतंत्र भारत सफीपुर उन्नाव
आठ वर्षीय दलित किशोरी के साथ अमानवीय कृत्य के 25 हजार के इनामी आरोपी को पकड़ने में हलकान पुलिस को एक सप्ताह बाद सफलता मिलीण् हाजिर होने के प्रयास में न्यायालय पहुंचा जहां पहले से घात लगाए पुलिस फोर्स ने आरोपी को धर दबोचाण् उसके पास से बरामद झोले से बुरखा निकला जिसे पहन वह एक सप्ताह तक पुलिस की पकड़ से दूर रहने में सफल रहा था कोतवाली क्षेत्र एक गांव में एक सप्ताह पूर्व किराने की दुकान पर सामान लेने गई आठ वर्षीय किशोरी के साथ दुकान संचालक ने अश्लील कृत्य किया थाण्किशोरी के बताने के बाद मा की सूचना पर जब तक पुलिस सक्रिय होती आरोपी नौशाद भाग खड़ा हुआ जब रात्रि बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर रहा तो एस पी के निर्देश पर एस ओ जी सहित तीन टीमे लगाकर आरोपी की तलाश शुरू की गई पर नौशाद बुर्खे की मदद से पुलिस को चकमा देने में सफल रहाण्समय बीता तो पासी समाज के संगठनों के पदाधिकारियों ने गाव पहुच पीड़िता के परिजन व पुलिस से मुलाकात कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज करने की मांग की थीण्घटना के बाद गाव पहुचने वाले संगठनों के पदाधिकारियों व आरोपी के पुलिस की गिरफ्त से दूर रहने पर गाव में बढ़ते तनाव के मद्देनजर एक सप्ताह से पी ए सी सहित पुलिस की टुकड़ियां मौजूद रही

इस संबंध में एस ओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि सूचना मिली थी कि अश्लील कृत्य में 25 हजार का इनामी आरोपी नौशाद अदालत में हाजिर होने के प्रयास में है जिसे लेकर पुलिस घात लगाए मौजूद थी शुक्रवार लगभग 10रू45 बजे न्यायालय के गेट नंबर तीन के पास आरोपी नौशाद पुत्र माशूक अली नजर आया जिसे घेर कर पकड़ लिया गया आरोपी के हाथ मे एक झोला था जिसमे बुरखा था जिसका प्रयोग कर वह अपनी पहचान छिपाने के लिये करता था आरोपी के एक सप्ताह तक फरार रहने में सहयोग करने वाले लोगो की भी जानकारी जुटाई जा रही है ।



## हज़ारों श्रद्धालुओं ने चखा जगन्नाथ जी का भंडारा

### सहयोगियों का हुआ सम्मान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** नगर में भगवान जगन्नाथ जी की 30वीं भव्य यात्रा के उपरांत स्थानीय कात्यायन गेस्ट हाउस में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। सदर विधायक पंकज गुप्ताए पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानूए पूर्व पालिकाध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता ने समिति पदाधिकारियों के साथ पूजन आरती के साथ भंडारे का शुभारंभ कराया। मुख्य सेवायत कृष्णप्रिय मोती श्यामए अध्यक्ष राम प्रकाश चौरसियाए महामंत्री विजय गुप्ता ने सहयोगियों और अतिथियों को प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। महिला मंडल अध्यक्ष निम्मी अरोराए कोषाध्यक्ष निर्भय निगमए व्यवस्थापक राजेश दुबे व संजीव गुप्ता राजाए निर्भय सिंहए राजू गुप्ताए मनोज निगमए अजय गुप्ताए सचिन वर्माए धर्मेंद्र वर्माए साधना दीक्षितए उमा शुक्लाए वंदना त्रिपाठीए सुभाष गुप्ताए स्वागताध्यक्ष अरविंद वर्माए मीडिया प्रमुख मनीष सिंह सेंगरए आरती यादवए संजय गुप्ताए निशीथ श्रीवास्तवए गुड़िया चौहानए राजन मिश्राए अरविंद श्रीवास्तवए राहुल कश्यप आदि का योगदान रहा। भंडारे के बीच श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्णए भगवान बलभद्र और सुभद्रा जी के दर्शन कर सुमधुर भजनों में आत्ममुग्ध होते दिखे।

## जिला विद्यालय निरीक्षक के बीच शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर वार्ता



**स्वतंत्र भारत उन्नाव** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ;चन्देल गुटद्धजनपद उन्नाव के जिलाध्यक्ष हरिहरप्रसाद दीक्षित की अध्यक्षता में एवं जिला मंत्री राम शंकर के निर्देशन में प्रदेशीय मंत्री रमाशंकर मिश्रा ;मुन्नाद्धकी गरिमामयी उपस्थिति में संगठन का प्रतिनिधि मंडलरू. मंडलीय संयोजक वीरेंद्र विक्रम सिंहए कोषाध्यक्ष सत्य नारायण सिंहए आय .व्यय निरीक्षक सूर्य कान्त तिवारीए सह .संयोजक चन्द्र प्रकाश शुक्ला ;छुन्नाद्धए मीडिया प्रभारी रमेश चन्द्र गुप्ताए प्रशांत पालएअजय सिंहए वीरेन्द्र सिंहए हृदय राम आदि ने शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त जी से पूर्व निर्धारित समयानुसार मुलाकात कर निम्नांकित समस्याओं पर सकारात्मक वार्ता किया उन्नाव के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के एनण्पीण्एसण्से ओण्पीण्एसण्में आच्छादित शिक्षा निदेशालय से निर्गत सूची में शामिल ;32 व 40 द्ध 72 शिक्षकों का एनण्पीण्एसण् के प्रान खाते में शिक्षकों की जमा धनराशि को अविलम्ब सम्बन्धित शिक्षकों के जीण्पीण्एफण् खाते में अतिशीघ्र हस्तांतरित किया जाय। श्रीमती अनुराधा देवी ; सण्अण्द्धएपटेल जनहित इण्काण्मैनहा उन्नाव का चयन वेतनमान प्रकरणए जो आपके कार्यालय में दिनांक 23ण्12ण्2023 से लम्बित है। अविलम्ब निस्तारित कराने का कष्ट करें। 3ण् श्री अनिमेष सिंह गौर ; सण्अण्द्धए सुभाष इण्काण्बांगरमऊ उन्नाव का प्रवक्ता पद पर पदोन्नति प्रकरणए जो आपके कार्यालय में दिनांक 21.10.2024 से लम्बित हैएको यथाशीघ्र निस्तारित कराने का कष्ट करें। 4 ण्श्री हरीराम व्यावसायिक अतिथि विषय विशेषज्ञए महात्मा गांधी इण्काण् सफीपुरए उन्नाव का सेवाविस्तार सम्बन्धी प्रकरण आपके कार्यालय में दिनांक 21.3.2024 से लम्बित। 5ण् श्री रमाकान्त त्रिपाठी व्यावसायिक अतिथि विषय विशेषज्ञए डाण् जीण्नाथण्जीण्बालिका इण्काण्उन्नाव के सेवाविस्तार का प्रकरण दिनांक 10.5.2024 से आपके कार्यलय में लम्बित। 6ण् प्रशिक्षित स्नातक वेतनक्रम एवं प्रवक्ता वेतनक्रम संवर्ग की वरिष्ठता सूची अतिशीघ्र निर्गत कराया जाय। 7ण् आपके कार्यालय में लम्बित समस्त पदोन्नति प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र पदोन्नति आदेश निर्गत किया जाय। 8ण् विगत वित्तीय वर्ष मे हुई आयकर कटौती के सापेक्ष 26 ै को अपडेट कराते हुए फार्म 16अतिशीघ्र उपलब्ध कराया जाय। 9ण् नोशनल वेतनवृद्धि से सम्बन्धित प्रकरणों का अतिशीघ्र निस्तारण कराया जाय। 10ण् वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सेवा सुरक्षा प्रदान करते हुए ऐसे विद्यालयों के शिक्षकों की प्रमाणिक सूची संगठन को उपलब्ध कराया जायए ताकि वित्तविहीन शिक्षकों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हो सके। 11ण् जनपद उन्नाव के माध्यमिक विद्यालयों में दूसरे विद्यालय से स्थानांतरित होकर अन्य विद्यालयों में आये हुये शिक्षकों को विधिक प्रक्रिया का अनुपालन कराते हुए अतिशीघ्र कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित किया जाय। 12ण् आपके कार्यालय में लम्बित चयन वेतनमानध्प्रोन्नति वेतनमान प्रकरणों का शीध्र निस्तारण किया जाय।

## मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र में विकास हेतु मांग पत्र दिया



**स्वतंत्र भारत फतेहपुर चौरासी उन्नाव** नगर पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नगर पंचायत मैं पेयजल मार्ग प्रकाश आदि मूलभूत योजनाओं की मांग की है। इस दौरान उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश जयसवाल ने शुक्रवार को लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मुलाकात कर नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में नगर वासियों की मूलभूत सुविधाओं को जैसे पेयजलए मार्ग प्रकाशए जल निकासीए नाली निर्माण आदि के कार्यो को कराने की मांग की है। नगर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश जयसवाल ने बताया कि उनके मांग पत्र पर मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही है नगर पंचायत को धन निर्गत कराकर उक्त विकास कार्य करवाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र दीक्षित एवं जिला मंत्री संदीप शुक्ला भी मौजूद रहे।

## हर घर सोलर सिस्टम लगाओ अपना बिजली बिल घटाओ सरकारी अनुदान पाओः

**स्वतंत्र भारत उन्नाव** परियोजना प्रभारी यूपीनेडा ने बताया है कि पीण्एमण् सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप योजना के संबंध में दिनांक.04 जुलाईए 2025 को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के अतिरिक्त परियोजना निदेशकए डीण्आरण्डीण्एण् उन्नावए परियोजना प्रभारीए यूपीनेडाए अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड.जनपद उन्नाव अग्रणी जिला प्रबन्धक व अन्य बैंक के जनपदीय कोआर्डिनेटर्स तथा पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत जनपद की पंजीकृत फर्मो द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में प्रभारी परियोजनाए यूपीनेडा द्वारा जनपद में पी0एम0सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए संयंत्रों की स्थापना में शासन द्वारा प्रदान की जा रही अनुदान आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी एवं इम्पैनल्ड फर्मो के प्रतिनिधियों द्वारा भी कार्यक्रम के संबंध में अपने.अपने विचार व्यक्त किये गये। चर्चा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पी0एम0सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत फर्मो द्वारा बतायी गयी समस्याओं के निस्तारण हेतु बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया। उपभोक्ताओं के मध्य अधिकाधिक प्रचार.प्रसार के दृष्टिगत अधिक से अधिक कैम्प लगाकर जनमानस की जानकारी हेतु प्रचार.प्रसार किये जाने की आपेक्षा की गयी जिससे शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ जनमानस को प्राप्त हो सके। उक्त के अतिरिक्त शासन के निर्देशानुसार पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में एक मॉडल सोलर गाँव का चयन किया जाना है।

# कानपुर देहात समाचार

## पुरानी जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप पुलिस में की गई मामले की शिकायत

**कानपुर देहात।** चौकी तिश्ती क्षेत्र के अंतर्गत पिम्मानिवादा गांव निवासी अमित यादव ने बताया कि गांव में उनकी पूर्वजी जगह है जहां पर वह कई वर्षों से रह रहे हैं उनके पिताजी के चार भाई हैं। जिनमें सुरेंद्र सिंहए रघुवीर सिंहए ज्ञान सिंह व रामविलास पुत्रगण राजेंद्र प्रसाद हैं। पीड़ित का पूर्वजी मकान गिरकर ध्वस्त हो गया है। जिसमें पारिवारिक सुरेंद्र सिंह उनके बेटे बबलूएभूराए राजू आदि लोग जबरदस्ती कब्जा करना चाहते हैं और उन्होंने जेसीबी मशीन चलवाकर उसमें बाउंड्री बनाने का काम कर रहे हैं। युवक के मना करने पर उक्त लोग गाली गलौज करते हुए झगड़ा करने पर आमादा हो गए। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली हैए जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला के साथ मारपीट कर छीन ले गए जेवरात

**शिवली** कोतवाली क्षेत्र के गांव देवीपुर में दबंगों ने विधवा महिला के साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के साथ महिला के जेवर आदि भी लूट लिए। मारपीट से महिला को काफी चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव देवीपुर निवासी स्व शंकरलाल की पत्नी सोनिया ने बताया कि दो जुलाई की सुबह काम करने के लिए वह खेतों पर गई थी। वहां पहले से मौजूद प्रेमबाबू पुत्र गंगारामए नमो नारायण पुत्र मालिकए प्रदीप पुत्र नमो नारायण और उदित पुत्र किशन लाल को सोनिया को घेर लिया। गलत मंशा समझने के बाद सोनिया ने विरोध किया। इस पर प्रेमबाबू आदि ने मारपीट शुरू कर दी। धारदार हथियार का भी इस्तेमाल किया। आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने सोनिया के गले में पड़ी सोने की चेन और कान के बाले निकाल लिए। सोनिया को मरणासन्न छोड़कर हमलावर भाग निकले। घटना की जानकारी पर सोनिया के घर के लोग मौके पर पहुंचे और 112 पर पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद पिटाई से घायल महिला को पहले सीएचसी ले जाया गया वहां से उसे हैलट रिफर कर दिया गया। घटना के बारे में पुलिस में लिखित शिकायत की गई है।

## बाइक सवार नीलगाय से टकरा, एक की मौत

**भीतरगांव।** बीती देर रात साढ़ थाना क्षेत्र के बिरहर नाले के पास अचानक नीलगाय के आ जाने से बाइक सवार की जोरदार टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार मामा भांजे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा गोपालपुर स्थित एक डाक्टर के यहां छोड़ते हुए परिजनों को सूचना दी जब तक परिजन उसे लेकर घर पहुंचे तब तक मामा की मौत हो गई जबकि भांजे का उपचार जारी है। साढ़ थाना क्षेत्र के गाजीपुर निवासी अनिल कुरील पुत्र प्यारे लाल ने बताया दो दिन पूर्व थाना खागा निवासी सुरेश कुरील 46 गांव निवासी अपने बहनोई के यहां आया था दो दिन पूर्व वह भांजे अनिल को लेकर बाइक से एक तेरहवीं कार्यक्रम से गाजीपुर लौट रहा था जैसे ही वह बिरहर नाला के पास पहुंचा तभी अचानक सड़क पार कर रहे नीलगायों के झुंड से टकरा गया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों ने घायलों को गोपालपुर स्थित एक डाक्टर के यहां छोड़ते हुए परिजनों को सूचना दी। बताया जाता है कि मौके पर पहुंचे परिजन घायलों को लेकर जब तक गाजीपुर गांव पहुंचते तब तक सुरेश कुरील की मौत हो गई वही भांजे अनिल को परिजनों द्वारा कानपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही।साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट और तहरीर के मुताबिक आगे की कार्यवाही को जा रही।

## सर्राफा व्यापारी के सिर पर मारा डंडा, झोंकी लाल मिर्च, फिर आराम से उसे लूटा

**भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई वारदात से पूरे जिले में फैली सनसनीए अपने आभूषण प्रतिष्ठान को बंद कर वापस घर जाने के दौरान व्यापारी को लुटेरों ने बनाया अपना शिकारए वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंच शुरू की छानबीन**



**फोटो परिचय ययय मौके पर छानबीन करती पुलिस तथा घायल व्यापारी**

**माती कानपुर देहात** पुलिस की तमाम सक्रियता के बीच भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में लूट की बड़ी वारदात हुई हैए यहां दुकान बंद कर वापस घर जा रहे सर्राफा व्यवसायी के सिर पर डंडा मारने के बाद बदमाशों ने उसकी आंखों में मिर्च झोंक दी। इसके बाद पूरे इत्मिनान के साथ व्यवसायी को लूटाए जानकारी पर स्थानीय पुलिस अफसरों के साथ पुलिस कप्तान भी मौके पर पहुंचे। लुटेरों की तलाश शुरू हुई हैए भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरौधा कस्बे के टंडन बाजार निवासी सर्राफा कारोबारी सोमनाथ गुप्ता पुत्र रामचंद्र पुखरायां के नगर पालिका रोड पर संचालित अपने आभूषण के प्रतिष्ठान को बंद कर गुरुवार की रात्रि लगभग 8 बजे अपने घर जा रहे थेए बताया गया कि पिपरी से अमरौधा की तरफ जैसे ही वह आगे बढ़े वैसे ही पहले से घात लगाए बैठे दो बदमाशों ने उनके सिर पर डंडा मार दिया जिससे वह नीचे गिर पड़े इसी बीच दूसरे बदमाशों ने उनकी आंखों में लाल मिर्च का पाउडर झोंक दियाए सोमनाथ के अनुसार आंखों में लाल मिर्च जाने से वह बुरी तरह छटपटा उठेएइतने में बदमाशों ने उनके झोले में रखे 1 किलो चांदी और सोने के जेवरात सहित लगभग 20. हजार की नगदी तथा मोबाइल छीन लिया और जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। किसी प्रकार घायल व्यापारी पास के पेट्रोल पंप पहुंचा और वहां कर्मचारियों से सहयोग लेकर भोगनीपुर थाना पुलिस को सूचना दी। मामला आभूषण व्यापारी संग हुई लूट का होने के चलते कोतवाल अमरिंदर बहादुर तत्काल मौके पर पहुंचे और आला अधिकारियों को घटना से अवगत कराते हुए छानबीन शुरू कीए इसी बीच पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा एवं अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय भी मौके पर पहुंचेए आलाधिकारियों के निर्देश पर इलाके की नाकाबंदी कराकर बदमाशों की तलाश शुरू कराई गई लेकिन देर रात्रि तक पुलिस को कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी।

## दुखी परिजनों से मिल वीर सेन ने प्रदान की सांत्वना

**माती कानपुर देहात** समाजवादी पार्टी के प्रांतीय नेता पूर्व सपा जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सेन यादव का लोगों से मिलने संबंधी दौर शुक्रवार को भी अनवरत जारी रहाए कंचन मठी निवासी प्रख्यात समाजसेवी ईश्वर चंद्र यादव की गत दिवस हृदय गति रुक जाने से हुई मौत की जानकारी लगते ही शुक्रवार को पूर्व सपा जिला अध्यक्ष दुखी परिजनों से मुलाकात करने उनके आवास पर पहुंचे उन्होंने कहा कि जीवन मरण तो ईश्वर के हाथ में होता है इस पर इंसान का कोई वश नहीं होता है लेकिन आवश्यकता पड़ने पर जब परिवार का सदस्य उन्हें याद करेगा वह समर्पण भाव से सेवा के लिए समर्पित दिखाई देंगे। गौर तलब रहें कि कंचन मठी निवासी प्रख्यात समाजसेवी ईश्वर चंद्र यादव का गत दिवस हृदय गति रुक जाने के चलते निधन हो गया घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी क्योंकि हर कोई श्री यादव को अपना परम स्नेही मानकर उनकी बातों पर विश्वास करता था श्री यादव के निधन की जानकारी लगता ही पूर्व सपा जिला अध्यक्ष जिला पंचायत की पूर्व सदस्य मीरा यादव के सम्मानित पति चौधरी वीर सेन यादव अपने समस्त कार्यक्रमों को छोड़कर दुखी परिजनों के पास पहुंचे उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं है बल्कि एक विचारधारा और एक परिवार है इसलिए इस परिवार में यह परंपरा है कि परिवार के किसी सदस्य पर किसी प्रकार की कोई तकलीफ आती है तो परिवार के समस्त लोग उसके साथ खड़े हो जाते हैं उन्होंने कहा कि ईश्वर की बनाई इस दुनिया में एक न एक दिन सभी को जाना होता है आज आवश्यकता इस बात की है कि श्री यादव के विचार और उनके प्रयास हम अपनी मेहनत से सार्थक करने का कार्य करें जिससे उनको आत्मा शांति प्राप्त हो सकेए कार्यक्रम के दौरान ठाकुर प्रसाद यादव महेंद्र सिंह राजा सिंह डॉक्टर चंदन सिंह राम शंकर प्रजापति मोनू विश्वकर्मा विपिन यादव राजू यादव बृजेश गौतम आदि मौजूद रहे।।

## अकबरपुर पहुंचे नेरोलेक पेंट्स कंपनी के एमडीए मनीष व पीयूष गुप्ता को किया सम्मानित

**कानपुर देहात।** किफायती और भरोसेमंद इंटीरियर व एक्सटीरियर पेंट्स बनाने वाली प्रसिद्ध कंपनी नेरोलेक के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीन चौधरी शुक्रवार को अकबरपुर पहुंचे। यहां पेट्रोल पंप तिराहे के पास स्थित मेसर्स हरीराम गुप्ता के प्रतिष्ठान पर उनका अभिनंदन किया गया। एमडी ने व्यवसाय में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठान के संचालकों मनीष गुप्ता और पीयूष गुप्ता को बधाई दी। साथ ही सम्मानित भी किया। नेरोलेक कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री चौधरी के साथ सीनियर बीपी राम मेहरोत्राए जीएम ईश मदानए आरएसएम मनीष भारद्वाजए एएसएम कुशाग्र मिश्रा और टीएसई रजनीकांत शुक्ला भी रहे। उन्होंने मेसर्स हरीराम गुप्ता प्रतिष्ठान के काम.काज और ग्राहकों की रूचि के बारे में जानकारी हासिल की। व्यवसाय में बढ़िया प्रदर्शन करने और निर्धारित लक्ष्य पूरा करने पर श्री चौधरी और उनकी टीम ने प्रतिष्ठान संचालक मनीष और पीयूष गुप्ता को इयर 2025 के डबल कोर क्लब अचीवमेंट का सम्मान प्रदान किया। इसके पहलेए प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सहित सभी टीम के लोगों को प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हार्दिक कौशलए सुमित यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## रेंजर व प्रधानाचार्य ने कॉलेज में कराया पौधरोपण, छात्र-छात्राओं को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश्ज्ञ

**कानपुर देहात।** कस्बे में स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए आर पी एस इंटर कॉलेज विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बच्चों से वृक्षारोपण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने फलदार और छायादार पौधे लगाए। लगातार वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर एक.एक पेड़ लगाने की अपील की थी। उसी कार्यक्रम के अंतर्गत कस्बे में स्थित आर पी एस इंटर कॉलेज में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत राजू सिंह गौरए प्रधानाचार्य डीपी शुक्लाए रेंजर तौसीफ अहमद की मौजूदगी में वृक्षारोपण हुआ। उस मौके पर उपप्रधानाचार्य अजय पाल यादव एव्यायाम शिक्षक जितेंद्र त्रिपाठी बंगाली बाबू शुक्लाए दुर्गेश त्रिपाठीए विनीत दुबेएअवधेश पाल जितेंद्र यादव ओंकार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।







# रंजिश में अधेड़ को अगवा कर हथौड़े से पीट-पीट कर की हत्या

**-पुलिस ने इटावा से हत्यारोपी पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार**

कानपुर। सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश में अधेड़ का अपहरण कर पीट- पीट कर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने शव को डाढ़ेपुरवा गांव के पास निकली नहर में फेंक दिया। 36 घंटे बाद जब युवक का शव मिला, तो ग्रामीणों के साथ परिजनों ने थाने का घेराव कर दिया। बिनगवां बस्ती निवासी ट्रैक्टर चालक विमल कुमार को बीती दो जुलाई को रमईपुर निवासी इरफान खान अपनी एसयूवी कार में बैठाकर ले गया था। उस समय विमल पास में रहने वाले अपने चाचा के साथ घर वापस लौट रहा था।



परिजनों का कहना है कि काफी खोजबीन के बाद जब विमल नहीं मिला, तो चौकी में इसकी सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि विमल जानलेवा हमले के एक मामले में मुख्य गवाह थे। इस केस की अंतिम सुनवाई 12 जुलाई को होनी थी। जिस समय इरफान अपने साथियों के साथ विमल को ले गया, उसका सीसीटीवी वीडियो भी परिजनों को मिला। इसके बाद शुक्रवार को नहर में विमल का शव उतराता हुआ मिला, तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को जब निकलवाया तो मृतक के सिर पर लाठी-डंडों से चोट के निशान मिले। साथ ही गले में अंगौछा फंसा मिला। बताया जा रहा है कि पुलिस ने गुरुवार रात इरफान को इटावा से गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ पर उसने हत्या कबूल कर ली और बताया कि आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर नहर किनारे विमल के मुंह को अंगोछे से बांधकर उसके चेहरे और सिर पर हथौड़े से हमला किया गया और फिर शव को पनकी नहर में फेंक दिया गया।

**एक मुकदमें में विमल था गवाह** शिवम ने बताया कि बीते तीन साल पहले पिता का इरफान के पिता जाकिर से करीब 6 हजार रुपए को लेकर विवाद हुआ था। जिस पर विमल के मित्र खागल ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, जिस पर जाकिर ने खागल के सिर पर डंडे से हमला कर दिया था, जिसमें वह करीब एक माह अस्पताल में भर्ती रहे थे। खागल ने जाकिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें पिता गवाह बने थे। इसी बात को लेकर आरोपी विमल से रंजिश रखते थे।



## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दो डॉक्टरों को किया गया सम्मानित

कानपुर। इनरव्हील क्लब ऑफकानपुर विदुषी का नए सत्र का आरंभ शुक्रवार का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शहर की डॉ निधि निगम और डॉ अंकिता गुप्ता को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ निधि निगम ने सर्वाइकल कैंसर पर क्लब सदस्यों को जागरूक किया व लड़कियों में फैब्रॉयड की समस्या के लिए स्वास्थ्य टिप्स भी दिए। विदुषी क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट व इस सत्र की इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 311 र्की जेडपीसी पोस्ट पर नियुक्त डॉ सबा यूनुस ने बताया डाक्टर्स डे को मनाने का हमारा मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों के अथक प्रयासए समर्पण और निस्वार्थ सेवा भाव के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करना है। सम्मान समारोह का आयोजन क्लब सक्रेटरी नीरजा गुप्ता द्वारा किया गया। क्लब की सदस्य डॉ अनीता निगम, रुचि अग्रवाल आदि लोग मौजूद रही।

## वेतन की मांग को लेकर जल निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन



कानपुर। जल निगम कार्यालय के बाहर उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति ने शुक्रवार को धरना दिया। समिति के संयोजक शिव गोविंद ने बताया कि दिसंबर से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। जल निगम को ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाजित किया गया है। शहरी क्षेत्र के कर्मचारी पिछले कई महीनों से वेतन की समस्या से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों को छठे वेतनमान के अनुसार भुगतान किया जा रहा है। सातवां वेतनमान अभी तक लागू नहीं हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन मंडल आयुक्त के माध्यम से भेजा है। ज्ञापन में बकाया वेतन के भुगतान और सातवें वेतनमान को लागू करने की मांग की गई है। कर्मचारियों का कहना है कि डीए का भुगतान भी नियमानुसार नहीं हो रहा है।

## गुरू पुर्णिमा को लेकर एसडीएम व एसीपी ने किया ड्योढ़ी घाट का निरीक्षण



**कानपुर।** गुरू पुर्णिमा दस जुलाई को है। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा और एसीपी चकेरी पूर्वी अभिषेक पांडे ने ड्योढ़ी गंगा घाट का निरीक्षण कर गुरू पुर्णिमा की तैयारियों का जायजा लिया। अफसरों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए निर्देश दिए हैं। अफसरों ने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाए साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए गंगा घाट पर पीएसी गोताखोर भी तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने गंगा के गहरे पानी में न नहाने की चेतावनी दी है। घाट पर साफ-सफाई के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर मनाए जाने वाले इस त्योहार पर श्रद्धालु गंगा स्नान करते हैं। वे अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं और उनसे आशीर्वाद लेते हैं। निरीक्षण के दौरान महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे, नायब तहसीलदार आशीष कुमार, पंचायत सचिव, मंदिर के पुजारी और अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## वर्षों पूरानी मां काली की प्रतिमा को किया खंडित, आरोपी गिरफ्तार



कानपुर। महाराजपुर में वर्षों पूरानी मां काली की प्रतिमा को बाइक सवार दो अधेड़ व्यक्तियों ने खंडित कर दिया। पुजारी के विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया। रात भर उन्हें मंदिर में बैठाए रखा। सुबह डायल 112 को सूचना दी गई। सूचना पर एसीपी चकेरी व महाराजपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। महाराजपुर के भेवली गांव में सौ वर्ष पूरानी मंदिर में दो अधेड़ व्यक्तियों ने भोर पहर मां काली प्रतिमा को खंडित कर दिया। ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया, जिसमें से एक गैर समुदाय का है। मंदिर के पुजारी पारस ने बताया कि मध्य रात्रि दो अधेड़ व्यक्ति मंदिर के पास मोटरसाइकिल खड़ी करके अंदर चले गए और भगवान श्रीराम और अन्य देवी-देवताओं को गालियां देते हुए तोड़फोड़ कर रहे थे। आवाज सुनकर पुजारी ने अपने साथ रह रहे एक बच्चे लवकुश को गांव के अंदर भेजा। इसके बाद शोर मचाकर अन्य लोगों को बुलवाया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तोड़फोड़ कर रहे दोनों अधेड़ व्यक्तियों को मंदिर के अंदर ही बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की जा रही है। आरोपियों में एक का नाम शीतला प्रसाद निषाद निवासी श्यामनगर व दूसरे का नाम शाहिद निवासी बासमंडी है। एसीपी चकेरी अभिषेक पांडेय और महाराजपुर थानाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने मौके का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मंदिर की प्रतिमा काफी पुरानी है और तत्काल इतनी बड़ी प्रतिमा मिलना मुश्किल है। प्रतिमा बनवाने के लिए कहा गया है, फिलहाल प्रतिमा के खंडित भाग दाहिनें हाथ को प्लास्टर की मदद से जोड़ दिया गया है। इससे पूजा-पाठ प्रभावित न हो, जितनी जल्दी प्रतिमा बन जाएगी। उसको भव्य रूप से पुनः प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। एसीपी चकेरी अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों आरोपी नशे में धुत पाए गए हैं। शरारत करते हुए ही प्रतिमा को खंडित किया गया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है।

## छात्र जीवन की यादों एवं संघर्षों से मिली उपलब्यियों को गौरव खन्ना ने किया साझा




**-जयपुरिया स्कूल ने सेलिब्रिटी मास्टर इंडिया विजेता का किया सम्मानित**

कानपुर। शुक्रवार को सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में आयोजित भव्य समारोह में पूर्व छात्र व टेलीविजन के प्रसिद्ध अभिनेता सेलिब्रिटी मास्टर इंडिया विजेता गौरव खन्ना शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश तिवारी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद पारंपरिक रीति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर छात्रों ने एक मधुर समूह गान प्रस्तुत किया। इसके बाद अभिनेता गौरव खन्ना ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने जयपुरिया में बिताए अपने छात्र जीवन की मधुर यादों एवं संघर्षों से मिली उपलब्धियों को साझा किया। इस अवसर पर भूतपूर्व छात्र समन्वयक द्वारा संचालित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों को श्री खन्ना से प्रत्यक्ष संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ। विद्यालय द्वारा गौरव खन्ना को एक विशेष सम्मान एवं कॉफी टेबल बुक स्वरूप आशीर्वाद स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। तत्पश्चात जयपुरियन विरासत विषय पर जयपुरियन ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप महेंद्रा का उत्साहवर्धक भाषण हुआ, जिसमें उन्होंने जयपुरिया की महान परंपराओं का उल्लेख किया। अंत में शिक्षकों के साथ सामूहिक चित्र ने इस अविस्मरणीय पुनर्मिलन को एक संजीव स्मृति में संजो दिया। यह दिन मात्र एक महान व्यक्तित्व की उपलब्धियों का उत्सव नहीं था, बल्कि जयपुरिया विद्यालय की उस गौरवशाली परंपरा का संजीव प्रमाण था, जो नेतृत्व करने की क्षमता का निर्माण करती है, विचारों को दिशा देती है और सपनों को साकार करती है। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एम के मिश्रा, उप प्रधानाचार्या मधुश्री भौमिक, विद्यालय के महाप्रबंधक शैलेंद्र अग्निहोत्री, सभी शिक्षक वर्ग एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

## सुगम यातायात व्यवस्था के उद्देश्य से डीएम ने ई-रिक्शा चालकों के साथ की बैठक

**-नगर निगम ने 20 स्थानों को पार्किंग हेतु किया चिन्हित**

कानपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में ई-रिक्शा संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने एआरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि ई-रिक्शा चालकों को लाइसेंस एवं अन्य जरूरी कागजात बनवाने के कार्य में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जाए। डीएम ने ई-रिक्शा संचालकों से रूट निर्धारण के संबन्ध में प्रस्ताव मांगे तथा डीसीपी ट्रैफिक से अपेक्षा की कि सुझाव तार्किक एवं यातायात व्यवस्था के अनुकूल होने पर ही स्वीकारे जाएं। ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि विकास कुमार ने सुझाव दिया कि प्रमुख स्थलों पर ई-रिक्शा स्टैंड बनाए जाएं, जिससे अनावश्यक जाम से राहत मिल सके। इस पर नगर निगम ने बताया कि उनकी सीमा में आने वाले 20 स्थानों को ई-रिक्शा पार्किंग हेतु चिन्हित किया जा चुका है। डीएम ने 13 जुलाई से पूर्व चिन्हित पार्किंग स्टैंड पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में शहर में सिटी बसों की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि फिलहाल 90 सीएनजी और 75 इलेक्ट्रिक बसें संचालित हैं। माह के अंत तक 100 और 28.सीटर इलेक्ट्रिक बसें मिलने की संभावना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी बसें निर्धारित स्टॉप पर ही रुकें,



जिससे यात्रियों को सुविधा हो और यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहे। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार, आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ कहकशां, एआरएम रोडवेज रामलवट तथा ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार वाजपेयी, कपिलदेव, देवेंद्र पाल और राजकुमार उपस्थित रहे।

**व्यक्ति खुद को बदल कर समाज को नई दिशा देता है** बैठक के दौरान एक रोचक प्रसंग सामने आया, जब ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के कहने पर पान मसाला खाना पूरी तरह छोड़ दिया है। लगभग दो माह पूर्व जनता दर्शन में विनोद कुमार ने अपनी निजी समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी थी। जिलाधिकारी ने समस्या सुनने के बाद गंभीर स्वर में कहा था पहले पान मसाला छोड़िए, फिर बात होगी। यह एक वाक्य विनोद कुमार के जीवन की दिशा तय करने वाला बन गया और उसी दिन से उन्होंने पान मसाला खाना छोड़ दिया। विनोद कुमार ने न केवल स्वयं यह लत छोड़ी, बल्कि अपने आसपास के छह अन्य ई-रिक्शा चालकों को भी इसके दुष्परिणाम समझाकर उन्हें भी छुड़वा दिया। उन्होंने बताया कि इस परिवर्तन से उनकी बेटी बहुत खुश है और घर में अब पहले से कहीं अधिक सकारात्मक माहौल है। बैठक में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने विनोद कुमार के संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति खुद को बदलता है, तो उसका असर केवल उस तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह समाज को भी दिशा देता है। इच्छाशक्ति से किसी भी बुरी आदत से छुटकारा पाया जा सकता है।

## खबर एक नजर

### अजगर निकलने से मचा हड़कंप, रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंपा

कानपुर। जाजमऊ में गुरूवार रात सात फीट का अजगर लोगों के बीच हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों व स्थानीय लोगों की मद्द से अजगर को पकड़ लिया गया। कुछ देर बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच अजगर को लेकर रवाना हो गई ।जाजमऊ के पोखरपुर क्षेत्र में शहनाई गेस्ट हाउस के पास गुरुवार रात तकरीबन 11 बजे एक बड़ा अजगर देखा गया। अजगर देखकर स्थानीय लोगों ने शोर मचाया। अजगर तकरीबन सात फीट लंबा था। क्षेत्रीय लोगों ने तुरंत ही पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर कुछ ही देर में शिव गोदावरी चौकी प्रभारी अनुज कुमार और पुलिसकर्मी पहुंच गए। पुलिस कर्मियों ने और स्थानीय लोगों ने मिलकर अजगर को रेस्क्यू कर पकड़ लिया। इसी दौरान सूचना पर वहां वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। वन विभाग की टीम अजगर को लेकर चली गई। शिव गोदावरी चौकी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया की अजगर काफी बड़ा था, लोग डर गए थे, लेकिन हम लोगों ने और स्थानीय लोगों ने मिलकर उसे पकड़ लिया। वन विभाग की टीम को सूचना दे दी गई थी। टीम आने के बाद अजगर को वन विभाग को सपुर्द कर दिया गया।

### अधिवक्ता ने भाजपा नेता को धमकी, एसपी को सौंपी गई जांच

कानपुर। एक अधिवक्ता ने भाजपा नेता को फोन पर धमकी देते हुए बोला कि कैबिनेट मंत्री के गेस्ट हाउस पर मिलो, नहीं तो बुरा हो जाएगा। भाजपा नेता इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर से की है। जिसकी जांच एसीपी कोतवाली को सौंपी गई है। शास्त्री नगर निवासी भाजपा नेता नवीन भाटिया ने बताया कि 3 जुलाई को वो अपने एक मुकदमें की तारीख में पैरवी के लिए कोर्ट गए हुए थे। वो अपने मित्र एडवोकेट पीयूष शुक्ला के चैम्बर में बैठे हुए थे। तभी दोपहर दो बजे उनके पास एक अधिवक्ता का फोन आया। अधिवक्ता ने धमकी देते हुए कहा कि तुम यह शहर भर में गाते घूम रहे हो कि मैने 15 लाख रुपए लिए तुमसे। इस पर भाजपा नेता ने कहा कि मैं जानता नहीं मैं क्यों कहूंगा यह। इसके बाद अधिवक्ता ने मुलाकात के लिये कैबिनेट मंत्री के गेस्ट हाउस में बुलाने का दबाव बनाया। जिसका विरोध करने पर अधिवक्ता ने धमकी देते हुए कहा कि अपने किदवई नगर वाले प्लाट पर मिलो, ज्यादा फालतू बात करोगे तो या मुलाकात नहीं करोगे तो तुम्हारे लिये अच्छा नहीं होगा और तुम्हारे साथ बहुत बुरा होगा। देख लेंगे कहते हुये फोन काट दिया। नवीन भाटिया ने पुलिस कमिश्नर को मामले में शिकायत दर्ज कराई है। एसीपी कोतवाली को जांच दी गई है। इधर भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री पोर्टल में भी शिकायत दर्ज कराई है।

### नथिंग ने पहला ओवर-ईयर ऑडियो प्रोडक्ट- हेडफोन पेश किया

कानपुर। लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की। नथिंग फोन, इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफोन और नथिंग हेडफोन, इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है। दोनों उत्पाद इनटेंशनल डिज़ाइन और बोल्ड इनोवेशन के साथ उपभोक्ता तकनीक की पुनर्कल्पना करने के नथिंग के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। नथिंग फोन स्मार्टफोन परफॉरमेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरुआत करता है। नथिंग फोन दो वेरिएंट के साथ काले और सफेद रंग के विकल्प में उपलब्ध होगा। विशेष लॉन्च ऑफर के रूप में प्री-बुक करने वाले ग्राहकों को उनके फोन के साथ नथिंग ईयर की बिक्री 15 जुलाई से फ्लिपकार्टए फ्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर पर शुरू होगी।

### जलभराव की समस्या से न मिला निजात तो करेंगे 7 को करेंगे प्रदर्शन

**कानपुर।** जूही में जलभराव की समस्या से जूझ रहे लोगों को निजात दिलाने के लिए अब मेट्रो कारपोरेशन ने पंप लगाकर स्वदेशी कॉटन मिल पर सीवर का पानी फेंकना शुरू कर दिया है। जिससे बस्ती में जलभराव की समस्या हो गई। जिससे बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। पार्षद ने कहा जलभराव की समस्या दूर न की गई तो सोमवार को घंटी बजाकर मेट्रो अधिकारियों को जगाने का काम किया जाएगा। 25 मई को जूही गढ़ा में मेट्रो कारपोरेशन की ओर से डाली गई सीवर लाइन लीकेज हो गई थी। जिसकी वजह से जूही के साथ-साथ जोन 3 और जोन 5 के लगभग आधा दर्जन से अधिक वार्डों में भीषण सीवर समस्या उत्पन्न हो गई। सीवर भराव के चलते पार्षदों ने पिछले दिनों मेट्रो का कार्य कर रही फर्म सेम इंडिया के जूही स्थित ऑफिस में धरना दिया था, जिस पर मेट्रो व प्रशासन ने सेम इंडिया से समस्या के निदान के लिए कहा था। सेम इंडिया ने 48 घंटे में समस्या के निराकरण की बात कही थी, लेकिन सीवर लाइन दुरुस्त करने के बजाए फर्म ने जूही हमीरपुर रोड स्थित स्वदेशी कॉटन मिल पार्क में पिछले एक सप्ताह से सीवर का गंदा पानी पंप लगाकर फेंकना शुरू कर दिया, जिसकी वजह से बस्ती में सीवर का पानी भरना शुरू हो गया है। पार्षद शालू कनौजिया ने बताया कि जलभराव से आसपास के लोगों को उल्टी-दस्त की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रविवार तक समस्या का निदान नहीं किया गया तो सोमवार को जीटी रोड स्थित मेट्रो कार्यालय में जनता के घंटी बजाकर प्रदर्शन करके अधिकारियों को जगाने का काम किया जाएगा।

## अमेरिका से आया कॉल, दीनू गैंग कब्जाना चाहता है मकान

**-डीसीपी ने नजीराबाद थाना प्रभारी को सौंपी जांच**



कानपुर। बसपा नेता हत्या के मामले में जेल में बंद दीनू के खिलाफ अमेरिका में बैठे एक इंजीनियर ने डीसीपी सेंट्रल को कॉल करके अपने बंगले पर कब्जे की कोशिश करने की शिकायत की है। इंजीनियर ने बताया कि दीनू गैंग ने उनके कैंसर पेशेंट पिता को तंग करके मकान पर कब्जा करना चाहता था। इतना ही नहीं दीनू के खौफके चलते बीते 8 साल से कानपुर नहीं आया। इंटरनेट पर नंबर सर्च करने के बाद डीसीपी सेंट्रल से संपर्क करके अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि अमेरिका में रहने वाले इंजीनियर अंशुल तिवारी ने फोन करके उनसे मदद मांगी। बताया कि अशोक नगर में उनका पुश्तैनी घर है। घर में 73 वर्षीय बुजुर्ग पिता अनिल तिवारी और ताऊ प्रमोद तिवारी परिवार के साथ रहते हैं। दीनू गैंग उनके करोड़ों के कीमती मकान में कब्जा करना चाहता है। मकान पर कब्जा करने के लिए एक फर्जी सिविल केस भी दाखिल कर रखा है। चौकी, थाने से लेकर अफ्सरों तक कई बार गुहार लगाई, लेकिन दीनू के रसूख के चलते किसी ने मदद नहीं की। डीसीपी ने बताया कि इंजीनियर बातचीत के दौरान फफक-फफक कर रोने लगा। बोला कि दीनू गैंग की दहशत के चलते 8 साल से वह अपने घर नहीं आया है। दीनू गैंग ने धमकाते हुए कहा था कि अगर कानपुर आए तो इतने मुकदमे दर्ज करवाऊंगा कि कॅरियर तबाह हो जाएगा, वापस विदेश नहीं जा पाओगे। इस वजह से वह अपने घर नहीं आ पाते और माता-पिता से मिलने के लिए खुद उन्हें विदेश बुलाना पड़ता है। अंशुल ने अपने 73 वर्षीय पिता की तरफसे डीसीपी को तहरीर दी है। तहरीर में आरोप है कि दीनू उपाध्याय उर्फधीरज, नीरज दुबेए राजन बाजपेई और अशोक बाजपेई उनके मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। डीसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच नजीराबाद थाना प्रभारी को सौंपी गई है। बुजुर्ग और कैंसर पीड़ित होने के चलते पुलिस खुद पीड़ित के घर जाकर उनसे संपर्क करके पूरे मामले की जांच करेगी। जल्द से जल्द जांच पूरी होते ही आरोपियों के खिलाफएफ्आईआर दर्ज करके कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# वंदन योजना से कराए जा रहे निर्माण कार्य की देखी गुणवत्ता

**अवर अभियंता ने पालिकाध्यक्ष पति के साथ देखा इन्टर लॉकिंग कार्य**



घाटमपुर। विधायक सरोज कुरील के प्रयासों से शासन द्वारा मंजूर किए गए वंदन योजना के 1ण्91 करोड़ से कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर का कायाकल्प शुरू हो गया है सड़कोंए टीन शेडए हाल सुंदरीकरणए वेटिंग रूम व कैंप कार्यालय जैसी सुविधाओं से परिसर सुसज्जित होगा। जिसके लिए शासन द्वारा पहली किस्त भी जारी कर दी है। कार्य दाई संस्था द्वारा निर्माण कार्य शुरू किए जाने पर शुक्रवार को अवर अभियंता अभिषेक कुमार ने पालिकाध्यक्ष पति हाफिज अब्दुल अहद के साथ निर्माण की गुणवत्ता देखी।उन्होंने परिसर में बिछाए जा रहे इन्टर लॉकिंग को मानक के अनुरूप रखने को कहा। पालिकाध्यक्ष गजाला तबस्सुम व अधिशाषी अधिकारी डाव महेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि विधायक की पहल पर शासन से स्वीकृत हुए 1ण्91 करोड़ में 58 लाख से भीतरगांव व कानपुर रोड पर टीन शेडए भीतरगांव रोड से कानपुर रोड को जोड़ने वाली सड़क 5ण्51 लाख से बनेगी। 7ण्94 लाख से इंटरलॉकिंग सड़कए 14ण्29 लाख से भीतरगांव तिराहे से मुख्य द्वार तक सीसी सड़कए 18ण्23 लाख से तालाब का इंटरलॉकिंग फुटपाथए 7ण्76 लाख से रेड स्टोन बेंचए 19ण्52 लाख से तालाब के पास वेटिंग रूम व 35ण्90 लाख से पालिका कैंप कार्यालय हॉल तैयार होगा।इसी तरह 6ण्97 लाख से वाटर कूलरए 6ण्08 लाख से मुख्य द्वार पर पत्थर लगाए जाएंगे। वहीं बिजली के खंभों में 4ण्40 लाख व सिंक बोर्ड में 6ण्11 लाख खर्च किए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि जिसके लिए एक करोड़ की पहली किस्त भी आ चुकी है।



## ज्योतिबा राव फुले सेवा समिति ने कराए छप्पन जोड़ों के विवाह

**फीरोजाबाद** महात्मा ज्योतिबा राव फुले सेवा समिति द्वारा भड़रिया नवमी के अवसर पर कोटला रोड स्थित बालकिशन गुप्ता जी की बगीची एडवांस वाटिका में आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत छप्पन जोड़ों के विवाह संपन्न कराए गए सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया के हमारी समिति द्वारा लगभग पिछले बीस वर्षों से गरीब कन्याओं के विवाह संपन्न कराए जाते हैं ऐसे विवाहों की आयोजन से फिजूल खर्ची पर रोक लगती है और समाज को दिखावे से भी बचाया जाता है सभी विवाह हिंदू रीति रिवाज के आधार पर कराए जाते हैं इन विवाह समारोह में सभी जातियों धर्म के लोग भाग लेते हैं इसी क्रम में आज दो मुस्लिम जोड़ों के भी विवाह उनके धर्म अनुसार कराए गए है आगे जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा अब तक पांच हजार जोड़ों के विवाह कराए जा चुके हैं इस पूरे आयोजन में समाजसेवी लोगों का भरपूर सहयोग मिलता है वर और कन्या पक्ष दोनों को घरेलू उपयोगी सामान सहित आभूषण भी प्रदान किए जाते हैं दोनों तरफ से आए हुए रिश्तेदारों के लिए उचित भोजन की भी व्यवस्था होती है

## अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में भीतरगांव के चंद्रप्रकाश ने फहराया परचम

**युगांडा में आज होगा अगला मुकाबला खेल प्रेमियों सहित परिजनों ने दी बधाई**



भीतरगांव। युगांडा के कंपाला में आयोजित युगांडा इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में भीतरगांव निवासी चंद्रप्रकाश ने एकल वर्ग एवं डबल वर्ग में उड़ीसा के खिलाड़ी के साथ जोड़ी बनाकर युगांडा के खिलाड़ियों को हराकर सेमी फाइनल में जगह बनाते हुए मेडल पक्का किया आज उनके अगले मुकाबले को लेकर खेल प्रेमियों परिजनों सहित मित्रगणों ने खुशी जताते हुए उन्हें अग्रिम बधाई दी।इंटरनेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी सी प्रकाश सबिता मूलरूप से भीतरगांव के निवासी है तथा वर्तमान में एनसीआरटी भोपाल में बतौर बाबू के पद पर कार्यरत है इसी मेहनत और लगन का परिणाम है कि वह अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता की ऊंचाइयों को छू रहे है। प्रतियोगिता के एकल वर्ग में उन्होंने कंबोडिया तथा युगांडा के खिलाड़ियों को हराकर क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया यह उनकी प्रथम अंतरराष्ट्रीय पदक पक्की करने वाली प्रतियोगिता है आज उनका अगला मुकाबला होगा जिसे लेकर परिजनों खेल प्रेमियों सहित साथियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## फोर्स के अभाव में टला अवैध दुकानों को हटाने का अभियान



घाटमपुर। ओवर ब्रिज के नीचे से शुक्रवार को अवैध दुकानों को फोर्स के साथ हटाए जाने का पालिका व पीएनसी का संयुक्त अभियान फिल हाल फोर्स न मिलने के चलते टाल दिया गया है।मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए फिलहाल फोर्स न मिल पाने के चलते अब 22 से पहले कभी भी अभियान चल सकता है। ओवर ब्रिज के नीचे सुंदरीकरण के लिए पालिका द्वारा करीब 25 लाख से रेलिंग लगवाए जाने के लिए 22 जुलाई को टेंडर खोले जाने हैं। जिसे देखते हुए फिलहाल उससे पहले अवैध दुकानें हटाए जाने का अभियान चलाया जाना तय माना जा रहा है। शनिवार को जिलाधिकारी के सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने को देखते हुए पालिका ने ओवर ब्रिज के नीचे लगने वाली अवैध दुकानों को हटाने के लिए शुक्रवार को अभियान चलाया जाना तय किया था।दुकानों को हटाने के लिए दुकानदारों को दो दिन की मोहलत दी गई थी।।जिनके लिए अब दुकानों को लगाने का एक मात्र विकल्प मंडी स्थल बताया गया था।सुंदरीकरण से पहले अवैध दुकानें हटाए जाने व उनके लिए दुकानों को लगाने का एक मात्र विकल्प मंडी स्थल होने का पालिका प्रशासन ने उन्हें पहले ही अल्टीमेटम दे दिया था।ताकि दुकानों को हटाए जाने से पहले वह अपना अपना विकल्प तलाश लें। पालिका के अधिशाषी अधिकारी डाव महेन्द्र कुमार का इस सम्बंध में कहना है कि मोहर्रम के त्यौहार के चलते फोर्स न मिलने को लेकर शुक्रवार को अभियान नहीं चल सका।जल्द ही ओवरब्रिज के नीचे लगने वाली अवैध दुकानों को हटाया जाएगा। उनको उप मंडी स्थल में जाकर दुकान लगाने का विकल्प दिया जाएगा। उल्लेखनीय हो कि बीती 3 मई के सम्पूर्ण समाधान दिवस में पालिका के सभासद ज्ञान सिंह की मांग पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने पालिका के अधिशाषी अधिकारी डाव महेन्द्र कुमार को बुलाकर योजना बनाकर मई माह में पूरा करने का टास्क दिया था। शिकायत थी कि ओवरब्रिज के नीचे अवैध रूप से फलए सब्जीए फूल व ठेलिया आदि की दुकानों से अतिक्रमण है। इन दुकानों में आने वाले ग्राहकों के वाहन बगल में सर्विस रोड पर खड़े हो जाते हैं। जो जाम लगने के साथ गन्दगी का भी शबब बने हुए हैं।इस पर डीएम ने पालिका ईओ को बुलाकर ओवरब्रिज के नीचे सुंदरीकरण करानेए यात्रियों के लिए गर्मी में बैठने की व पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। जिस के चलते पालिका द्वारा सबसे पहले करीब 25 लाख से रेलिंग रेलिंग लगवाए जाने के साथ सुंदरीकरण कराया जाएगा।

## विद्यालय पेयरिंग को लेकर शिक्षक अभिवावक संघ सहित ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

भीतरगांव;घाटमपुरद्ध। विकासखंड क्षेत्र में संचालित परिषदीय विद्यालयों में मानक के अनुरूप कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के पेयरिंग की जानकारी पर शिक्षक अभिवावक संघ सहित ग्रामीणों ने पेयरिंग का विरोध जताते हुए गांव के बच्चे गांव में ही पढ़े की गुहार लगाई। 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों में शुरू हुई तालाबंदी की प्रक्रिया के बीच शुक्रवार को साढ़ क्षेत्र के मनियापुर माधौपुर खेरवा आदि विद्यालयों के प्रबंध समिति के साथ पहुंचे अभिवावकों ने विद्यालयों के मर्ज किए जाने की प्रकिया पर विरोध जताया साथ ही कहा कि गांव से विद्यालय अन्यत्र मर्ज किए जाने का असर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा पर पड़ेगा छोटे छोटे बच्चे किस प्रकार दो से तीन किमी की दूरी तय कर विद्यालय पहुंचेंगे इन समस्याओं के मद्देनजर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए विरोध प्रदर्शन के दौरान अजय सिंह संदीप यादव रामनरेश अखिलेश रणवीर सिंह शैलू यादव कमलेश कुमारी विजय सिंह कमल सिंह पूरन सिंह आदि लोग मौजूद रहे और विरोध जताया।

## किशोरी से छेड़ छाड़ पर पिता ने की पुलिस से शिकायत

**घाटमपुर।** थाना सजेती थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में एक किशोरी के साथ छेड़ छाड़ करने वालों के खिलाफ पिता ने थाने में शिकायत की है। पुलिस के आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न करने पर पीड़ित एसीपी की चौखट पर पहुंचा। जहां उसने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर उसकी नाबालिग बेटी से आरोपियों ने छेड़ छाड़ की। उसने पुलिस को बताया कि 28 जून की शाम करीब चार बजे चौकी के करीब एक दुकान में मां के साथ बैठी समान खरीदने ग ई थी।वहां पर पहले से मौजूद आरोपियों ने बेटी को देख कर अश्लील बातें व गलियां बकना शुरू कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने कि धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि जिसकी शिकायत बीबीपुर चौकी प्रभारी से की लेकिन सुनाई न होने पर उसने एसीपी घाटमपुर व थानाध्यक्ष सजेती से भी शिकायत के साथ तहरीर दी है। चौकी इंचार्ज धवल सिंह ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

## कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर जनपद कानपुर देहात

पत्रसंख्या – 420/एन०पी0ए0/2025–26 दिनांक–04–07–2025

**कोटेशन सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अकबरपुर में एम०आर०एफ० सेंटर पर एकत्रित निष्प्रयोज्य सामग्री विक्रय किये जाने हेतु स्थानीय स्तर पर दरें प्राप्त की जानी हैं। जिस हेतु सीलबंद कोटेशन दिनांक 11–07–2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर में आमंत्रित किये जाते हैं। जो कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसी दिन समय अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित ठेकेदार/फर्म के समक्ष खोले जायेंगे। सशर्त कोटेशन स्वीकार्य नहीं हैं। किसी भी अथवा समस्त कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। शेष नियम एवं शर्तें किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में मालूम की जा सकती है। सामग्री का विवरण निम्नवत् है–

| क्र०सं० | सामग्री का विवरण | दर प्रति कि०ग्रा० | कार्यावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत अकबरपुर के अन्तर्गत एम०आर०एफ० सेंटर पर एकत्रित निष्प्रयोज्य सामग्री निस्तारण हेतु दरें प्राप्त करने का कार्य। (प्लास्टिक, प्लास्टिक बोतल, गत्ता, पॉलीथीन, लोहा/टिन, कॉच, एल्युमिनियम कैन, बोरी/कपड़ा) | –– | 7 दिवस |

(आशीष कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अकबरपुर
कानपुर देहात

(दीपाली सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत अकबरपुर
कानपुर देहात

## कार्यालय नगर पालिका परिषद अतर्रा जनपद–बांदा

पत्रांक– 147/न०पा०परि०/कम्प–सेल/2024–25 दिनांक 03/07/2025

**अल्पकालिक ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, अतर्रा जनपद बांदा के समस्त ठेकेदारों / अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि सीवरेज एवं जल निकासी योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 की प्राप्त धनराशि से ई–प्रिक्यर्मेण्ट बेबसाइट http://etendar.up.nic.in के माध्यम से निविदाएं दिनांक 09/07/2025 से 29/07/2075 को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई–प्रिक्योमेण्ट के माध्यम से अपलोड निविदा की तकनीकी बिड़े जैसे निविदा मूल्य (जी०एस०टी० सहित) पालिका के खाता संख्या–31188668019, आई०एफ०एस०सी० कोड–SBIN0002509, भारतीय स्टेट बैंक शाखा–अतर्रा में आर०टी०जी०एस० के माध्यम से केवल जमाकर सकते है तथा ई–प्रिक्योमेण्ट के माध्यम से अपलोड निविदा की तकनीकी बिडे जैसे अर्नेस्टमनी (2) प्रतिशत जमानत धनराशि) नगद/ एफ०डी०आर० (अधिशाषी अधिकारी न०पा०प० अतर्रा के नाम बंधक) अथवा पालिका के खाता संख्या–31188668019, आई०एफ०एस०सी० कोड–SBIN0002509, भारतीय स्टेट बैंक शाखा–अतर्रा में आर०टी०जी०एस० के माध्यम से जमा कर सकते है, और निविदा प्रपत्र व जमानत धनराशि की नगद जमा मूल्य की रसीद (एम०ए०सी०–5)/एफ०डी०आर० अथवा आर०टी०जी०एस० की जमानत धनराशि की जमा मूल रसीद तथा समस्त अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियाँ सील बन्द लिफाफे में दिनांक 30/07/2025 को दोपहर 1200 बजे तक कार्यालय में जमा की जायेगी जो उसी दिन अपरान्ह 02.00 बजे समिति द्वारा ठेकेदारों के समक्ष खोली जाएगी, व शेष 08 प्रतिशत जमानत धनराशि कार्य स्वीकृति होने के उपरान्त नकद/एफ०डी०आर०अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अतर्रा के नाम बन्धक कर जमा करने के उपरान्त ही कार्यादेश प्राप्त कराया जायेगा। शेष नियम व शर्ते ई–टेण्डर की बेवसाइट http:/] etendar.up.nic.in में लॉगिन कर देखी जा सकती है। कालम न०–6 (eProcurement System Government of Uttar Pradesh 0-01% of the Tender Value) की फीस कार्यालय नगर पालिका परिषद, अतर्रा कार्यालय में जमा कर जमा रसीद (एम०एस०सी–5) की रसीद भी अपलोड/संलग्न करना अनिवार्य है। कार्य विवरण निम्न प्रकार है–

| क्र0 सं० | कार्य / मद | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | जमानत धनराशि (ई.एम.डी.) | eprocurement system government of utter pradesh 0.01% of Value | कार्य पूर्ण होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | आजाद नगर में नीरज गौतम से अरूण साहू तक नाला निर्माण कार्य। | 921000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 2 | शान्ती नगर में रामलीला पुलिया से संतोष गुप्ता तक नाला निर्माण कार्य। | 996000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 3 | वार्ड नं0–20 बजरंग नगर में श्री विजय सिंह मास्टर साहब के यहां से लेकर बबलू मिश्रा के पीछे तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 984000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 4 | वार्ड नं0–17 शास्त्री नगर में जे०बी० टेन्ट हाउस से राम मेडिकल स्टोर तक नाला निर्माण कार्य। | 523000.00 | 650.00 | 11000.00 | 70.00 | 02 माह |
| 5 | वार्ड नं0–06 कृष्णा नगर में राम खिलावन के मकान से कल्लू जाटव तक नाला निर्माण कार्य। | 975000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 6 | वार्ड नं0–06 कृष्णा नगर में कुशवाहा जी के मकान से शिवनारायण के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 995000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 7. | वार्ड नं0–06 कृष्णा नगर में राजेन्द्र कुशवाहा के मकान से जय ट्रेडर्स तक नाला निर्माण कार्य। | 989000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 8 | अनूप पाण्डेय के मकान से अवशेष नाले तक आर०सी०सी० तक नाला निर्माण कार्य। | 992000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 9 | वार्ड नं0–06 कृष्णा नगर में बब्लू ठाकुर के मकान से सन्तोष के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 981000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 10 | वार्ड नं0–02 मूसा नगर में ओरन रोड पुलिया से शंकर पुरवा मार्ग तक नाला निर्माण कार्य। | 989000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 11 | वार्ड नं0–25 सुभाष नगर में राज कुमारी के मकान से कुआं मन्दिर तक नाला निर्माण कार्य। | 991000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 12 | सुभाष नगर में रामलीला ट्रांसफार्मर से इस्माइल तक नाला निर्माण कार्य। | 909000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 13 | भूषण गिरी के मकान से श्याम सुन्दर गिरी के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 917000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 14 | तिवारी खाद भण्डार सीताराम के मकान तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य। | 998000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 15 | छेदी सिंह के मकान से काशी साहू के मकान तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य । मु० भवानीगंज | 999000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 16 | वार्ड नं0–06 कृष्णा नगर पंचा के मकान से रामखिलावन के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 989000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 17 | वार्ड नं0–06 कृष्णा नगर में राम खिलावन के मकान से चन्दू के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 994000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 18 | वार्ड नं0–06 कृष्णा नगर कबाड़ी के मकान से चन्द्रशेखर वर्मा तक नाला निर्माण कार्य। | 995000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 19. | मिथलेश मैरिज हॉल से कल्लू के मकान तक आर०सी०सी० नाली निर्माण कार्य। | 429000.00 | 550.00 | 8500.00 | 60.00 | 02 माह |
| 20. | गार्गी किराना स्टोर से रामेश्वर चौबे के मकान तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य । मु० भवानीगंज | 998000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |
| 21. | हरिशंकर गुप्ता के मकान से हीरो एजेन्सी तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य । मु०–संजय नगर | 657000.00 | 750.00 | 15000.00 | 70.00 | 02माह |
| 22 | मुक्तिधाम की पुलिया से पंकज के मकान तक आर०सी०सी० नाला निर्माण कार्य । मु०–सुलकथोक | 994000.00 | 1100.00 | 20000.00 | 100.00 | 02 माह |

(राहुल द्विवेदी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
अतर्रा

(संगीता)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
अतर्रा

स्वतंत्र भारत
कानपुर शनिवार, 5 जुलाई 2025


# फतेहपुर समाचार

### झोला छाप ने ले ली फिर एक जान

विजयीपुर (फतेहपुर)। विजयीपुर, क्षेत्र के नरैनी कस्बे स्थित माही मेडिकल स्टोर में इलाज के दौरान एक युवती की मृत्यु हो गई है परिजनों ने गलत इलाज का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार मड़रहन डेरा मजरे रायपुर भसरौल निवासी प्रमोद तिवारी अपनी पुत्री नैन्सी उम्र लगभग 10 वर्ष का इलाज करवाने क्षेत्र के नरैनी कस्बे में स्थिति माही मेडिकल में गए थे, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की रात युवती की मृत्यु हो गई है। परिजनों ने गलत इलाज का आरोप लगाया है। मामले में थाना प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही की जा रही है।

## श्रीबांके बिहारी मंदिर में समारोह, संत सरवन लाल पटेल का हुआ सम्मान



फतेहपुर। शहर के शांतीनगर स्थित श्रीबांके बिहारी मंदिर में आचार्यकुलम ने भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्यकुलम के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य विनोद शुक्ला ने पंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका पूरा जीवन सनातन धर्म को समर्पित है। उन्होंने अभी तक जीवन में 108 श्रीमद् भागवत पुराण 108 श्रीमद् शिव महापुराण सहित निरंतर संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर में नौ वर्षों से रामचरितमानस का पारायण लगातार चल रहा है। साथी उनके देखरेख में जनमानस के स्वास्थ्य हेतु प्रभात फेरी के कार्यक्रम गांव गांव चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में संकट मोचन धाम मुंहास मंदिर जिला कटनी के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गृहस्थ संत सरवन लाल पटेल का सम्मान किया गया। जो टूटी हड्डी जोड़ने की आयुर्वेदिक विद्या के लिए प्रसिद्ध हैं। समारोह में जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने सरवन लाल पटेल को अंग वस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया। उनकी सेवा भावना एवं चिकित्सा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि, श्रद्धालु एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने संत सरवन लाल पटेल के कार्यों को जनसेवा की मिसाल बताया और कहा कि ऐसे संतों का योगदान समाज के लिए प्रेरणास्पद है। कार्यक्रम में मधुराम शरण शिवाजी अखाड़ा परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष का आशीर्वचन भी प्राप्त हुआ। उन्होंने हिंदुत्व की रक्षा हेतु शस्त्र नहीं शस्त्र धारण करने का उपदेश किया। कार्यक्रम का वातावरण भक्तिभाव व श्रद्धा से सराबोर रहा। अशोक तपस्वी, गुरमीत सिंह, बग्गा, ओम मिश्रा, आचार्य उमेश त्रिपाठी, बच्चा तिवारी, धनंजय द्विवेदी, वैश्य एकता परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामस्वरूप गुप्ता, विष्णु दत्त शुक्ला, लाल जी यादव, राम सिंह, गया प्रसाद, अलका सोनी, सुशील कुमार पाठक भी मौजूद रहे।

# डीएम ने की आकांक्षी जनपद व ब्लाक के निर्धारित संकेतांकों की समीक्षा

**संबंधितो को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



फतेहपुर। आकांक्षी जनपद व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित संकेतांको की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने आकांक्षी जनपद व आकांक्षी ब्लॉक हथगाम हेतु नीति आयोग के निर्धारित सभी संकेतांको स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास, आधारभूत अवसंरचना के अंतर्गत 49 संकेताकों के कार्यक्रमों एवं योजनाओ के क्रियान्वयन के प्रगति की अद्यतन स्थित की जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण समय से कराते हुए सभी अनुमन्य जांचे (निर्धारित 4-एएनसी) समय पर तथा गर्भवती महिलाओं व बच्चों का वेक्सिनेशन व पोषण सुविधाएं समय से उपलब्ध कराते रहे। उन्होंने कहा कि सब सेंटर को हेल्थवेलनेस सेंटर में परिवर्तन करने के लिए क्या-क्या सुविधाएं आवश्यक है उसकी रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश सीएमओ को दिए।

उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि कितने क्षेत्रफल में फसलों का उत्पादन होता है उसके सापेक्ष कितने के फसल बीमा योजना से संतृप्त किया गया है, कितनी हाइ वैल्यू क्रॉप है और उनका जनपद में उत्पादन प्रतिशत क्या है एवं नीति आयोग के पोर्टल में कौन-कौन सी फसले फीड की गई हैं। माह अक्टूबर से मार्च तक कितना कृषि ऋण वितरण किया गया है प्रमाणित गुणवत्ता बीज वितरण का प्रतिशत की रिपोर्ट से अवगत कराएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि कितने आंगनबाड़ी केंद्र सरकारी भवनों में संचालित है उसकी अपडेटेड रिपोर्ट, हथगाम ब्लॉक में आंगनबाड़ी केन्द्रों में वीएचएनडी सत्रों में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण जो खराब है उनको नियमानुसार कार्यवाही कर क्रय किया जाये। साथ ही ब्लॉक हथगाम में टीएचआर प्लांट से खाद्यान्न का उठान कराएं।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि हथगाम ब्लॉक में शुद्ध पेयजल, क्रियाशील शौचालय का संतृप्तिकरण शत प्रतिशत कराए। नीति आयोग की माह मार्च की डेल्टा रैकिंग में देश के कुल 112 आकांक्षी जिलों मे से फतेहपुर को समग्र श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। नीति आयोग की माह मार्च की डेल्टा रैकिंग में देश के कुल 112 आकांक्षी जिलों मे से फतेहपुर को समग्र श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर नीति आयोग द्वारा अवॉर्ड मनी जनपद को दी गई है इसके लिए संबंधित विभाग नवाचार करने के लिए उपयोगिता के आधार पर प्रस्ताव बनाकर एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, उपायुक्त स्वतः रोजगार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप कृषि निदेशक, लीड बैक प्रबन्धक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### आपसी मतभेद मिटाकर एकजुट हो हिन्दू समाजः मधुराम

**– महंत ने हिंदुओं को एकजुट रहने का किया आह्वान**

फतेहपुर। शिव शक्ति अखाड़ा के प्रमुख और निरंजनी अखाड़ा के महंत मधुराम शरण शिवा ने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान मलवां ब्लाक के रामपुर गांव में बैठक कर हिंदू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। बैठक में हिंदूवादी संगठनों के नेता और स्थानीय समाजसेवी उपस्थित रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना शस्त्र के हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हिंदू हितों की बात केवल मंचों तक सीमित रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर इस दिशा में प्रभावी कार्य नहीं हो रहा। महंत शिवा जी ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित करने और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों को मिटाने की आवश्यकता है। उन्होंने हिंदुओं से अपील की कि वे आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट हों और राष्ट्रहित में आगे आएं। इस मौके पर विद्या प्रकाश अग्निहोत्री, शिवाकांत तिवारी पूर्व मण्डल महामंत्री भाजपा मलवां, अजीत कुमार सैनी भाजपा नेता, विकास तिवारी भाजपा नेता, राहुल अग्निहोत्री, सत्यम अग्निहोत्री, शिवम भी मौजूद रहे।

### आकांक्षी जिलों की श्रेणी में दूसरे नंबर पर रहा जनपद

फतेहपुर। नीति आयोग द्वारा सत्ताइस जून को आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के अन्तर्गत माह मार्च की डेल्टा रैकिंग निर्गत की गयी। नीति आयोग की डेल्टा रैकिंग में देश के कुल 112 आकांक्षी जिलों में से फतेहपुर को समग्र श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त जनपद को माह मार्च में शिक्षा के क्षेत्र में द्वितीय तथा कृषि एवं जल संसाधन के क्षेत्र में चतुर्थ रैंक प्राप्त हुई है। आकांक्षी जनपद कार्यक्रम 2018 से जनपद में लागू है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पांच विषयागत क्षेत्र यथा स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन के आधारभूत संरचना एवं वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास के कुल 49 मुख्य संकेतांकों की मासिक समीक्षा की जाती है। समग्र रूप से 49 संकेतांको के प्रगति में जिले में सकारात्मक वृद्धि प्राप्त की गयी है। आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अन्तर्गत विषयागत क्षेत्र स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, आधारभूत संरचना तथा वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास में अच्छा कार्य किये जाने एवं सुधार किये जाने पर जनपद को समग्र रूप से द्वितीय रैंक प्राप्त हुई है।

### विद्युत विभाग के संविदा कर्मी की शिकायत पर जांच के आदेश

फतेहपुर। शहर के पक्का तालाब मुहल्ला निवासी दिलीप सिंह पुत्र भुजबल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर शांतीनगर फीडर में तैनात संविदा कर्मी द्वारा उपभोक्ताओं से की जा रही अवैध वसूली व अनैतिक कार्यों की शिकायत पर एक्सईएन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। बताते चलें कि रिटायर्ड फौजी दिलीप सिंह ने सीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि शान्ती नगर फीडर में तैनात संविदा कर्मी अभय पटेल उपभोक्ताओं से सांठगांठ करके उनसे अनुचित धन की उगाही कर बिजली का बिल अधिक आने पर उनके विद्युत मीटर को शार्ट सर्किट कर मीटर जला देता है। उपभोक्ताओं के बिना किसी शिकायत दर्ज कराए सारे अनैतिक कार्य करते हुए राजस्व का नुकसान करता है। विद्युत बिल कम करने के नाम पर मुहल्लेवासियों के घर में आता जाता है। महिलाओं के साथ अश्लीलता करता है। 26 मई 2025 को संविदा कर्मी अभय पटेल ने बिना किसी शिकायत के कई लोगों से अनाधिकृत रूप से पैसा वसूल कर मीटर सुधारा। मीटर रीडिंग कम किया। इस तरह का कार्य कर राजस्व को नुकसान किया। बताया कि पूर्व में भी संविदा कर्मी के विरूद्ध शिकायती पत्र अधिकारियों को दिया था। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। सीएम को शिकायती पत्र दिए जाने के बाद एक्सईएन ने संबंधित एसडीओ व जेई को मामले की जांच कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

फतेहपुर। जहानबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर में संदिग्ध अवस्था में 47 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रामपुर गांव निवासी स्व0 रामचन्द्र का पुत्र राजेन्द्र की संदिग्ध अवस्था में घर में ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मौत का कारण ज्ञात नहीं हो सका।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के कैंची मोड़ एनएच-2 में अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 23 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना मरका गांव इंगवारी गांव निवासी रविकान्त सिंह का पुत्र अनुग्रह सिंह बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह मलवां कैची मोड एनएच-2 में मोड पर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के सतनरैनी रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ब्राम्हणपुर गांव निवासी स्व0 वासुदेव का पुत्र पिताम्बर बाजार जा रहा था। तभी सतनरैनी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### तालाब में डूबकर वृद्ध की मौत

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के छोटी संझिया के भैंस खोलते समय तालाब में डूबकर लगभग 69 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार हथगाम कस्बा निवासी स्व0 दुलारे का पुत्र रामखेलावन तालाब के समीप उसकी भैंस बंधी थी। तभी भैंस खोलते समय अचानक तालाब में गिर गया, जिससे उसकी डूबकर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

फतेहपुर। कल्यानुपर थाना क्षेत्र के ग्राम मौहार में संदिग्ध अवस्था में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मौहार गांव निवासी राजेश सिंह का पुत्र विवेक सिंह रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया। सुबह जब घर वालो के ने देखा तो वह अपने पलंग में मृत अवस्था में पडा था। तभी इसकी सूचना घर वालो ने पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।युवक की मौत का कारण ज्ञात नहीं हो सका।

### ट्रक ने वृद्ध को रौंदा

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र नेवलापुर गांव के समीप साइकिल सवार वृद्ध को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार नेवलापुर गांव निवासी स्व0 दशरथ का पुत्र रामबली साइकिल से खेत होते हुये घर आ रहा था। तभी गांव समीप ट्रक ने टक्कर मार दिया, जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## प्राथमिक स्कूलों को बंद करने के खिलाफ काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन



फतेहपुर। प्राथमिक स्कूलों के विलय की सरकार की योजना की जानकारी अब ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्कूली बच्चों की माताओं तक भी तेजी से पहुंच रही है जिस पर शुक्रवार को जिले के ब्लॉक बहुआ अन्तर्गत सुजानपुर में गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक कार्यालय में सुजानपुर सहित आसपास के पांच गांवों से चलकर आई महिलाओं ने अध्यक्ष हेमलता पटेल के साथ मिलकर अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सर में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रर्दशन शुरू कर दिया। महिलाओं ने कहा सरकार ऐसा अन्याय उनके बच्चों के साथ न करे विद्यालय दूर हो जाने पर आर्थिक बोझ और छोटी छोटी बच्चियों की सुरक्षा कैसे हो पाएगी ऐसे में बच्चों की पढाई छूट जायेगी आए दिन बच्चियों के साथ दुर्व्यवहार की निंदनीय घटनाएं सामने आती हैं। सरकार ऐसी घटनाओं को भी रोक नहीं पा रही है और अब बच्चियों को कई किलोमीटर दूर भेजना ये कहां का न्याय है। अध्यक्ष हेमलता पटेल ने कहा कि ये अन्याय बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सरकार तुरंत वापस ले ये शिक्षा विरोधी फैसला सरकार सात सालों से शिक्षक भर्ती का विज्ञापन भी नहीं निकाल रही है। जिससे डीएलएड, बीएड के छात्र अवसाद से गुजर रहे हैं। शिक्षक भर्ती न देनी पड़ी क्या सरकार इसलिए स्कूलों का विलय कर रही है। स्कूल विलय से शिक्षक, रसोइया महिलाओं, सफाई कर्मी आदि सभी का रोजगार छिन जाएगा। युवाओं का शिक्षक बनने के सपने का दमन होगा। इसलिए ये घोर अन्याय बर्दाश्त करने योग्य नही है। सरकार स्कूलों के विलय करने का फरमान वापस ले। इस दौरान प्रदर्शन में सावित्री कुशवाहा, शतून, नीलम देवी, रजिया, गुड्डी वर्मा, अमिता सिंह, रानी, प्रीती पासवान, संयोगिता, निर्मला, रेखा, सुमन, आरती, रंजना आदि मौजूद रहीं।



## विद्यालयों को बंद किए जाने पर प्राथमिक शिक्षक संघ नाराज

फतेहपुर। प्रदेश सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों को पेयरिंग के नाम पर बंद किए जाने पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने नाराजगी का इजहार किया। तेलियानी ब्लाक इकाई व नगर इकाई के पदाधिकारियों ने सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी के पुत्र को ज्ञापन सौंपकर आदेश को निरस्त करने की मांग की। तेलियानी ब्लाक इकाई के अध्यक्ष लाल देवेन्द्र प्रताप सिंह व नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार की अगुवई में पदाधिकारी सदर विधायक के आवास पहुंचे, जहां उनके प्रतिनिधि पुत्र राहुल लोधी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हजारों विद्यालयों को पेयरिंग के नाम पर बंद किया जा रहा है। प्रदेश में 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालय एवं सौ से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरल्पस घोषित कर दिया गया है। इसके पूर्व भी एक ही परिसर में स्थित लगभग बीस हजार विद्यालयों का संविलियन करके प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त कर दिए गए हैं। मर्जर प्रक्रिया से छात्रों को दूरी अधिक तय कर विद्यालय जाना पड़ेगा। वहीं हजारों रसोइयों की सेवा समाप्त हो जाएगी। मांग किया कि सरकार इस आदेश को तत्काल निरस्त करे। इस मौके पर मनोज प्रकाश, धर्मेन्द्र उत्तम, विमलेश पाल, रितेश पटेल, अजय गुप्ता, बृज किशोर, मनोज प्रताप, मनोज प्रकाश, अरूण गौतम, गोरेलाल, अरविन्द शुक्ला, विपिन बिहारी भी मौजूद रहे।

## वयोश्री योजनाः मिर्जापुर भिटारी में दिव्यांगों को सौंपे गए उपकरण



फतेहपुर। भिटौरा विकास खण्ड के ग्राम मिर्जापुर भिटारी में भारत सरकार की वयोश्री योजना के अंतर्गत एक सैकड़ा के क़रीब दिव्यांगजनों, वरिष्ठजनों को लाभान्वित किया गया। तीन लोगों को बैटरी वाली स्वचालित साइकिल, 10 ट्राई साइकिल, 25 लोगों को कान की मशीन और अन्य लोगों को छड़ी, वाकर और अन्य उपकरण वितरित किए गए। सभी लाभार्थियों को एक-एक वृक्ष देकर वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष तिवारी, भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी, भाजपा मंडल महामंत्री श्रीकांत अवस्थी, ग्राम प्रधान मनोज, भोला शंकर द्विवेदी, सरजू पासवान, राजेश लोधी, अमित अग्निहोत्री, शिवकुमार, अश्विनी, विकास आदि मौजूद रहे।

## शिव भक्तों का जत्था अमरनाथ दर्शन के लिए रवाना



खागा, (फतेहपुर)। नगर से बाबा अमरनाथ के पवित्र दर्शन के लिए भक्तों का जत्था शुक्रवार को बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ रवाना किया गया। खागा की विधायक कृष्णा पासवान, नगर पंचायत चेयरमैन गीता सिंह ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले लगभग दो सौ भक्तों को मिठाई, अंगवस्त्र, दक्षिणा भेंट कर और तिलक लगाकर विदाई दी। खखरेरू चेयरमैन ज्ञानचन्द्र केशरवानी, विधायक प्रतिनिधि श्रीपाल पासवान, खागा चेयरमैन प्रतिनिधि रामगोपाल सिंह, खागा के अवर अभियंता डीडी सोलंकी, सुशील गांधी, सीकू,सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर के नागरिक उपस्थित रहे। भक्तों के चेहरे पर भक्ति और उत्साह की झलक साफ दिखाई दी। जत्था रवाना होने से पहले भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक ऊर्जा और श्रद्धा का संचार हो गया। विधायक कृष्णा पासवान ने कहा कि अमरनाथ यात्रा एक आध्यात्मिक साधना है और वह ईश्वर से सभी भक्तों की सुखद, सुरक्षित एवं सफल यात्रा की कामना करती हैं। चेयरमैन गीता सिंह ने नगर पालिका की ओर से यात्रियों की हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। यह कार्यक्रम धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बना, जिसमें सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। नगरवासियों ने भी भक्तों को शुभकामनाएं देकर उन्हें विदा किया। जत्था पुलिस और प्रशासन की निगरानी में सुरक्षित रूप से आगे बढ़ा।

## बीमारियों से बचाव हेतु डा. अनुराग ने बांटी होम्योपैथिक दवा



फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि वितरण महाअभियान बड़नपुर में चलाया। जिसके अंतर्गत डॉ अनुराग ने प्राथमिक विद्यालय बड़नपुर एवं आंगनबाड़ी केंद्र प्रथम के 85, उच्च प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय के 108, श्री चतुर्भुज बाबा मान सिंह शिक्षा मंदिर बड़नपुर के 213 कुल 406 बच्चों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि प्रदान की गई। साथ ही सभी बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। भोजन से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथ धुलने के लिए बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमरदीप, शशि देवी, रोहित सिंह, सुरेश श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

## जियो टावर व पानी टंकी से हुई चोरी का खुलासा, सात गिरफ्तार

**– एक्सयूवी-500 कार समेत चोरी के 19 सोलर पैनल बरामद**

फतेहपुर। औंग व बकेवर थाना पुलिस ने अलग-अलग तिथियों में थाना क्षेत्रों के अंतर्गत जियो टावर व पानी की टंकी से सोलर पैनल चोरी करने की घटना का खुलासा करते हुए इन चोरियों में लिप्त सात चोरों को जहां गिरफ्तार कर लिया वहीं मौके से एक्सयूवी-500 कार समेत चोरी के 19 सोलर पैनल बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। बिंदकी क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव ने बताया कि 21 अप्रैल की रात्रि में चोरों ने बकेवर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव स्थित निर्माणाधीन पानी की टंकी से 12 सोलर पैनल चोरी किए थे। वहीं 17 जून की रात्रि को औंग थाना क्षेत्र के गोधरौली गांव स्थित जियो टावर से चोरों ने सात सोलर पैनल चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों चोरियों का मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों की तलाश में जुटी थी। औंग व बकेवर थाने की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंद पड़ी एनसी फैक्ट्री परिसर से सात चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों ने अपने नाम पिन्टू उर्फ अभिषेक पुत्र रामनरेश, अभय उर्फ खरखोटे पुत्र आशीष पटेल निवासीगण कस्बा औंग, देवेश उर्फ जैकी पुत्र सुनील निवासी तिवारीपुर थाना बकेवर, अभिषेक उर्फ तेंदू पुत्र नील कमल निवासी कस्बा औंग, आशीष पटेल पुत्र नरेन्द्र पटेल निवासी झाऊ मेदनीपुर थाना मलवां, सुजीत पुत्र राकेश पटेल निवासी किशनी खेड़ा थाना औंग व सौरभ सिंह गौतम पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी जरौली थाना बर्रा जनपद कानपुर बताया। पुलिस ने मौके से 19 सोलर पैनल, एक एक्सयूवी 500 कार नं. यूपी-78एफजे/7777, 2350 रूपए नगद, चार मोबाइल बरामद किए हैं। सीओ ने बताया कि बरामद सोलर पैनलों की कीमत लगभग आठ लाख रूपए है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में औंग थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रितेश कुमार राय, बकेवर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक बकेवर अभिषेक शुक्ला, उपनिरीक्षक रविशंकर, उपनिरीक्षक मो. नौशाद, औंग थाने के हेड कांस्टेबल विनीत कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार यादव, संदीप यादव भी शामिल रहे।

## इमामबाड़े के बाहर आया चांदू मियां का सुप्रसिद्ध ताजिया

**दीदार व मन्नत चढ़ाने व मानने वाले अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़**
**रात में उठे आधा दर्जन ताजिये, चैक चैराहे पर मिलाप आज**

फतेहपुर। शहीदान-ए-कर्बला की याद में मोहर्रम की आठवीं तारीख पर शुक्रवार की शाम जिले का सुप्रसिद्ध एवं सर्वाधिक अकीदतमंदों की श्रद्धा वाला चांदू मियां का ताजिया फाटक से जैसे ही इमामबाड़े से बाहर तख्त पर आया, अकीदतमंदों की भारी भीड़ दीदार के लिए उमड़ पड़ी। अकीदतमंदों ने ताजिया पर फूलों की बारिश एवं चादरें चढ़ाकर पिछली पूरी हुई मन्नत पर जहां चढ़ावा चढ़ाया वहीं नई मन्नतों के लिए धागे की गांठ बांधी तत्पश्चात ढपाली का ताजिया आते ही पुनः यह ताजिया इमामबाड़े में रख दिया गया। उधर रात को आधा दर्जन ताजियों का जुलूस भी अलम व अखाड़ों के साथ निकाला गया। इन सभी ताजियों का मिलाप कल चैक चैराहे पर प्रातः दस बजे होगा। प्रत्येक वर्ष की भांति मोहर्रम की आठ तारीख की सुबह सुप्रसिद्ध चांदू मियां के इमामबाड़े के फाटक लोगों की जियारत के लिए खोल दिये गये थे। फाटक खुलते ही देर शाम तक लोग चढ़ावा चढ़ते रहे तत्पश्चात शाम सात बजे के लगभग इमामबाड़े से ताजिये को नजदीक में ही तख्त पर लाया गया। तख्त पर ताजिया रखते ही बड़ी संख्या में हुसैन को मानने वालों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गयी। जो फाटक के अन्दर जाने के बाद ही छठती दिखी। लोगों का मानना है कि चांदू मियां के ताजिये में मांगी जाने वाली मुरादे जरूर पूरी होती हैं। इस ताजिये पर समाज के सभी वर्गों की अटूट आस्था है। मुस्लिम समुदाय से कहीं अधिक हिन्दू समाज के लोग इस ताजिये पर चढ़ावा चढ़ाकर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हैं। देर रात ढपाली की दुलदुल आते ही चांदू मियां का ताजिये को पुनः इमामबाड़े में रख दिया गया। व्यवस्थाओं में समाज के चै. गुडडू राईन, चै. शकील राईन, जमील राईन, अबरार राईन, अल्लू राईन, सलमान राईन, अरबाज राईन, सुहैल राईन, हसन राईन, रिशाद राईन, गुफरान राईन, नसीम राईन, चांद राईन, रफ़ी राईन, आसिफ राईन, आसिफ, एलबिन राईन समेत तमाम लोग मौजूद रहे। उधर रात को ही जैदून मुहल्ले के इमामबाड़े से धोबी का ताजिया निकाला गया जो अपने कदीमी लगभग 03 सौ मीटर इमामबाड़े तक पहुंचने के बाद पुनः फाटक में पहुंचा दिया गया। रात को शहर के आधा दर्जन ताजियों का जुलूस अलम व अखाड़ों के साथ निकाला गया। जिसमें अलम व अखाड़ों के आगे कर्बला की जंग का लोगों ने करतब दिखाकर प्रदर्शन भी किया। मसवानी मुहल्ले से अब्दुल्ला, अजीज व रईस, जोशियाना मुहल्ले से हसनू, मो0 अकील का भी ताजिया उठाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने दीदार करके शहीदान-ए-कर्बला को खेराज-ए-अकीदत पेश करते हुए ताजियों पर चढ़ावा भी चढ़ाया। रात को उठाये गये सभी ताजियों का मिलाप कल प्रातः 10 बजे चैक चैराहे पर किया जाएगा। जुलूसों को लेकर पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहा।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## कड़ा रुख

भारत ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के उसके रुख पर मनचाहा रवैया अपनाने वालों को वह अब किसी भी कीमत पर छोड़ेगा नहीं। इस पर दुनिया भी साथ आती जा रही है और आतंकवाद फैलाने वाली गतिविधियों को खुलकर निशाने पर ले रही है। इसीलिए विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका में ही फिर कह दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को बता दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत हमेशा कार्रवाई करेगा। हम इसका कई दशकों से सामना कर रहे हैं और आज इसका बहुत दृढ़ता से जवाब देने दृढ़ हैं क्योंकि हमें अपना बचाव करने का अधिकार है। आतंकवाद आज पूरे विश्व में मानवता के लिए खतरा बनकर उसके लोकतांत्रिक मूल्यों और विकास के लिए चुनौतियां पैदा कर रहा है जिसे खत्म करने के लिए ठोस और सामूहिक प्रयास करने होंगे। इसीलिए भारत की यह कोशिश है कि आतंकवाद से लड़ाई में विश्व समुदाय को भी एकजुट किया जाए। इसी का नतीजा है कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व जापान के साथ क्वाड के बैनर तले पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई है। साथ ही इस संगठन ने हमले की साजिश रचने वालों व इसकी फंडिंग करने वालों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान भी किया है। इस बयान को महत्वपूर्ण बताते हुए विदेश मंत्री ने साफ किया है कि हमें दुनिया को अपनी कृत कार्रवाई के बारे में बताना होगा। इसीलिए हमने विश्व स्तर पर अपने समकक्षों के साथ आतंकवाद की प्रकृति को साझा किया है। ऐसे में इस बयान के संदर्भ में यह याद रखना होगा कि पाकिस्तान सहित कुछ गिने-चुने देश आतंकियों का पालन-पोषण कर उन्हें हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। पाकिस्तान की इस हकीकत को भारत कई बार दुनिया के सामने सुबूतों के साथ उजागर कर चुका है। तब भी पाकिस्तान पूरी बेशर्मी से इसे इंकार करता रहा है। यह बात गत माह चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के बाद साझा बयान जारी करने के समय एक बार फिर सामने आई जिसमें आतंकवाद को न लेने के मुद्दे पर अड़ कर उसने अपने नापाक इरादों को जाहिर कर दिया। आतंकवाद के खिलाफ भारत का अभियान इस लिए भी प्रासंगिक हो जाता है कि हाल ही में पाक को सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति का अध्यक्ष बना दिया गया है। जाहिर है कि पाक को लेकर अभी भी कुछ देश भ्रम में हैं।

## एक जोखिम यह भी

पानी में छपाक-छपाक करते हुए नहाने-तैरने का मजा कुछ और ही है। इसी मजे को ऊंचे दामों पर बेचने के लिए तमाम उपकरणों से सुसज्जित वाटर पार्क का कारोबार भी खूब चल निकला है। धनाढ्य और उच्च मध्य वर्ग के लिए यह स्टेटस सिंबल भी बन गया है। किंतु ऐसा आनंद उठाने का चलन सदियों से चल रहा है। नदियों-नहरों, तालाबों-पोखरों, में लोग पहले भी स्नान और तैराकी का आनंद लेते थे और आज भी इस शौक में कोई कमी नहीं आई है। गांवों-कस्बों से लेकर बड़े-बड़े शहरों रमणीक पर्यटक स्थलों की नदियों में उतर जाना कई बच्चों-किशोरों-अधेड़ पुरुषों के मनोरंजन का प्रमुख पक्ष है। वे उन्मुक्त होकर नहाते हैं और तैराकी में रोमांच भी महसूस करते हैं। अब जैसी कि नई पीढ़ी के बीच किसी काम को लेकर खतरों के जोखिम की ज्यादा फिक्र न करने की आदत बढ़ती जा रही है तो वही लापरवाही वे तैराकी के दौरान करते हैं क्योंकि 'रोमांच के कामों में जोखिम की परवाह' वे नहीं करते। नतीजा यह है कि उत्साह व शेखी से भरकर गहरे पानी में जानबूझकर या अनजाने में उतर जाने के बाद उनमें से ज्यादातर का पता नहीं चलता। पता लगता भी है तो यह कि फलां का शव मिल गया है। बच्चों या किशोरों की नादानी तो समझी जा सकती है पर बड़े भी इसका शिकार हों तो आश्चर्य होता है, तरस आता है। ऐसे ही हादसों की कड़ी में नैनीताल के भीमताल में अपनी महिला मित्रों के साथ सैर सपाटे को गए वायुसेना यूनिट में तैनात दो जवानों की मूसाताल में डूबने से मौत हो गई। सेनाओं के जवान वैसे तो खतरों से खेलने के आदी होते हैं लेकिन जोखिमों पर बराबर नजर भी रखते हैं। भीमताल में ऐसा नहीं हुआ। यह शौक और शेखी की ऐसी विडंबना है जो कई युवकों की असमय ही जान ले रही है। ऐसे में सवाल यही है कि इस समस्या से कैसे निपटा जाए। स्वाभाविक तो यही है कि एक ओर युवकों को ऐसे खतरों के बारे में पहले से ही लगातार सतर्क किया जाए और वे अपनी तरफ से भी अपने शौक को पूरा करने के बारे में जागरूक रहें।



## काँव-काँव



♦♦♦

**रामनगरी अयोध्या में बनेगा एनएसजी का हब**
धनुर्धर राम की नगरी को भला किससे खतरा?

**भ्रामक विज्ञापन प्रसारित न करे पतंजलि - कोर्ट**
जुमलेबाजी केवल राजनेताओं का विशेषाधिकार!

**भारत आतंक पर कड़ी कार्रवाई करेगा- जयशंकर**
बिल्कुल, और वो भी हमले की पूर्व सूचना देकर!

**जेपीएनआईसी परिसर अब एलडीए के हवाले**
बगल में मौजूद पुराना तालाब भी पट ही गया?

**नये दलाई लामा चुनाव के पर चीन को फटकार**
अटल तिब्बत को चीन का हिस्सा मान आये थे!

**यूपी बनेगा स्पोर्ट्स इंडस्ट्री का हब-निवेश मंत्री**
फिलहाल तो यूपी के शहर वाटरहब बने हुए हैं!

♦♦♦

# कथावाचकों के लिए भी एक मानक बने

इटावा की घटना के बाद कथावाचकों को लेकर पूरे देश में बहस छिड़ी हुई है। यद्यपि भारतीय संस्कृति में कथावाचक जैसा कोई पद सृजित नहीं है। परन्तु बदले परिवेश में यह शब्द धार्मिक अनुष्ठान का एक अंग जैसा बन गया है। प्राचीन गुरुकुलों में विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने वाले



**- डॉ. दीपकुमार शुक्ल**

गुरुजनों को आचार्य और उपाध्याय कहा जाता था। मनुस्मृति के दूसरे अध्याय के श्लोक संख्या 140 के अनुसार जो ब्राह्मण अपने शिष्य का यज्ञोपवीत कर उसे यज्ञ-विद्या और उपनिषद युक्त वेद पढ़ाता है, उसे आचार्य कहते है। श्लोक संख्या 141 के अनुसार जो ब्राह्मण वेद के एक भाग अथवा वेदांगों को जीविका के लिए पढ़ाता है, वह उपाध्याय कहलाता है। आचार्य का पद उपाध्याय से दस गुना अधिक बड़ा बताया गया है। क्योंकि आचार्य की सेवाएँ निःस्वार्थ होती थीं। एक समय इन्हीं गुरुजनों के माध्यम से गुरुकुल के विद्यार्थी वेद, वेदान्त, वेदांग तथा स्मृतियों आदि का ज्ञान प्राप्त करते थे। कालान्तर में वेद व्यास ने जब पुराणों की रचना की तब ये पुराण भी गुरुकुलों के पाठ्यक्रमों में क्रमशः शामिल किये गये। जिनमें वर्णित महापुरुषों की कथाएं विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण माध्यम बनीं। इन पुराणों को गुरुकुलों तक पहुँचाने के मुख्य सूत्रधार व्यास जी के शिष्य लोमहर्षण सूत जी थे। सूत जी ऋषियों को पुराण सुनाते और ऋषिगण अपने शिष्यों को।


यद्यपि माता-पिता और गुरुओं द्वारा बच्चों को पुरानी कथाएं सुनाने की परम्परा तो अति प्राचीन है। इसके अलावा लोकगीतों में भी प्रायः प्राचीन कथाएं ही सुनाई जाती रही हैं। लोक गायक प्राचीन कथाएं सुनाकर समाज के समृद्ध वर्ग का मनोरंजन करके इनाम इकराम पाते रहे हैं। डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से इनकी संख्या धीरे धीरे कम हो रही है। वर्ना गाँव गली में महफ़िल जोड़कर लोकगीतों के माध्यम से पुरानी कथाएं सुनाना आम बात थी। इन लोकगीतों में संस्कार गीत, गाथा गीत, पर्व गीत, पेशा गीत तथा जातीय गीत शामिल हैं। गाथा गीत में मुख्यतः कथा या वृतान्त सुनाया जाता है। प्रचलित लोकगीतों में मुख्य रूप से सोहर, कहरवा, चनैनी, नौका, झक्कड़, बंजारा, कजरी, जरेवा, सदावजरा सारंगा, बिहू, ददरिया, बाउल, आल्हा और बिरहा आदि हैं। बिरहा में जहाँ श्रीकृष्ण और गोपियों का विरह वर्णन है वहीं आल्हा महोबा के वीर आल्हा ऊदल का गाथा गीत है। ऐसे ही लगभग सभी लोकगीत किसी न किसी प्राचीन कथानक की पृष्ठभूमि से जुड़े हुए हैं। लोकगीतों की प्रस्तुती के लिए किसी बड़े साधन की आवश्यकता नहीं होती है। प्राचीन समय में लोकगीत गाने वाले प्रायः निम्न जाति के लोग होते थे। जो पीढ़ी दर पीढ़ी लोकगायन के माध्यम से पुरानी कहानियां सुनाकर जीवकोपार्जन करते रहे हैं। अतः आज यदि उन लोकगायकों की सन्ताने कथा सुनाने के अपने अधिकार का दावा करते हैं तो इसे सीधे तौर पर नकारा नहीं जा सकता। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव से जब गुरुकुलों का अस्तित्व संकट में पड़ने लगा। तब इनके आचार्यों ने समाज को प्राचीन संस्कृति से जोड़े रखने के उद्देश्य से लोगों को संकल्प दिलाकर अनुष्ठानपूर्वक साप्ताह, पक्ष एवं मासिक रूप से पुराणों की कथाएं सुनानी प्रारम्भ कर दीं। बदले में दक्षिणा स्वरुप श्रोताओं से मिला धन आचार्यगणों की उदरपूर्ति में सहायक बना। इससे जहाँ समाज को संस्कृति से जोड़ने की एक नवीन प्रक्रिया शुरू हुई7 वहीं आचार्यों की जीविका भी ससम्मान चलने लगी। कथा सुनाने वाले को व्यास तथा वह जिस आसन पर बैठकर कथा सुनाते उसे व्यास-पीठ की संज्ञा दी गयी। जिन कथाओं को आचार्यगण व्यास पीठ पर बैठकर सुनाते, लगभग वही कथाएं लोकगायक अपने लोकगीतों के माध्यम से सुनाया करते। व्यासपीठ पर बैठे वक्ता पुराणों की व्याख्या प्रस्तुत करते हुए जन मानस को प्राचीन कथाओं के साथ-साथ साहित्य का भी बोध करवाते थे।

जबकि लोकगायक परम्परा से प्राप्त लोकगीतों को बिना किसी साधन के प्रस्तुत करते। अर्थ युग के बढ़ते प्रभाव से कथावाचकों की शैली और उद्देश्य बदलने लगे। आज पुराणों की व्याख्या कम, गीत गायन तथा नृत्य, कथा के महत्वपूर्ण अंग बन गये हैं। जो काम कभी लोकगायक करते थे, कालान्तर में वही काम अपने ज्ञान की कमी को छुपाने के लिए व्यास पीठ पर आसीन तथाकथित कथावाचक करने लगे। इसका प्रभाव यह हुआ कि लोकगायक भी धीरे धीरे व्यास गद्दी पर आसीन होकर अपनी शैली में कथा सुनाने लगे। अब तो कथा पाण्डालों में कथा कम होती है, परन्तु भजन के नाम पर आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ फ़िल्मी पैरोडी खूब गूंजती हैं। जिन पर श्रोताओं को थिरकते हुए कभी भी देखा जा सकता है। पूछने पर उत्तर मिलता है कि पण्डित जी भजन गा रहे हैं और



भक्तगण भक्ति रस में डूबकर नृत्य कर रहे हैं। वर्तमान में यही भक्ति की नई परिभाषा है। पुराणों की कथाओं के माध्यम से नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़कर सदाचारी बनाने का उद्देश्य तो न जाने कहाँ और कब छूट गया। व्याकरण के धरातल से पुराणों की व्याख्या करके नई पीढ़ी में संस्कृति और संस्कारों का बीजारोपण करने वाले आचार्य तो अब बिरले ही हैं। शेष तो मात्र गायक हैं। अब तो आडम्बर और भौड़ापन भी खूब दिखाई देता है। मनमानी शैली और मनमुखी व्याख्या प्रस्तुत करके समाज को दिग्भ्रमित करना ही एकमात्र उद्देश्य समझ में आता है। जिसके कारण अन्ध विश्वास भी निरन्तर अपने पैर पसार रहा है। पुराणों की कथाएं सुनाने के जो नियम और विधान पूर्वजों ने बनाये हैं, उन्हें भी सर्वथा ताक पर इस कुतर्क के साथ रख दिया जाता है कि भगवान की भक्ति में कोई नियम नहीं लगता, केवल भाव चाहिए। गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित श्रीमद्भागवत महापुराण में पृष्ठ संख्या 10 से 31 तक श्रीमद्भागवत का महात्म्य, महिमा, कथावाचक की योग्यता, पूजन विधि, मुहूर्त विचार आदि के बारे में विस्तार से बताया गया है। 'मुहूर्त विचार' शीर्षक में स्पष्ट रूप से लिखा है कि गुरु और शुक्र ग्रह के अस्त होने पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन नहीं होना चाहिए। लेकिन विडम्बना देखिये कि 12 जून 2025 से 9 जुलाई 2025 तक गुरु अस्त है। फिर भी श्रीमद्भागवत कथाओं के अनगिनत आयोजन हो रहे हैं। इटावा काण्ड से सम्बन्धित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 21 जून से अर्थात गुरु अस्त में प्रारम्भ हुआ था। यहाँ यह भी नहीं कह सकते कि इन तथाकथित कथावाचकों को इसका ज्ञान नहीं है। क्योंकि जो पुराण वे सुना रहे हैं, उसी में स्पष्ट रूप से सब लिखा हुआ है। तब फिर इसका दूसरा पक्ष यही हो सकता है कि धन के लोभ में मर्यादा और विधान को जान बूझ कर नजर अन्दाज किया जाता है। क्योंकि इस बारे में कोई किसी से सवाल करने वाला नहीं है। कमाई का बढ़िया जरिया देख अनेक युवक युवतियां बिना कोई विशेष शिक्षा प्राप्त किये कथावाचक बन रहे हैं। साथ ही समाज को भ्रमित करने के लिए अपने नाम के साथ शास्त्री जोड़ लेते हैं। जबकि संस्कृत महाविद्यालय से स्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त करने वाले को ही शास्त्री तथा परास्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त करने वाले को आचार्य की उपाधि सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जाती है। कथावाचकों के रूप में अल्प शिक्षितों की बढ़ती फ़ौज संस्कृति और संस्कारों का सत्यानाश करके अन्धविश्वास की प्रतिष्ठा करने में लगी हुई है। इस पर नियन्त्रण लगना ही चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि कथावाचकों के लिए एक मानक बने। जो लोग इस क्षेत्र में आना चाहते हैं उनके लिए प्रशिक्षण की अनिवार्यता हो।

## प्रेमचंद की कहानियां



### खून सफेद

दरिद्रता और क्षुधा-पीड़ा के दारुण दृश्य दिखायी देते थे। लोगों ने पहले तो गहने और बरतन गिरवी रखे, और अंत में बेच डाले। फिर जानवरों की बारी आयी और अब जीविका का अन्य कोई सहारा न रहा तब जन्मभूमि पर जान देने वाले किसान बाल-बच्चों को लेकर मजदूरी करने निकल पड़े। अकाल-पीड़ितों की सहायता के लिए कहीं-कहीं सरकार की सहायता से काम खुल गया था। वहुतेरे वहीं जाकर जमे। जहां जिसको सुभीता हुआ, वह उधर ही जा निकला। संध्या का समय था। जादोराय थका-मांदा आकर बैठ गया और स्त्री से उदास होकर बोला- दरखास्त नामंजूर हो गयी। यह कहते-कहते वह आंगन में जमीन पर लेट गया। उसका मुख पीला पड़ रहा था और आंतें सिकुड़ी जा रही थीं। आज दो दिन से उसने दाने की सूरत नहीं देखी। घर में जो कुछ विभूति थी-गहने, कपड़े, बरतन, भांडे सब पेट में समा गये। गांव का साहूकार भी पतिव्रत स्त्रियों की भांति आंखें चुराने लगा। केवल तकाबी का सहारा था, उसी के लिए दरखास्त दी थी, लेकिन आज वह भी नामंजूर हो गयी, आशा का झिलमिलाता हुआ दीपक बुझ गया। देवकी ने पति को करुण दृष्टि से देखा। उसकी आंखों में आंसू उमड़ आये। पति दिनभर का थका-मांदा घर आया है। उसे क्या खिलावे? लज्जा के मारे वह हाथ-पैर धोने के लिए पानी भी न लायी। जब हाथ-पैर धोकर आशा-भरी चितवन से वह उसकी ओर देखेगा तब वह उसे क्या खाने को देगी? उसने आज कई दिन से दाने की सूरत नहीं देखी थी। लेकिन इस समय उसे जो दुःख हुआ, कष्ट से कई गुना अधिक था। स्त्री घर की लक्ष्मी है। घर के वह क्षुधातुरता के कष्ट पों को खिलाना-पिलाना वह अपना कर्तव्य समझती है। और चाहे यह प्राणियों उसका अन्याय ही क्यों न हो. लेकिन अपनी दीन-हीन दशा पर जो मानसिक वेदना उसे होती है, वह पुरुषों को नहीं हो सकती। हठा उसका बच्चा साधो नींद से चौंका और मिठाई के लालच में आकर वह बाप से लिपट गया। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**तृणं ब्रह्मविदः स्वर्गस्तृणं शूरस्य जीवितम्।**
**जिताशस्य तृणं नारी निःस्पृहस्य तृणं जगत्।।**

विदेश जाने वालों का सच्चा मित्र विद्या है, अपने घर में रहने वालों की मित्र उनकी पत्नी है, रोगी व्यक्तियों का मित्र औषध है और मरने वालों का मित्र उनका धर्म है।

♦♦♦

# मोहर्रम : दुनिया में सांप्रदायिक सद्भाव की अनमोल धरोहर

मोहर्रम, इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना,मुस्लिम समुदाय के लिए एक पवित्र शोक पर्व है,जो हजरत इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों की 680 ईस्वी में करबला के मैदान में शहादत की स्मृति में मनाया जाता है।



**- शाहिद नकवी**

भारत में यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की साझी संस्कृति,सामाजिक एकता और गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है।उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे क्षेत्रों में मोहर्रम की परंपराएं स्थानीय संस्कृति के साथ मिलकर एक अनूठा रूप लेती हैं।इस पर्व में हिंदुओं की सक्रिय भागीदारी, विशेष रूप से ताजिया निर्माण और जुलूसों में शामिल होना,भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को और गहरा करता है। भारत की सांस्कृतिक विविधता में मोहर्रम एक ऐसा अवसर है,जहां धार्मिक और सांस्कृतिक सीमाएं एकजुटता में बदल जाती हैं। ताजिया जुलूस, मातम, मजलिस, और करबला की रस्में न केवल मुसलमानों के लिए महत्वपूर्ण हैं,बल्कि ये भारत के सामाजिक ताने-बाने को भी मजबूत करती हैं। ताजिया कला और श्रद्धा का संगम है। मोहर्रम में हिंदुओं की भागीदारी का उल्लेख विशेष रूप से अवध के नवाबी काल (18वीं-19वीं सदी) से मिलता है,जब लखनऊ में नवाबों के शासन के दौरान हिंदू और मुस्लिम समुदाय संयुक्त रूप से सांस्कृतिक उत्सवों में शामिल होते थे। लखनऊ में ताजिया जुलूस और मरसिया पाठ में हिंदुओं की भागीदारी दर्ज की गई है। 12वीं सदी से दिल्ली में ताजिया जुलूस निकाले जाने के उल्लेख हैं, जहां हिंदू समुदाय भी शामिल होता था। दरअसल ताजिया, इमाम हुसैन के मकबरे का प्रतीक, बांस, कागज,और रंग-बिरंगे सजावटी सामानों से बनाया जाता है।यह एक कला रूप है,जिसमें हिंदू और मुस्लिम कारीगर मिलकर अपनी शिल्पकला का प्रदर्शन करते हैं। लखनऊ, बनारस, झांसी, हैदराबाद, और औरंगाबाद जैसे शहरों में ताजिया निर्माण एक साझा सांस्कृतिक गतिविधि है, जो पीढ़ियों से चली आ रही है। स्थानीय परंपराओं का समावेश भी है। बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में, जहां वीरता और शौर्य की संस्कृति गहरी जड़ें रखती है, मोहर्रम के जुलूसों में तलवारबाजी, अखाड़ों के प्रदर्शन, और ढोल-नगाड़ों का उपयोग आम है। ये तत्व स्थानीय संस्कृति को मोहर्रम के धार्मिक महत्व के साथ जोड़ते हैं। मोहर्रम के दौरान हिंदू और मुस्लिम समुदाय एक साथ जुलूसों में शामिल होते हैं, मातम में हिस्सा लेते हैं,और पानी-शरबत की व्यवस्था करते हैं। यह साझा श्रद्धा भारत की एकता और भाईचारे की भावना को दर्शाती है,जो धर्म और समुदाय की सीमाओं से परे है। मोहर्रम के आयोजनों में स्थानीय लोक गीत, नौहा, और मरसिया जैसे शोक गीतों का समावेश होता है।कई स्थानों पर,जैसे बिहार और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में, हिंदू और मुस्लिम समुदाय मिलकर इन सांस्कृतिक गतिविधियों को आयोजित करते हैं, जो सामाजिक एकता को और मजबूत करता है। ताजिया निर्माण और जुलूसों में बड़े पैमाने पर हिंदू भाइयों का भी योगदान है। मोहर्रम में हिंदुओं की भागीदारी भारत की सामाजिक एकता का एक जीवंत उदाहरण है। देश के कई हिस्सों में,जैसे लखनऊ के हुसैनाबाद, बनारस के चौक क्षेत्र, झांसी के सिपरी बाजार,बिहार के भागलपुर, और महाराष्ट्र के औरंगाबाद में, हिंदू



कारीगर ताजिया बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये कारीगर ताजिया निर्माण को अपनी पारंपरिक शिल्पकला का हिस्सा मानते हैं और पीढ़ियों से इस कला को संजोए हुए हैं।वे बारीक नक्काशी,रंगों का चयन,और सजावटी सामग्री के साथ ताजिया को आकर्षक बनाते हैं। हुसैनाबाद के कुछ हिंदू कारीगर ताजिया की जटिल डिजाइनों के लिए प्रसिद्ध हैं,जो स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर सराहे जाते हैं। बुंदेलखंड के महोबा, बांदा, और चित्रकूट जैसे क्षेत्रों में, हिंदू कारीगर छोटे-छोटे ताजियों को बनाने में मदद करते हैं।ये ताजिए स्थानीय स्तर पर जुलूसों में शामिल किए जाते हैं और ग्रामीण समुदायों में एकता का प्रतीक बनते हैं। बनारस में,ताजिया निर्माण में हिंदू कारीगरों की भागीदारी गंगा-जमुनी तहजीब का एक स्पष्ट उदाहरण है। यहां के ताजिए न केवल धार्मिक प्रतीक हैं, बल्कि कला और शिल्प के उत्कृष्ट नमूने भी हैं,जो बनारस की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। गुजरात के वडोदरा और अहमदाबाद में भी हिंदू कारीगर ताजिया निर्माण में अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक विविधता को उजागर करता है। कई स्थानों पर हिंदू समुदाय के लोग न केवल ताजिया बनाते हैं,बल्कि जुलूसों में ताजिया उठाने और मातम में हिस्सा लेते हैं।बनारस में, जहां गंगा-जमुनी तहजीब की जड़ें गहरी हैं। झांसी के लक्ष्मी गेट और प्रेमनगर जैसे क्षेत्रों में हिंदू युवा ताजिया जुलूसों में शामिल होकर मातम में हिस्सा लेते हैं।बिहार के भागलपुर और उत्तर प्रदेश के जौनपुर में हिंदू समुदाय के लोग ताजिया को करबला मैदान तक ले जाने में मदद करते हैं, जो उनकी श्रद्धा और सम्मान को दर्शाता है। हैदराबाद में बीबी का आलम जुलूस में हिंदू समुदाय के लोग ताजिया उठाने और जुलूस की व्यवस्था में शामिल होते हैं,जो दक्षिण भारत में साम्प्रदायिक एकता का प्रतीक है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद और मालदह में हिंदू समुदाय ताजिया जुलूसों में भाग लेता है और ताजिया निर्माण में सहायता करता है, जो साम्प्रदायिक सद्भाव को दर्शाता है। कई स्थानों पर हिंदू संगठन स्वेच्छा से जुलूसों की सुरक्षा और व्यवस्था में मदद करते हैं। हैदराबाद में बीबी का आलम जुलूस में हिंदू समुदाय के लोग शरबत और भोजन के स्टॉल लगाते हैं, जो मुस्लिम समुदाय के प्रति उनकी एकजुटता को दर्शाता है।उत्तर प्रदेश के अमेठी, रायबरेली, और सुल्तानपुर जैसे क्षेत्रों में हिंदू परिवार जुलूसों के लिए पानी के स्टॉल लगाते हैं और मातम करने वालों को सहायता प्रदान करते हैं। प्रतापगढ़ के कुंडा में एक हिंदू परिवार लगातार पांचवीं पीढ़ी से नौ मोहर्रम को मजलिस करता आ रहा है।

## प्रेरक प्रसंग

### स्वर्ग- नरक

शास्त्रों में निपुण, प्रसिद्ध ज्ञानी एवं प्रख्यात संत श्री देवाचार्य के शिष्य का नाम महेन्द्रनाथ था। एक शाम महेन्द्रनाथ अपने साथियों के साथ उद्यान में टहल रहे थे। और आपस में वे किसी विषय पर चर्चा कर रहे थे। चर्चा का विषय था- स्वर्ग-नरक। किसी एक साथी ने महेन्द्रनाथ से पूछा- क्यों मित्र! क्या मैं स्वर्ग जाऊंगा?

महेन्द्रनाथ ने उत्तर देते हुए कहा- जब मैं जायेगा, तभी आप स्वर्ग जाओगे। उसके मित्र ने सोचा कि महेन्द्रनाथ को अभिमान हो गया है और सारे मित्रों ने मिलकर महेन्द्रनाथ की शिकायत अपने गुरु श्री देवाचार्य से कर दी। गुरुदेव को पता था कि उनका शिष्य महेन्द्रनाथ न केवल निरहंकारी है बल्कि अल्प शब्दों में

**महेन्द्रनाथ ने उत्तर देते हुए कहा- जब मैं जायेगा, तभी आप स्वर्ग जाओगे। उसके मित्र ने सोचा कि महेन्द्रनाथ को अभिमान हो गया है और सारे मित्रों ने मिलकर महेन्द्रनाथ की शिकायत अपने गुरु श्री देवाचार्य से कर दी।**

गंभीर ज्ञान की बातें बोलने वाला है। उन्होंने महेन्द्रनाथ को बुलाकर इस घटना के बारे में पूछा, और उसने अपना सिर हिलाकर इस बात की पुष्टि की। अन्य शिष्यों में इस घटना को देखने के बाद कानाफूसी शुरू हो गयी। श्री देवाचार्य ने मुस्कुराते हुए दोबारा वही प्रश्न पूछा- अच्छा ये बताओ महेन्द्रनाथ! क्या तुम स्वर्ग जाओगे? महेन्द्रनाथ ने कहा- गुरुदेव! जब मैं जायेगा, तभी तो मैं स्वर्ग जा पाउँगा।

## आपका पत्र मिला

### अपना रवैया बदले विपक्ष

चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूचियों के गहन परीक्षण का जो आदेश दिया है, वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस और उसके सहयोगी, इस निर्णय का तीव्र विरोध कर रहे हैं। उनके आरोप चुनाव आयोग के बजाय भाजपा पर केंद्रित हैं, मानो यह निष्पक्ष आयोग नहीं, बल्कि सत्ताधारी दल का कोई औजार हो। विपक्ष का यह रवैया विरोध के लिए विरोध की राजनीति का प्रतीक बनता जा रहा है। हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी चुनावों में धांधली के आरोपों के पीछे ठोस प्रमाण न होने के बावजूद विपक्ष ने शोर मचाया था और अंततः अपनी ही साख को नुकसान पहुंचाया। अब यही रवैया बिहार में भी दोहराया जा रहा है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया से उन नागरिकों को राहत दी जाएगी जो पहले ही परीक्षण का हिस्सा रह चुके हैं। ऐसे में यह आरोप कि आयोग केवल एक पक्ष को लाभ पहुंचाना चाहता है, पूरी तरह निराधार है। सच्चाई यह है कि कुछ राजनीतिक दलों को आशंका है कि यदि फर्जी और अवैध मतदाताओं को सूची से हटाया गया तो उनका वोट बैंक प्रभावित होगा। देश में गैर संवैधानिक ढंग से रह रहे कई लोगों के फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें वोट देने का अधिकार दिलाना एक पुराना राजनीतिक हथकंडा रहा है। मतदाता सूची की सफाई एक लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। इस पर राजनीति करना न केवल चुनाव आयोग की गरिमा का अपमान है, बल्कि यह लोकतंत्र की जड़ें कमजोर करने वाला कृत्य भी है। विपक्ष को चाहिए कि वह देशहित में सोचते हुए पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया का समर्थन करे, न कि अपनी तात्कालिक राजनीतिक सुविधा के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करे।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# बच्चों को उम्र के हिसाब से सिखाएं



*जब आप बच्चे को छुटपन से ही अलग-अलग कौशलों से परिचित कराते हैं तो इसकी परिणति उसमें आत्मनिर्भरता और ज़िम्मेदारी के गुण लाती है। कई बच्चे बड़े होने के बाद भी हर छोटी चीज़ के लिए दूसरों पर निर्भर रहते हैं।*

**जैसे-** उन्हें किसी भी समस्या का हल निकालना हो तो प्रयास करने के बजाय किसी बड़े से पूछना, अपने काम खुद करने के बजाय बार-बार मम्मी या किसी बड़े को आवाज़ लगाना या फिर खुद जाकर किसी से बात भी ना कर पाना। इससे वे स्वयं को भविष्य के लिए ना तो मानसिक रूप से तैयार कर पाते हैं और ना ही शारीरिक रूप से। इसलिए बच्चे को भविष्य की ज़िम्मेदारियों को निभाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए उम्र के अलग-अलग पड़ाव पर इन कौशलों से ज़रूर रूबरू कराएं।

### जब 2-3 साल के हों बच्चे

इस उम्र में बच्चे दुनिया को समझने की शुरुआत करते हैं। इसलिए उन्हें छोटे-छोटे काम करना सिखाएं। हालांकि इस दौरान उनकी मदद भी करें। **खिलौनों से सिखाएं-** बच्चों को सिखाएं कि खिलौने से खेलने के बाद उन्हें सही स्थान पर रखना है। हालांकि वे ऐसा कर पाएं इसके लिए खिलौनों की टोकरी उनकी पहुंच में रखें, ताकि वे व्यवस्था के साथ अनुशासन और ज़िम्मेदारी सीखें। **डालें सफ़ाई की आदत-** उन्हें सिखाएं कि बिना दरी बिछाए नहीं बैठना है। खाना खाने के पहले/बाद हाथ धोना है, ब्रश करना है आदि। इससे वे साफ़-सफ़ाई के गुण को आदत बना पाएंगे। सिखाएं साझा करना- बच्चों को आपस में चीज़ें साझा करना सिखाएं। मिल-बांट कर खाना या खिलौनों से मिलकर खेलना आदि। इससे वे सामंजस्य का गुण सीखेंगे।

### 4-5 साल के हो जाने पर

इस उम्र में बच्चे थोड़ा स्वतंत्र होना शुरू करते हैं। उन्हें अब अतिरिक्त ज़िम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं। याद कराएं नाम और पता- बच्चों को अपना नाम, माता-पिता का नाम और घर का पता याद कराएं, ताकि ज़रूरत पड़ने पर वे पहचान बता सकें। **पनपाएं आत्मनिर्भरता-** स्वयं चुनाव करने का अवसर दें। जैसे- वे क्या पहनना चाहते हैं या फिर किस खिलौने से खेलना चाहते हैं ये उन्हें खुद करने तय करने दें। इससे उनमें आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। **सिखाएं बुनियादी शिष्टाचार-** 'धन्यवाद', 'कृपया' और 'मुझे माफ़ करें' जैसे शिष्टाचार के शब्दों का प्रयोग करना सिखाएं। सिर्फ़ बोलना नहीं है बल्कि महसूस भी करना है, ये भी समझाना ज़रूरी है।


### 6-7 साल के हो गए हैं तो

इस उम्र में बच्चों की तर्क और समस्या-समाधान करने की क्षमता विकसित होती है। उन्हें अब व्यावहारिक कौशल सिखाने होंगे। **सरल घरेलू काम के फ़ायदे-** बच्चों को छुट-पुट कामों से परिचित कराएं। जैसे- बिस्तर ठीक करना, बर्तन सिंक में रखना या आपके साथ पौधों को पानी देना आदि। इससे वे देखभाल का गुण सीखेंगे। **सिखाएं खाने की तैयारी करना-** बच्चों को रसोई से जुड़े बुनियादी काम सिखाएं। जैसे- थाली जमाना, फल धोकर टोकरी में जमाना या खाना परोसना आदि। **समय प्रबंधन की शुरुआत-** उन्हें समय का महत्व सिखाएं। इसके लिए मिलकर उनके पूरे दिन की दिनचर्या बनाएं ताकि वे पढ़ाई, खेल और आराम के बीच संतुलन बना सकें।

### 8-9 साल के बच्चों के लिए

इस समय बच्चों में आत्मनियंत्रण की भावना विकसित होती है। इसलिए ये बढ़िया वक्त है उन्हें सामाजिक और व्यावहारिक कौशल सिखाने का। **समझाएं पैसे का महत्व-** बच्चे आर्थिक रूप से भी खुद को आत्मनिर्भर बनाए रखें, इस पर ध्यान देना ज़रूरी है। इसलिए उन्हें थोड़ा जेंबख़र्च दें और उससे बचत व उसे उपयोग करने का कौशल सिखाएं। **दें सायबर सुरक्षा का ज्ञान-** वे ऑनलाइन जानकारी लेने में भी सक्षम बनें इसलिए इस समय उन्हें सायबर से जुड़े नियम सिखाए जा सकते हैं। ताकि वे ऑनलाइन ख़तरों से सुरक्षित रहें। **टीम वर्क/सहयोग की भूमिका-** मिलकर काम करने से काम जल्दी और बेहतर होता है। इसलिए उन्हें इस गुण से रूबरू कराएं जिससे वे बड़े होकर सामंजस्य/नेतृत्व को बनाने में सक्षम हो पाएं। किशोरवय में प्रवेश करने वाले हैं तो 10-13 साल के बच्चों को निर्णय लेने में सक्षम बनाना ज़रूरी है। उन्हें घर और समाज के प्रति उनकी ज़िम्मेदारी से भी अवगत कराएं। **समस्याओं का समाधान-** उनकी छोटी-मोटी समस्या उन्हें खुद सुलझाने दें। इससे वे निर्णय लेने और समस्याओं के निपटान के तरीक़े सीखेंगे जिससे उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। **लें घर के कामों में मदद-** घर के कामों में उनकी मदद लें। जैसे- सफ़ाई करना, बर्तन धोना आदि। इससे उनमें ज़िम्मेदारी आएगी। **सामाजिक ज़िम्मेदारियों से कराएं रूबरू-** बच्चों को समाज और परिवार के प्रति ज़िम्मेदारियों का अहसास कराएं। उन्हें छोटे-छोटे सामाजिक कार्यों में शामिल कर सकते हैं, जैसे- लोगों की मदद करना और पर्यावरण के प्रति सजग रहना।

## सब एक समान हैं



किसी स्कूल में मोहन नाम का एक बच्चा पढ़ता था। जोकी, बहुत बुद्धिमान था। क्योंकि, उसकी स्कूली शिक्षा के साथ-साथ उसके गरीब माता-पिता घर पर उसे व्यवहारिक शिक्षा भी देते थे। एक बार उसके स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वह गरीब लड़का और अमीर घर के लड़के भी भाग ले रहे थे। अपना-अपना किरदार निभाने के लिए स्टेज के पीछे सभी बच्चे तैयार हो रहे थे। तभी एक लड़के ने मोहन से कहा कि तुम्हारी औकात क्या है जो हमारे साथ इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हो। तुम एक गरीब परिवार से हो तुम्हारे कपड़े भी कितने फटे-पुराने हैं। तुम कहां और हम कहां, यह बोलकर उसके सभी दोस्त मोहन पर एक साथ हंस पड़े। वहीं खड़े एक अध्यापक ने उन सभी बच्चों का व्यवहार देख कर उनके पास गए और सभी बच्चों को समझाने लगे। इसमें गरीबी और अमीरी की कोई बात नहीं है। आप सभी लोग इस विद्यालय में एक समान हो। आप लोगों का काम दर्शकों का मनमोहित करना और उन्हें ज्यादा से ज्यादा आनंद पहुंचाना हैं, न की आप लोगों को अपने पहनावें और बाहरी रूपों का दिखावा करना हैं। उन सभी बच्चों को और समझाते हुए अध्यापक ने कहा कि मोहन आपके साथ ही पढ़ता है, जो आपको पढ़ाया जाता है वही मोहन भी पढ़ता है। यहां तक कि मोहन और आप लोगों के अध्यापक भी एक हैं। फिर एक दूसरे से इतनी नफरत क्यों है। सभी बच्चों को अध्यापक की बात समझ में आ जाती हैं। कार्यक्रम शुरू होता है मोहन अपनी अच्छी-अच्छी बातों से दर्शकों को आनंदित कर देता है। लोगों को मोहन का किरदार बहुत अच्छा लगता है। इस तरह से मोहन को सबसे अच्छा किरदार निभाने के लिए पुरस्कृत भी किया जाता है। इस तरह कार्यक्रम सम्पन्न होता हैं और सभी बच्चे मोहन के पास आकर उसके साथ किए व्यवहार के लिए माफी मांगते हैं।

**कहानी**

**शिक्षा- जीवन में बाहरी दिखावा महत्वपूर्ण नहीं है। असली अहमियत उस रोशनी की है जिसके माध्यम से हम दूसरे के चेहरे पर मुस्कान ला सके।**



# बच्चे का गुस्सा हंसी में न टालें जानें उसके व्यवहार की वजह

बच्चों का अपने साथियों, माता-पिता को सही से जवाब न देना उनके शरारती स्वभाव का हिस्सा होता है। मगर कई बच्चों का स्वभाव बहुत ज्यादा रूखा होता है। उनके साथी जब उनसे कोई मदद या चीज मांगते हैं तो वे उन्हें साफ मना कर देते हैं, बिना यह सोचे कि सामने वाले को कितना बुरा लगेगा। इस तरह का रूखा स्वभाव उनके भविष्य को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

### कारण जानें

कई बच्चे प्राकृतिक रूप से ही रूखे स्वभाव के होते हैं तो कई किसी कारणवश ऐसा करते हैं। अगर यह रूखापन एकदम से उनके व्यवहार में आया है तो इसके कई कारण हो सकते हैं। इनमें परिवार का वातावरण, अकेलापन, माता-पिता के प्यार का अभाव, आवश्यकता या इच्छाओं की अनदेखी और सामाजिक अस्वीकारता शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा माता-पिता का ध्यान आकर्षित करने के लिए भी बच्चे ऐसा कर सकते हैं, जिसे आपको जानना चाहिए।

### संवाद है पहला हल

बच्चे नासमझ होते हैं। वे समझ नहीं पाते कि उनका रूखा व्यवहार दूसरों को कैसे प्रभावित कर सकता है और रिश्तों में परेशानियां बढ़ा सकता है। इसलिए आप उनसे बात करें और उन्हें शांति से समझाएं कि उनका ऐसा करना गलत है। अगर वे ऐसा किसी कारण से कर रहे हैं तो उसका सही हल निकालें, ताकि यह व्यवहार उनके स्वभाव का हिस्सा न बने।

### परिणाम का अहसास

बच्चों को कुछ भी सिखना आसान नहीं होता। कई बार उन्हें डराना भी पड़ता है, इसलिए आप उन्हें बताएं कि अगर वे लोगों से ऐसे ही रूखा व्यवहार करते रहे तो कोई उनसे बात नहीं करेगा?और साथ नहीं खेलेगा। वहीं अगर बच्चा बोले कि 'मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता', तो डांटें नहीं, बल्कि प्यार से समझाएं।

### उदाहरण दें, उदाहरण बनें

बच्चों को सिखाने का सबसे प्रभावी तरीका है कि आप खुद उदाहरण प्रस्तुत करें। यदि आप दूसरों के साथ सहानुभूति दिखाती हैं तो बच्चे इसे देखकर खुद सीखेंगे। वहीं अगर आपको लगता है कि बच्चे के आस-पास कोई ऐसा व्यक्ति है, जो उसके लिए उदाहरण बन सकता है तो आप उसके व्यवहार से भी सिखाने की कोशिश करें। जब भी बच्चा किसी के साथ अच्छा व्यवहार करे तो उसकी सराहना करें। इससे उसे समझ आएगा कि सकारात्मक व्यवहार के लिए उसे सम्मान और प्यार मिलता है।

### भावनाओं का सही उपयोग

अधिकतर लोगों का जीवन भावनाओं की गलत अभिव्यक्ति करते-करते ही गुजर जाता है। ऐसे में आप अपने बच्चों को गुस्से या नकारात्मक भावनाओं को सही तरीके से व्यक्त करना जरूर सिखाएं। आप उन्हें सिखाएं कि गुस्से या झुंझलाहट के बावजूद दूसरों के साथ सम्मान से कैसे पेश आना है।

### सकारात्मक गतिविधियां

व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए उन्हें टीम वर्क, सहानुभूति और दूसरों की मदद करने जैसी गतिविधियों में शामिल करें। आप उन्हें सामूहिक खेल, समूह परियोजनाओं या समाज सेवा जैसे कार्यों में सम्मिलित करें। इससे उनके भीतर सहानुभूति और दूसरों की मदद करने की भावना विकसित होगी।

### ड्रॉइंग, क्ले, सैंड टॉय या म्यूजिक

बाल मनोवैज्ञानिक गार्गी मालगुड़ी कहती हैं, बच्चे के व्यवहार में रूखापन आने का मतलब है कि वह कहीं न कहीं भावनात्मक रूप से अस्थिर है। दूसरा कारण है कि वह अपने आस-पास के वातावरण और करीबी लोगों को देखकर ऐसा कर रहा है। तीसरा मुख्य कारण है कि उसे किसी चीज की कमी है, जो आप उसे दे नहीं रही हैं। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि आप बच्चे को अपना कीमती समय दें और उसे गहराई से समझें। जब आप उसे समझेंगी तो वह आपको बताएगा कि उसके जीवन में क्या उथल-पुथल चल रही है, जिससे उसका व्यवहार बदल गया है। सब समझने के बाद आप उसके व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए ड्रॉइंग, क्ले, सैंड, टॉय या म्यूजिक जैसी थेरेपी का सहारा ले सकती हैं।

# आपके ये ताने बनाते हैं बच्चों को जिद्दी और बिगड़ैल

कई बार कहा जाता है कि बच्चों के सामने उसकी तारीफ मत करो, वरना वो बिगड़ जाते हैं। लेकिन बच्चों को डांट लगाते समय पैरेंट्स ज्यादा सोचते नहीं है। उन्हें लगता है कि वो बच्चे को सुधार रहे हैं। लेकिन जरूरत से ज्यादा भी बच्चों को ताने मारना सही नहीं है, इससे उनको मानसिक स्तर पर असर पड़ता है। कई बातें वो दिल पर ले लेते हैं और नतीजन जिद्दी और बिगड़ैल हो जाते हैं। इसलिए बच्चों के साथ बात करते वक्त शब्दों का सही तरीके से चयन करना जरूरी है। अगर आप भी अपने बच्चों को ये ताने मार रहे हैं तो सर्तक हो जाएं, सुधरने के बजाए आपका बच्चा बिगड़ जाएगा। जब भी आप अपने बच्चों से ये शब्द कहते हैं कि तुम बेवकूफ हो तो उनका आत्मविश्वास टूट जाता है। बेवकूफ शब्द अपने आप में ही एक गाली है, जिससे बच्चे की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। इन तानों को सुनकर बच्चा अपना आत्मविश्वास खो बैठता है। इसलिए ये ताना बच्चों को बिल्कुल भी न दें। जब बच्चा आपकी बातों पर ध्यान नहीं देता है और न ही खुद शांत होता है तो उससे ये मत कहिए की ज्यादा नाटक का नाम देते हैं तो वह और ज्यादा उखड़ सकता है। इसलिए ऐसा मत कीजिए। अपने बच्चे को बार- बार बेवकूफ, नौंटकी, बुद्धू जैसे शब्दों से बुलाना आपके और आपके बच्चे के लिए हानिकारक हो सकता है।

# माता-पिता की इन आदतों से बच्चे बनते हैं अनुशासित

बच्चों का व्यवहार माता-पिता की आदतों का परिणाम होता है। बच्चे वैसा ही बर्ताव करते हैं, जैसा वह घर में देखकर सीखते हैं। अगर माता-पिता में से कोई भी एक अधिक आक्रामक या गुस्सैल होता है तो बच्चा भी वैसा ही बर्ताव करता है। उनके दिनचर्या को बच्चा भी अपनाता है। कह सकते हैं कि बच्चे माता-पिता का आईना होते हैं।

सकारात्मक रूटीन और जिम्मेदार व्यवहार के जरिए माता-पिता अपने बच्चे को अनुशासन में रहना सिखा सकते हैं। अभिभावक का व्यवहार अनुशासित, सम्मानपूर्ण और सर्वगुण संपन्न बच्चों को आकार देने में मदद कर सकता है। यहां कुछ अच्छी आदतों के बारे में बताया जा रहा है, जिसे हर बच्चा अपने माता पिता को देखकर सीखता है।

**नियमों का पालन**-नियम बच्चों को एक सीमा दायरे में रहने और उसके परिणामों को समझने में मदद करते हैं। जब माता पिता बच्चे के सामने सुसंगत नियमों को बनाते हैं और खुद इसे अपनाते हैं तो बच्चा भी इन्हीं नियमों के अंदर दिनचर्या बिताता है। नियमों को लेकर माता पिता की स्थिर स्थिति बच्चों के लिए अनुशासित व्यवहार को आसानी से अपनाने में सहायक होती है।

**उदाहरण से समझाना**-बच्चे जो देखते हैं, उसकी नकल करते हैं। जब माता पिता अपने कार्यों के जरिए अनुशासन को दर्शाते हैं, जैसे किसी टास्क को समय पर पूरा करना और भावनाओं को मैनेज करना, बच्चे भी समान व्यवहार को अपनाते हैं। ये शक्तिशाली उदाहरण बच्चे में समय के साथ आत्म अनुशासन का गुण डालता है।

**जिम्मेदार बनाएं**-उम्र के मुताबिक, बच्चे को काम सौंपे जैसे खिलौनों को साफ करना या अन्य छोटे-छोटे काम। इस तरह के कार्यों से बच्चे अपने कर्तव्यों को समझेंगे और जिम्मेदार बनेंगे। अभिभावक पाएंगे कि बच्चे के रोजमर्रा के जीवन में जिम्मेदारी लाने की कोशिश से बच्चा अनुशासित और आत्मनिर्भर बनेगा।

**समय का महत्व**-एक तय दिनचर्या को अपनाना खासकर खान-पान, खेल और सोने के निश्चित समय बच्चों को समय का महत्व समझाएगा। जब माता-पिता समय के पाबंद रहेंगे।

# लाडले खुद बनाएंगे स्वादिष्ट खाना, वो भी आग के बिना

व्यस्त मां के लिए बच्चों के खाने को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है। वे क्या खाएंगे, कौन बनाएगा, सही पोषण कैसे मिलेगा और कहीं वे बीमार न पड़ जाएं आदि? ऑफिस या किसी काम में व्यस्त होने पर मन में यह सवाल घूमते ही रहते हैं। लेकिन कल्पना कीजिए, अगर आपके बच्चे अपने छोटे-छोटे हाथों से खुद ही स्वादिष्ट और सुरक्षित तरीके से भोजन बना लें, वह भी बिना खुद को कोई नुकसान पहुंचाए। शायद आप कहेंगी, ऐसा हो जाए तो आपकी आधी चिंता दूर हो जाएगी। हालांकि यह असंभव नहीं है, कुकरी एक्सपर्ट के पास इसका एक खास तरीका है, जिसे 'नो फायर कुकिंग' के नाम से जाना जाता है। यह एक मजेदार, रचनात्मक और सुरक्षित तरीका है, छोटे शेफ्स को तैयार करने का।



**कुकिंग स्टाइल को समझें**-नो फायर कुकिंग एक ऐसा तरीका है, जिसमें खाना पकाने के लिए गैस, चूल्हा या किसी भी प्रकार की आग का उपयोग नहीं किया जाता। इसमें मुख्य रूप से ऐसी रेसिपी बनाई जाती हैं, जिन्हें बिना पकाए भी खाया जा सकता है, जैसे- सलाद, सैंडविच, फ्रूट चाट। यह तरीका खासतौर पर बच्चों, स्टूडेंट्स या उन लोगों के लिए उपयोगी है, जो जल्दी और हेल्दी खाना बनाना चाहते हैं। नो फायर कुकिंग पोषण से भरपूर, आसान और सुरक्षित होती है, इसलिए आज यह स्कूल प्रोजेक्ट्स और हेल्दी डाइट प्लान में शामिल है।

**आत्मनिर्भरता का भाव**-नो फायर कुकिंग न सिर्फ बच्चों को खाना बनाने का तरीका सिखाती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जिम्मेदार भी बनाती है। इस कुकिंग स्टाइल में बच्चे बिना आग के जरिए विभिन्न व्यंजन बनाना सीखते हैं। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी पसंद का भोजन खुद तैयार करने में सक्षम हो जाते हैं। यह प्रक्रिया बच्चों की फाइन मोटर स्किल्स, जैसे- जरूरी सामग्री की चीजें काटना, मिलाना या सजाना को भी बेहतर बनाती है। साथ ही बच्चे जब नई रेसिपी और स्वाद से परिचित होते हैं तो उनकी सोचने-समझने और रचनात्मक क्षमता का विकास होता है।

**सुरक्षा फिर भी जरूरी**-जब बच्चे किचन में होते हैं तो उनकी सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। इसलिए किचन में तेज चाकू और भारी उपकरणों को ऐसे स्थान पर रखें जहां बच्चे की पहुंच न हो। आप छोटे बच्चों को किचन के बुनियादी नियमों के बारे में समझाएं, जैसे कि गरम बर्तनों को न छूना, बिजली के उपकरणों से दूर रहना और साफ-सफाई का ध्यान रखना। इस तरह वे किचन में आत्मविश्वास से काम करेंगे और साथ ही सुरक्षित भी रहेंगे।

**पोषण का ध्यान**-भोजन का सिर्फ स्वादिष्ट होना ही काफी नहीं होता, बल्कि उसमें पोषण भी होना बहुत जरूरी है, खासकर बच्चों के लिए। इसलिए नो फायर कुकिंग में ताजे फल, हरी सब्जियां, दही, नट्स और बीज जैसे हेल्दी और पौष्टिक पदार्थ शामिल करें। ये न सिर्फ बच्चों के शरीर के विकास में मदद करते हैं, बल्कि उनकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाते हैं। उदाहरण के लिए, फलों का कटोरा बनाते समय संतरे, सेब, केला और अनार जैसे फल डालें, जिनमें विटामिन भरपूर होते हैं। दही या नट्स खाने से प्रोटीन और कैल्शियम मिलता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा है। बच्चों को यह समझाएं कि खाना केवल स्वाद के लिए नहीं, बल्कि शरीर को मजबूत बनाने के लिए भी होता है। इससे वे खाने को ज्यादा सम्मान देंगे और स्वस्थ आदतें विकसित करेंगे।

**रोजाना थोड़ा समय**-अगर आप रोजाना बच्चों को थोड़ा समय नो फायर कुकिंग के लिए दें तो यह उनकी आदत बन जाएगी और वे खाना बनाने में निपुण हो जाएंगे। रोजाना थोड़ी-सी कुकिंग से वे लगातार सीखेंगे, नई-नई चीजें ट्राई करेंगे और खाना बनाने का शौक विकसित करेंगे। इससे बच्चों में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और वे अपने भोजन के प्रति अधिक जिम्मेदार बनेंगे। इस प्रक्रिया से बच्चों का खान-पान भी बेहतर होगा, क्योंकि वे खुद अपने लिए हेल्दी और पौष्टिक विकल्प चुनेंगे। यह आदत जीवन भर उनके काम आएगी और वे भविष्य में स्वस्थ आहार का ही चयन करेंगे।


### ये भी बना सकते हैं

**वेज सैंडविच** -ब्रेड में बटर लगाकर उसमें खीरा, टमाटर, उबला आलू, नमक और चाट मसाला डालें।

**फ्रूट चाट**- कटे हुए मौसमी फल, जैसे केला, सेब, पपीता और अंगूर में नींबू और काला नमक मिलाएं।

**दही सलाद**-खीरा, टमाटर, प्याज, दही और थोड़ा-सा भुना जीरा मिलाकर ठंडी-ठंडी सलाद बनाएं।

**मसाला कॉर्न**- उबले हुए स्वीट कॉर्न में नींबू रस, नमक, चाट मसाला और बटर मिलाएं।



# क्या एआई खिलौने बच्चों की कल्पनाशक्ति को बढ़ा रहे हैं या कर रहे हैं सीमित?

एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आज सिर्फ लैपटॉप या मोबाइल में नहीं, बल्कि बच?चों के खिलौनों में भी पहुंच चुका है। सवाल है क्या यह बच्चों की कल्पनाशक्ति को बढ़ाता है या उसे बाधित करता है? 2015 में मटेल कंपनी ने हेलो बेबी नाम की एक इंटरनेट से जुड़ी डॉल लॉन्च की थी। यह बच्चे की बातें सुनती और एआई के जरिए जवाब देती थी। लेकिन रिसर्चर्स ने चेताया कि यह डॉल बच्चों की आवाज़ और निजी बातें रिकॉर्ड कर सकती है, जिससे प्राइवेसी जोखिम बढ़ जाता है। अंततः इसे सुरक्षा कमियों के चलते बंद कर दिया गया। हिम्स और एलॉन मस्क के बेटे से प्रेरित होकर एक सॉफ्ट टॉप खिलौना बनाया गया। शुरुआत में यह बच्चों को चौंका देने वाला था लेकिन जल्द ही बच्चों को इसकी बातचीत अनावश्यक और अजीब लगने लगी। इससे यह भी जल्दी बाज़ार से गायब हो गया।

### क्या बच्चों को सच में एआई की ज़रूरत है?

अरिज़ोना स्टेट यूनिवर्सिटी की रिसर्चर नाओमी अनुषर कहती हैं कि बच्चों की कल्पना और रचनात्मक शक्ति स्वाभाविक रूप से ही शानदार होती है। वे बिना किसी तकनीक के भी आम खिलौनों को जिंदगी देने में सक्षम होते हैं। इसलिए जरूरी नहीं कि एआई खिलौने ही बेहतर विकल्प हों।

### सकारात्मक उदाहरण : टॉनीबॉक्स ऑडियो प्लेयर

टॉनीबॉक्स एक छोटा ऑडियो प्लेयर है, जिसमें कैनेटर्स होते हैं जिनमें कहानियों और गानों को डाला जा सकता है। इसमें बच्चे अपनी आवाज़ रिकॉर्ड भी कर सकते हैं। इससे उन्हें इंटरैक्टिव अनुभव मिलता है बूढ़े यानी दादी-नानी की कहानियों को सुनने का मौका और अपनी आवाज़ अनुभव कराने का मौका।

### जांच के दो मुख्य पहलू

जब भी एआई खिलौने खरीदें, इन बातों का ध्यान रखें।

बच्चों के विकास पर यह कैसे असर डालेगा?

कल्पना और रचनात्मकता को बढ़ाएगा या सीमित करेगा?

सेफ्टी, गोपनीयता (प्राइवेसी) और सामग्री की गुणवत्ता।

एआई खिलौने एक दोधारी तलवार की तरह हैं। कुछ उदाहरण, जैसे टॉनीबॉक्स या ह्रुश्हह्रश प्लेयर, बच्चों के इंटरएक्टिव और क्रिएटिव विकास में मददगार हो सकते हैं। लेकिन इंस्टेंट चेट करना, रिकॉर्डिंग, या लाइफ-साइज संवाद जैसे खिलौने हमेशा सही नहीं होते। इसलिए आवश्यक है कि माता-पिता सावधानी से ही एआई खिलौने चुनें—ऐसे जो न केवल मनोरंजक हों, बल्कि सुरक्षित और बच्चों की प्राकृतिक कल्पना को समझने में सहायक भी हों।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ शनिवार, 5 जुलाई 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे दशमी तिथौ शनि वासरे 19/00/स्वाती नक्षत्रे 19/32/ सिद्ध योग 20/36/ तैतिल करणे 05/46/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** सोपपदा दशमी। वेदारंभ में अनध्याय। आशा दशमी। मेला शरीक भगवती(कश्मीर)।

**मेष :** आर्थिक सुद्धढ़ता आएगी। लाभ प्राप्ति के मार्ग बनेंगे। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। सोच समझ का निर्णय लेने पर लाभ होगा।

**वृष :** मित्रों का सानिध्य आएगा। कार्यों में आशातीत सफलता से हर्ष होगा। रोजी रोजगार के प्रयास सार्थक होंगे। वाणी से लाभ होगा।

**मिथुन :** सुख में कमी, कटु वचन ना कहे, यात्रा से लाभ होगा, धैर्य बनाए रखें, आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं।

**कर्क :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी, परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यावसायिक मामलों में प्रगति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा देशाटन मनोरंजन और दाम्पत्य सुख के भरपूर योग है।

**तुला :** धनागमन होगा। पूर्व निर्धारित योजनाएँ फलीभूत होंगी। रोजी - रोजगार में सम्मान होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। मानसिक परिश्रम की अधिकता रहेगी। नौकरी में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा।

**धनु :** चल-अचल संपत्ति में वृद्धि होगी। विरोधी परास्त होंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंध सुधरेंगे।

**मकर :** काम में रुकावट आएगी। इष्ट मित्रों का परिवार में समागम होगा। जीवन साथी के विचारों से असहमति होगी।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभ प्रिय होगी। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे।

### रंजिश के चलते महिला के साथ विवाद किए जाने की शिकायत

जालौन। रंजिश के चलते महिला के साथ विवाद किए जाने की शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली में की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी संगीता देवी ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही सुरेश कुमार उसके परिवार से रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी तभी सुरेश वहां आ गए और विवाद करने लगे। रोकने पर अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनऔषधि केंद्र व हेल्थ यूनिट केंद्र लैब का हुआ उद्घाटन

कोंच(जालौन)। उरई रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिन शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन के मुख्य आतिथ्य एवं भा ज पा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल और पालिकाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने फीता काटकर जन औषधि केंद्र और हेल्थ यूनिट केंद्र लैब का शुभारंभ किया इस अवसर पर अतिथियों ने बोलते हुए कहा कि जन औषधि के शुभारंभ से अब मरीजों को सस्ती दवाइयाँ उपलब्ध हो सकेंगी और उन्हें कहीं भटकना नहीं पड़ेगा और हेल्थ यूनिट केंद्र लैब के शुभारंभ से मरीजों की लीवर फंक्शन टेस्ट हार्मोन और यूरिन से सम्बंधित जांचे एवं शुगर समेत अन्य बीमारियों की जांचे हो सकेंगीं इस दौरान सी एच सी प्रभारी डॉ अनिल शाक्य डॉ गौरव शर्मा डॉ आर के गौर डॉ महेंद्र सचान डॉ सुधांशु फार्मेशिष्ट शिवजीत सिंह अजय झा सुशील चतुर्वेदी पवन गुप्ता शिवम कुमार सहित सभाषद बादाम सिंह कुशवाहा रविकांत कुशवाहा शिव सिंह कुशवाहा बाबूराम पाल मनीष नगरिया प्रदीप वर्मा अंकित यागिक राघवेंद्र निरंजन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## गौशालाओं के निरीक्षण में नोडल अधिकारियों की लापरवाही पर जिलाधिकारी का सख्त रुख

**13 अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध, 5 को प्रतिकूल प्रविष्टि, 3 से स्पष्टीकरण'**



उरई(जालौन)। जनपद में गौवंश संरक्षण और भरण-पोषण में नोडल अधिकारियों के निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर और रिपोर्ट न करने पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए बड़ी कार्यवाही करते हुए 13 अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध, 5 को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा 3 अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात के मद्देनज़र गौशालाओं में हरे चारे, शुद्ध पेयजल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था अनिवार्य है। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माने जाएंगे और उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी गौवंश सड़कों पर न दिखे, और यदि कोई पशुपालक गौवंश पर दावा करता है, तो उससे जुर्माना वसूल कर चेतावनी दी जाए। बताते चलें कि जनपद की 82 गौशालाओं में नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो नियमित गौशालाओं की निरीक्षण करते हैं और रिपोर्टिंग करते हैं, नोडल अधिकारियों ने गौशालाओं के निरीक्षण में रुचि नहीं अपनाई गई। जिनकी मासिक समीक्षा जिलाधिकारी करते हैं, जबकि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा साप्ताहिक एवं पाक्षिक समीक्षा के माध्यम से व्यवस्थाओं की निगरानी की जाती है। 13 अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध अंजली अग्रवाल, अजय कुमार, रामवीर सिंह यादव, मोहन सिंह यादव, हेमंत कुमार नामदेव, नवीन तिवारी, साजिद खान, मधुवेश पाठक, हरपाल सिंह, पुष्कर दीक्षित, हृदयेश गौतम, सत्येन्द्र गंगवार, देवेंद्र सिंह निरंजन। 5 अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि संदीप गुप्ता, विजय कुमार, रामवीर सिंह यादव, मोहन सिंह यादव, मधुवेश पाठक। 3 अधिकारियों से स्पष्टीकरण भरत प्रताप, पुष्कर दीक्षित, साजिद खान। 1 अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देवेंद्र सिंह निरंजन।जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं की समय-समय पर औचक निरीक्षण करें तथा स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारियों को और अधिक सक्रिय बनाएं ताकि गौवंश को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अवस्थी गौशाला कंट्रोलरूम प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह,सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हदरूख के कंपोजिट विद्यालय में में संचारी रोग की रोकथाम के लिए निकाली जागरुकता रैली

**संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया एसडीएम जालौन ने**



कुठौंद(जालौन)। विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत हदरूख के कंपोजिट विद्यालय में जालौन उप जिला अधिकारी विनय कुमार मौर्य ने सर्वप्रथम सरस्वती माता की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जुलित कर फूलमाला पहनाकर सरस्वती वंदना की तथा इसके बाद संचारी रोगों की रोकथाम के लिए कंपोजिट विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं तथा स्टाफ के साथ जागरूकता रैली ग्राम में भ्रमण कर निकाली रैली के दौरान उप जिला अधिकारी विनय कुमार मौर्य के साथ दिग्विजय सिंह खंड शिक्षा अधिकारी, शिवदीन चैधरी डीसी, तेज बहादुर सिंह चैधरी नोडल अधिकारी,मुकेश कुमार द्विवेदी संकुल शिक्षक,श्रीमती शशि कला पांडे प्रधानाध्यापक, श्रीमती किरण यादव सहायक अध्यापक,श्रीमती अर्चना निगम सहायक अध्यापक,श्रीमती कमला देवी सहायक अध्यापक, मंगल सिंह प्रजापति सहायक अध्यापक, राजकुमार शर्मा सहायक अध्यापक, अवधेश यादव सहायक अध्यापक, शिवेंद्र प्रताप सिंह सहायक अध्यापक,श्रीमती रितु दुबे सहायक अध्यापक,श्रीमती प्रियंका सडिल सहायक अध्यापक तथा अभिलाष शिक्षामित्र धर्मवीर सिंह शिक्षा मित्र जगदीश सिंह शिक्षामित्र श्रीमती नीलम गुप्ता एएनएम कुमारी वीर वाला सी एच ओ, अवधेश कुमार ग्राम प्रधान श्रीमती श्यामवती आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती योशु पांडे आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती माया देवी,श्रीमती कमला देवी तथा आशा कार्यकत्रियों राजकुमारी,रूबी,सारिका आदि ने रैली में भाग लिया रैली के बाद उप जिला अधिकारी विनय कुमार मौर्य ने स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए संचारी रोग के बारे में जानकारी दी उन्होंने बताया कि अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें और कूड़ा को कूड़ेदान में ही डालें जिससे कि होने वाले संचारी रोग से बचाव किया जा सके।



## .भा.उद्योग व्यापार महिला मंडल ने पालिका ई ओ से मुलाकात कर रखी नगर की समस्याएं

कोंच(जालौन)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर अध्यक्ष रश्मि मित्तल ने अपनी टीम के साथ दिन शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव से पालिका कार्यालय में मुलाकात कर नगर प्रमुख समस्याओं को रखा जिनमें नगर अध्यक्ष रश्मि मित्तल ने ई ओ को बताया कि नगर की नालियों की साफ सफाई किये जाने की मांग की वहीं अर्चना सोनी ने नगर लाइट की समस्या को रखते हुए बताया कि अधिकतर खम्भों पर लाइटें नहीं जल रही है और सपना अग्रवाल ने ई ओ से मांग करते हुए कहा कि नगर के प्राचीन व प्रमुख सागर तालाब की साफ सफाई की जाए जिससे नगर वासी घूमने आ सकें वहीं ई ओ ने उक्त समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए आश्वस्त किया जो आप लोगों की समस्याएं है उन्हें प्राथमिकता से पूर्ण करायीं जायेगीं।

## शासन की मंशानुरूप कार्य करने का वायदा किया एसडीएम ने

**0 लंबित मामलों को शीघ्र से शीघ्र कैसे निस्तारित किया जाए इस बात पर रहेगा जोर- अतुल**



कालपी(जालौन)। वैसे तो कालपी मेरे लिए कोई नई जगह नहीं क्यों कि मैं यहाँ पूर्व से ही बतौर न्यायिक उप जिलाधिकारी तैनात ही था हाँ अब एस डी एम प्रशासन का पद भार मिल गया है। उक्त बाते एक औपचारिक भेंट में नवागंतुक उप जिलाधिकारी अतुल कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता रहेगी कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिले इतना ही नहीं शासन के निर्देशानुसार एक तय समय सीमा में ही राजस्व मामले निस्तारित हो। उन्होंने यह भी कहा कि आई जी आर एस के मामले बिल्कुल पारदर्शिता के साथ निस्तारित हो श्री कुमार ने कहा कि सी एम डैश बोर्ड में कालपी की कम रैंकिंग आने की वजह यानि की प्रभावित करने वाले कारक खोजकर उसमे कार्य किया जाएगा। आगामी त्यौहारों के मद्देनजर साम्प्रदायिक सौहार्द अच्छा बना रहे इस पर सभी का प्रयास रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मेरा प्रयास है कि जिला प्रशासन के दिशा निर्देशन पर शासन की मंशानुरूप कार्य करूँ जनता को शिकायत का मौका न दू। हमारे दरवाजे हर जरूरतमंद के लिए सदैव खुले हैं।अतुल कुमार को न्यायिक उप जिलाधिकारी के साथ साथ कालपी उप जिलाधिकारी प्रशासन का चार्ज मिलने की जानकारी होने पर कालपी के बार ऐसोशिएशन के अध्यक्ष एड. अमर सिंह निषाद, पूर्व अध्यक्ष गयादीन, जय किशोर कुलश्रेष्ठ, रवींद्र श्रीवास्तव, देवेंद्र श्रीवास्तव, दीपचंद्र सैनी आदि लोगों ने बधाई दी।

## हार, जीत की बाजी लगा रहे तीन जुआरियों को दबोचा

जालौन। बंद पड़े पेट्रोल पंप परिसर में हार, जीत की बाजी लगा रहे तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 5990 रुपये नकद व मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उरई मार्ग पर स्थित बंद पेट्रोल पंप परिसर में कुछ लोग बैठकर हार, जीत की बाजी लगा रहे थे। इसकी सूचना किसी ने चैकी पर तैनात एसआई रमेशचंद्र को दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुची पुलिस को देखकर हार जीत की बाजी लगा रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से साहिल निवासी घुआताल, गौरव निवासी धर्मशाला व विष्णु निवासी गणेशजी को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने मोबाइल फोन, ताश की गड्डी व फड़ से 5600 व जामा तलाशी के दौरान 390 रुपए बरामद किए। पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सार्वजनिक जुआ अधिनियम की के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अधिकारियों ने मोहर्रम जुलूस के रूट तथा मेले के कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा



कालपी(जालौन)। आगामी 6 जुलाई को आयोजित होने वाले मोहर्रम मिले तथा ताजिया जुलूस रूट का पुलिस अधिकारियों के द्वारा घूम घूम कर स्थल निरीक्षण किया गया। तथा जनता से एवं ताजी आधारों से संवाद स्थापित किया।

मालूम हो के परंपरा का तरीका से नगर के अलग-अलग इमाम चैकों से 11 ताजिए श्री दरवाजे में सुबह 5:00 बजे पहुंचेंगे तथा मिसाल बंद होकर ताजिया जुलूस पूर्वाहन 10 बजे तक निकल जाएगा। इसके बाद कर्बला के मैदान में परंपरागत तरीके से मोहर्रम का मेला आयोजित होगा। त्योहारों को कुशलतापूर्वक निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस विभाग पूरी तरीके से मुस्तैद है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा क्षेत्राधिकार अवधेश कुमार सिंह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी एडिशनल इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ ने इमाम चैकों का निरीक्षण किया जुलूस के रूट श्री दरवाजा बड़ा बाजार दीवान आलिया आज जगह भ्रमण किया गया। इसी प्रकार अधिकारियों की टीम ने अलाव स्थल कभी निरीक्षण किया ताजिया दरों तलत तथा कार्यक्रमों के आयोजनों से संवाद स्थापित कर उचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की गई। 6 तारीख को आयोजित होने वाले मोहर्रम के ताजिया मेले में का पुलिस अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया। इसी तारतम में नगर पालिका परिषद के द्वारा जुलूस के रूट इमाम चैकों तथा मोहर्रम मेले के स्थान में सफाई की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। खुफिया विभाग के लोग कर्मचारी भी नजर रखे है।

## कारवां टॉकीज अभियान ने ललितपुर के ग्रामीण अंचलों में भरी देशसेवा की प्रेरणा-ए.डी.एम.

ललितपुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुये बताया कि भारतीय सेना द्वारा उत्तर प्रदेश के सुदूर और पिछड़े इलाकों तक पहुँचने तथा ग्रामीण युवाओं को सेना में कैरियर के लिए प्रेरित करने हेतु चार दिवसीय कारवां टॉकीज अभियान का शुभारंभ जनपद में किया गया, यह अभिनव पहल भारतीय सेना के रिक्रूटिंग निदेशालय एवं मुख्यालय भर्ती जोन लखनऊ के तत्वावधान में तथा ए.आर.ओ. आगरा के समन्वय से संचालित की जा रही है, अभियान के पहले दिन ऋषि राज इंटर कॉलेज बिरारी और रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खड़ोवरा में कार्यक्रम आयोजित किए गए, यहाँ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीणों ने भाग लिया और सेना की इस अनोखी जागरूकता पहल को सराहा, विशेष रूप से सुसज्जित कारवां टॉकीज वैन, जिसमें एक बड़ा एलईडी स्क्रीन, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और प्रेरणादायक पोस्टर व बैनर लगे थे ने दर्शकों को भारतीय सेना के जीवन, अनुशासन और अवसरों की एक जीवंत झलक दी, वीडियो प्रस्तुतियों, डॉक्यूमेंट्रीज और सैनिकों की वास्तविक जीवन कहानियों के माध्यम से यह अनुभव और भी प्रभावशाली बन गया, अभियान की खासियत रही व सीधा संवाद और मार्गदर्शन, सेना के प्रतिनिधियों ने भर्ती प्रक्रिया, योग्यता मानदंड, प्रशिक्षण और कैरियर ग्रोथ के विषय में विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने छात्रों से व्यक्तिगत बातचीत कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और सेना में शामिल होने की दिशा में ठोस मार्गदर्शन प्रदान किया। खड़ोवरा महाविद्यालय की एक छात्रा ने कहा कि यह अभियान हमारे लिए एक नई दुनिया के द्वार खोलता है, अब हमें समझ में आया कि सेना में शामिल होने के लिए क्या-क्या करना होता है। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता, इंटरएक्टिव गेम्स, और देशभक्ति से ओत-प्रोत गतिविधियाँ भी आयोजित की गई, जिससे युवाओं में और अधिक उत्साह देखने को मिला। अगले तीन दिनों में कारवां टॉकीज और भी अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेगी, ताकि उन युवाओं तक पहुँचा जा सके जो सामान्यतः ऐसी जानकारी से वंचित रह जाते हैं।

## 6 से 14 वर्ष आयुवर्ग के आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन हेतु जुलाई, अगस्त और सितंबर में होगा डोर टू डोर सर्वे

**151 जर्जर विद्यालयों का होगा ध्वस्तीकरण, कराया जाएगा पुनर्निर्माण**

**परिषदीय विद्यालयों के 1041 चिन्हित दिव्यांग बच्चों के सापेक्ष 654 दिव्यांग बच्चों का बना दिव्यांगता प्रमाण पत्र**

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र, आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन, नामाकन, पंजीकरण एवं जर्जर भवन, विद्युत संयोजन, हाई टेंशन लाईन से संबंधित विन्दुओं पर चर्चा की गयी, जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त बिन्दुओं पर प्रस्तुतीकरण किया गया, उन्होंने बताया कि 1041 चिन्हित दिव्यांग बच्चों के सापेक्ष 654 दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ब्लॉक स्तर एवं संकुल स्तर पर सघन कैम्प का आयोजन कर समस्त दिव्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र जारी किया जाये, इसके लिए मेडिकल बोर्ड का गठन कर लें, जिसमें ऑर्थोपेडिक ईएनटी, आई सर्जन, मनोचिकित्सक व चाइल्ड स्पेशलिस्ट अनिवार्य रूप से रहें व बैठक में 6 से 14 वर्ष आयुवर्ग के आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन, नामांकन, पंजीकरण हेतु परिवार सर्वेक्षण दो चरणों में किया जायेगा व प्रथम चरण 31 जुलाई तक एवं दूसरा चरण 16 अगस्त से 15 सितम्बर तक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, बीटीसी प्रशिक्षुओं के द्वारा घर-घर जाकर परिवार सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा व माध्यमिक विद्यालयों में किए जा रहे सर्वे की तर्ज पर परिषदीय विद्यालयों हेतु आउट ऑफ स्कूल बच्चों का सर्वे किया जाए उसके लिए उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देश दिए की वह प्रतिदिन किसी न किसी गांव का सर्वे अवश्य करें, जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण व पुनर्निर्माण के संबंध में बताया गया कि जनपद में तकनीकी टीम द्वारा 218 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया जिनमें से 151 विद्यालय जर्जर घोषित किए गए जिनका पुनर्निर्माण किया जाना है, जनपद में 77 ऐसे विद्यालय हैं जिनके ऊपर से हाई टेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है इनमें से 8 विद्यालयों की विद्युत लाइन शिफ्ट की जा चुकी है, 69 विद्यालय शेष हैं, इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अवशेष विद्यालयों में से न्यूनतम धनराशि की आवश्यकता वाले 10 विद्यालयों का प्रस्ताव प्रेषित किया जाए ताकि फर्स्ट फेज में उनका कार्य कराया जा सके। बैठक में बताया गया कि विद्युत संयोजन हेतु 43 विद्यालयों की धनराशि जमा की जा चुकी है जिनके लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है 15 दिवस के भीतर विद्युत संयोजन कर दिया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य विभागों से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद भी चोरी की गई मोटर साइकिल का नहीं चला पता

कालपी(जालौन)। बीती रात को नगर के व्यापारी के घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाश के द्वारा चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना पाते हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज के माध्यम से पता लगाने में जुटी हुई हैं। उक्त प्रकरण के संबंध में वादी संदीप कुमार पुत्र स्वर्गीय प्रेम बाबू पुरवार निवासी मोहल्ला राम चबूतरा ने बताया कि 3 जुलाई की शाम करीब 7 बजे अपनी दुकान बंद करके घर आया और मोटर साइकिल घर के दरवाजे पर खड़ी कर दी और वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आकर देखा तो मोटर साइकिल गायब थी। सीसीटीवी फुटेज में देखा तो एक अज्ञात बदमाश मोटर साइकिल नंबर यूपी-92-के- 0458 पैशन प्रो सिल्वर कलर तो देर शाम 8:30 बजे अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले जाता दिखाई दिया है। पुलिस ने उक्त प्रकरण का मुकदमा अज्ञात बदमाश के खिलाफ दर्ज कर लिया है। उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह भदौरिया उक्त प्रकरण की जांच करने में जुट गए। मालूम हो कि व्यापारी का मकान घनी आबादी के बीच में है जहां देर रात तक आवाजाही होती रहती है। ऐसे स्थान से चोरी की घटना को बदमाश द्वारा अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी टरननगंज चैकी इंचार्ज सुरेश चंद, उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया ने घटना स्थल का जायजा लेकर आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पुलिस रात भर बदमाश की तलाश में जुटी रही, लेकिन सफलता हासिल नहीं हो सकती। पुलिस के मुताबिक जल्द ही बदमाश का पता लगा लिया जाएगा।

### राजस्व निरीक्षक के साथ अभद्रता करने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा,

कालपी(जालौन)। तहसील कालपी में कार्यरत चुरखी सर्किल के राजस्व निरीक्षक के साथ गाली गलौज तथा अभद्र व्यवहार करने पर आरोपी के खिलाफ थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस घटना पर राजस्व कर्मियों ने नाराजगी जताई है। इस घटना में पीड़ित राजस्व निरीक्षक सुरेश चंद्र ने थाना चुरखी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 1 जुलाई 2025 को प्रार्थी अपने तहसील कार्यालय में बैठकर शासकीय कार्य निपटा रहा था।इसी दौरान चुर्खी थाना क्षेत्र के निवासी आरोपी अरविंद कुमार ने अपने मोबाइल के माध्यम से हमारे फोन नंबर पर मां बहिन की गंदी-गंदी गाली वकने लगा। प्रार्थी ने गालियां बकने से रोका तो वह नहीं माना। इससे आहत होकर प्रार्थी अपने साथी कर्मचारियों के साथ थाना चुर्खी में शिकायत करने जा रहा था। तभी गांव के पास दिनांक 2 जुलाई 2025 को आरोपी अरविंद ने फिर रोक लिया तथा धमकी दी है कि अगर शिकायत की तो जान से मार दूंगा। इस घटना से प्रार्थी काफी परेशान है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। तथा आरोपी की तलाश शुरू कर दी। लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष अनूप कुमार तिवारी तथा राजस्व कर्मचारियों ने इस घटना की निंदा करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

### एस डी एम ने जे ई संग नदी बहाव से कटी सड़क का किया निरीक्षण

कोंच(जालौन)। उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने दिन शुक्रवार को अवर अभियंता और पुलिस बल के साथ सलैया बुजुर्ग मार्ग का नदी के बहाव से हुई सड़क कटान का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु एकशियन पी डब्ल्यू डी को पत्राचार द्वारा अवगत कराया वहीं भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाते हुए थानाध्यक्ष कैलिया को निर्देशित किया गया वहीं नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए बैरी केटिंग लगवाने के लिए भी निर्देशित किया गया उन्होंने यह भी कहा कि बालू एवं मिट्टी की बोरी भराव कटान रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए और रात्रि में किसी भी आपात स्थिति से बचाव के लिए गार्ड की तैनाती के लिए निर्देशित किया गया।

### हरसिंगपुर में शनि देव मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने गाय को मारी टक्कर

कुठौंद(जालौन)। विकासखंड कुठौंद क्षेत्र अंतर्गत हरसिंग़पुर में शनि देव आश्रम के पास उरई औरैया स्टेट हाईवे पर आवारा घूम रही गौ माता को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मारी जिससे गौ माता के पीछे के दोनों पेर टूट गए और गौ माता बुरी तरह से घायल हो गई घटना की सूचना पत्रकार द्वारा कुठौंद पशु चिकित्सा अधिकारी रवि तिवारी को दी गई सूचना मिलते ही रवि तिवारी ने तत्काल पशुधन प्रसार अधिकारी आसिफ हुसैन को घटनास्थल पर भेजा और घायल गौ माता का इलाज करवाया, कुठौंद क्षेत्र के अंदर आए दिन आवारा घूम रहे गौ वंशों का एक्सीडेंट हो रहा है जिन्हें जिंदा में ही कौवे व कुत्ते नोच नोच कर खाते हैं जो बहुत ही दर्दनाक है जबकि जिम्मेदार अपनी जुम्मेदारी निभाने में असमर्थ हैं।

### पी डब्लू डी की भ्रष्टाचार की एक और मिसाल मिली देखने को,

**0 नैनापुर से भदेख तक संपर्क डलवाया गया मानक विहीन,**

कुठौंद(जालौन)। विकासखंड कुठौंद क्षेत्र अंतर्गत उरई औरैया स्टेट हाईवे से नैनापुर से भदेख की ओर जाने वाला संपर्क मार्ग अभी 8 दिन पहले ही डलवाया गया था जो जगह-जगह खराब हो गया ग्राम पंचायत भदेख के ग्रामीणों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा नैनापुर से भदेख की ओर जाने वाला संपर्क मार्ग जिसकी लंबाई लगभग 2.5 किलोमीटर है जिसमें ठेकेदार के द्वारा मानक विहीन कार्य कराया गया जिससे रोड बनते ही खराब हो गया यह कोई नया मामला नहीं है जितने भी विकासखंड कुठौंद क्षेत्र के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी द्वारा संपर्क मार्ग डलवाए हैं वह सभी मानक विभिन्न डलवाए गए हैं जिससे कि रोड बनते ही उखड़ जाता है तो पीडब्ल्यूडी की भ्रष्टाचार वाली नीति खुलकर सामने आ रही है यही नहीं जिन सड़कों पर या संपर्क मार्गों पर पैच वर्क कराया गया है वह 2 महीने भी नहीं चल पाया मानक के अनुरूप मरम्मत न होने से जो गड्ढे पैच वर्क के जरिए भरे गए थे वह फिर से अपना आकर ले चुके हैं क्षेत्रीय लोगों ने नैनापुर एवं भदेख़ संपर्क मार्ग की मरम्मत में की गई गड़बड़ियों की जांच कराए जाने की मांग की है।

### बाल विकास परियोजना में हुआ संचारी रोग बैठक का आयोजन

तालबेहट। जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह एवं शासन के आदेश के क्रम में बाल विकास परियोजना में संचारी रोग की बैठक का आयोजन श्रीमती रामबाई पाल प्रभारी बाल विकास परियोजना की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग से अशोक कुमार एवं धीरज कुमार ने अपने सम्बोधन में माह जुलाई में संचारी रोग व दस्तक अभियान के बारे में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। इस अवसर पर रामबाई पाल द्वारा माह जुलाई से सितम्बर अभियान के बारे में कार्यकर्तियों को जानकारी दी गयी व बैठक के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को ब्लॉक से प्राप्त सहजन के पौधों का वितरण किया गया। इस मौके पर समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, कु. मोनिका सक्सेना पंचायत सहायक, ब्रजेश पस्तोर, देव सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जनपद की सभी तहसीलों में आज आयोजित होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज 'तहसील मड़ावरा' में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिलाधिकारी जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। इसके अतिरिक्त तहसील तालबेहट में अपर जिलाधिकारी एवं अन्य तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारी जनसुनवाई करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

## इस्कॉन की भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

चित्रकूट ब्यूरो- अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा जिला मुख्यालय के नगर क्षेत्र में भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के रथ को खीचा और प्रसाद ग्रहण किया।

भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा का शुभारंभ इस्कॉन के प्रदेश प्रमुख प्रेम हरिनाम व जिला प्रमुख अनन्तबलदेव अरविंद ने रथ की रस्सी खींच कर किया। सखा निताई एवं उनकी मण्डली द्वारा रथ यात्रा के दौरान श्रीकृष्ण नाम का संकीर्तन किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस्कॉन के संस्थसापक संस्थापक एसी भक्तिवेदांत प्रभुपाद की प्रेरणा से प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में हजारों शहरों में भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है। चित्रकूट जनपद में भी विगत तीन वर्षों से इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह रथ यात्रा जिला मुख्यालय स्थित अग्रवाल धर्मशाला से शुरु की गई। जो नगर भ्रमण करते हुए धतुराहा चैराहा में समाप्त की गई। इस दौरान इस्कॉन के प्रदेश प्रमुख प्रेम हरिनाम ने सभी भक्तों को श्री जगन्नाथ कथा में रथ यात्रा का महत्व बताया। रथ यात्रा भ्रमण के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, समाजसेवी रामबाबू गुप्ता, गयाप्रसाद द्विवेदी, डॉ विभांशु गुप्ता, गजेन्द्र सिंह, गोपीकिशन अग्रवाल, रोहित जायसवाल, पुनीत अग्रवाल, शिवम गुप्ता, महेंद्र केशरवानी, शुभम तिवारी, अनूप गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, पवन कुमार, डॉ सौरभ गुप्ता, डॉ सुरुचि आर्य, सुनील सुहाने, डॉ अंकुश केशरवानी, डॉ रचित पांडेय, नवल पाण्डेय, दिशांत गुप्ता, भरत सिंह, जितेंद्र सिंह, राहुल अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

## नो इंट्री के लिए टाइम निर्धारित

चित्रकूट ब्यूरो- मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जनपद में पांच जुलाई शनिवार को प्रातः 05:30 बजे से छह जुलाई रविवार की रात्रि 21:30 बजे तक आवश्यक वस्तुओं के वाहनों को छोड़कर समस्त भारी एवं मध्यम माल वाहनों का नगर में प्रवेश एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि छह जुलाई की रात्रि 21:30 बजे के बाद से आगामी 30 दिवस तक या नवीन आदेश दिए जाने की तिथि तक नगर क्षेत्र में पूर्व के आदेशानुसार वाहनों का परिवहन होगा। बताया कि मुहर्रम के दृष्टिगत लोढ़वारा मोड, राजापुर मार्ग में प्रातः 05:30 बजे से 21:30 बजे तक, रेलवे क्रॉसिंग के पूर्व प्रयागराज रोड में प्रातः 05:30 बजे से 22:00 बजे तक, खोह (पुलिस लाईन तिराहा) मानिकपुर रोड में प्रातः 05:30 बजे से 22:00 बजे तक, शेषनपुरवा मोड़ सोनेपुर, सतना रोड में प्रातः 05:30 बजे से 22:30 बजे तक तथा बेड़ी पुलिया (मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा) बांदा रोड में प्रातः 05:30 बजे से 23:00 बजे तक भारी व मध्यम वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कहा कि प्रातः 05.30 बजे से पहले नो इन्ट्री बैरियरों में प्रवेश करने वाले सभी भारी व मध्यम माल वाहन प्रातः 06:00 बजे से पहले प्रत्येक दशा में नो इन्ट्री क्षेत्र से बाहर निकल जाएं। इसके अलावा निर्मोही अखाड़ा यूपी एमपी बार्डर से बेड़ी पुलिया तिराहा तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत नया नो इन्ट्री मार्ग घोषित किया गया है। बताया कि नगर क्षेत्र में वैवाहिक, धार्मिक, त्यौहार, जुलूस, झांकी, शोभा यात्रा व राजनैतिक कार्यक्रमों आदि के दृष्टिगत नो इन्ट्री के समय में परिवर्तन किये जाने पर परिवर्तन की सूचना नो इन्ट्री बैरियर पर ही दी जायेगी।

## परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

चित्रकूट ब्यूरो- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इसके साथ ही एसपी ने परिसर के अन्य पटलों का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। परेड के निरीक्षण के दौरान एसपी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया तथा सभी टोलियों की ड्रिल देखकर आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। इस दौरान परेड ग्राउण्ड में आर्मोरर ने सभी को शस्त्रों का खोलने, जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी। इसके साथ ही एसपी ने उपस्थित सभी टोलियों व रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर और अनुशासित रहने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए तथा स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ भी करायी। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन स्थित परिवहन शाखा जाकर सभी थानों से आयी चार पहिया व दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे अन्य वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिय। इसके अलावा एसपी ने डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, मंदिर, भोजनालय, आर्मरी आदि का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। एसपी ने क्वार्टर गार्द का भी निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, प्रभारी आरआई राकेश समाधिया, पीआरओ प्रदीप पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आत्म निर्भर बनने का सपना हो रहा साकार

- खुशहाल बचपन के लिए चल रही मिशन वात्सल्य की मुहिम

बॉदा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हर वर्ग के नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजना लागू कर उनके उज्जवल भविष्य को सवांरा है। बालिकाओं, किशोरियों, महिलाओं सहित वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, पति की मृत्योपरान्त निराश्रित महिलाओं, अनुसचित जातिध्जनजाति के लोगों पिछड़ों, गरीबों श्रमिकों सहित समाज के कमजोर वर्गो को रोजगार के अवसर सहित विभिन्न संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए एक केन्द्र प्रायोजित योजना मिशन वात्सल्य (पूर्व की बाल संरक्षण सेवा योजना) शुरू की है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना, उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना, हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक ईको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो। इसके साथ ही राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को किशोर न्याय कानून 2015 के अनुरुप सुविधाएं मुहैया कराने तथा सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना है। मिशन वात्सल्य अंतिम उपाय के रूप में बच्चों के संस्थागतकरण के सिद्धांत के आधार पर कठिन परिस्थितियों में बच्चों की परिवार आधारित गैर-संस्थागत देखभाल को बढ़ावा दिया जाता है। मिशन वात्सल्य के मुख्य कार्यों में संवैधानिक निकायों के कामकाज में सुधार लाना, सेवा प्रदान करने के ढांचे को मजबूत बनाना, संस्थागत देखभाल और सेवाओं के स्तर में वृद्धि करना, गैर-संस्थागत समुदाय आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करना, आपात स्थिति में पहुंच उपलब्ध कराना, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शामिल हैं।

मिशन वात्सल्य को केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के तौर पर केन्द्र तथा राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच निर्धारित लागत बंटवारा अनुपात के अनुरूप लागू किया गया है। मिशन वात्सल्य योजना प्रदेश में संचालित है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक कुल 1713 बालकों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से पुनर्वासित किया गया है। अभी तक 1007 बच्चों को स्पॉन्सरशिप से तथा 05 बच्चों को फॉस्टर केयर के अंतर्गत लाभान्वित किया गया है। प्रदेश में वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक कुल 93658 बच्चों को उनके माता-पिताध्अभिभावकों से मिलाया गया तथा 1707 संभावित बाल विवाह रोके गये हैं।

# चोरी के माल के साथ पकड़ा गया चोर

**- चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया खुलासा**

- पूर्व में की गई चोरी का भी खुला राज



बांदा। चोरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक चोर को पकड़ा है। वहीं उसका सहयोगी फरार है। जिसकी तलाश जारी है। इधर पूर्व में की गई चोरी की घटना का भी पुलिस ने राज खोला है। चोर के कब्जे से नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी करने वाले अभियुक्त को सूचना के 24 घण्टे के भीतर अवैध तमंचा व चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि थाना अतर्रा क्षेत्र के महोतरा के रहने वाले रामनरेश यादव ने गुरुवार को अपने घर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी किए जाने के सम्बन्ध में सूचना दी। जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। इस क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को महोतरा से सूचना के 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा 315 बोर, जिन्दा कारतूस तथा आभूषण सहित 58 हजार 800 नगद रुपए बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने बताया कि 2 जुलाई की रात्रि को महोतरा में चोरी की थी जिसके ये सभी बरामद आभूषण व 50300 रुपये नगदी है तथा कुछ दिन पूर्व उसने थाना बदौसा क्षेत्र के ग्राम दुबरिया से चोरी की थी जिसके 8500 रुपये नगद है। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम योगेन्द्र उर्फ नगेन्द्र वर्मा पुत्र देवनाथ उर्फ भग्गू वर्मा निवासी पुन्ना का पुरवा, खटौरा थाना अतर्रा बताया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ऋषिदेव सिंह, उपनिरीक्षक संतलाल सरोज, प्रदीप कुमार सोनी, आरक्षी पंकज सिंह, शुभम सिंह, कृष्णकान्त शामिल रहे।

# सहायक चकबंदी अधिकारी की लापरवाही पर खफा हुए डीएम

चित्रकूट ब्यूरो- चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता मे कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने चकबंदी कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने सहायक चकबंदी अधिकारी श्याम लाल गौतम द्वारा चकबंदी कार्यों में लापरवाही बरतनें पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने चकबन्दी निदेशालय से निर्गत एक से नौ प्रारूपों पर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि जनपद में भूचित्र पुनरीक्षण अंतर्गत आठ ग्रामों में कार्य किया जा रहा है, लेकिन ग्राम औदहा में जन विरोध के कारण अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसी प्रकार धारा आठ पड़ताल के स्तर पर कुल 12 ग्राम है, जिनमें से दो ग्रामों में पड़ताल का कार्य चल रहा है तथा शेष ग्रामों के चकबन्दीकर्ता के कब्जा परिवर्तन में लगे होने के कारण पड़ताल कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। इसके अलावा ग्राम ऐंचवारा, मिर्जापुर, डुडौली तथा महरुच में चक सीमांकन कराया जा रहा है, जिनमें से ग्राम महरुछ का कब्जा परिवर्तन पूर्ण किया जा चुका है। इस पर डीएम ने संबंधित चकबन्दी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कब्जा परिवर्तन प्रत्येक दशा में 15 जुलाई तक पूर्ण कराएं। डीएम ने समीक्षा में पाया कि चकबन्दी न्यायालयों में जनपद के पांच वर्ष से अधिक अवधि के मुकदमें विचाराधीन नहीं है। बताया कि जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा 52 के अन्तर्गत ग्राम खरौंध लक्षित है, जिसमें ग्राम के अंतिम अभिलेख तैयार कराये जा रहे है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मनोहर लाल वर्धन, चकबंदी अधिकारी संजय शुक्ला, शरद चंद्र यादव, धीरेन्द्र शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पत्रकार को पितृ शोक

भरतकूप, चित्रकूट- भरतकूप क्षेत्र के पत्रकार नारायण सिंह सिसौदिया के पिता राधे सिंह सिसौदिया का बीते गुरुवार को निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि गुरुवार को राधे सिसौदिया (70) कुएं में नहाने गए थे। इस दौरान वह पैस फिसलने से नीचे गिर गए। जिससे उनकी मृत्यु हो गई। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरु की। जिसके बाद उनका शव का बरामद हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। यहां शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी और मान्यता प्राप्त पत्रकार राजेन्द्र सिसौदिया समेत जिले के तमाम पत्रकारों ने घटना पर शोक व्यक्त किया है।

# माँ के नाम के जरूर लगाए एक वृक्ष-रीभा

जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में डीएम ने किया वृक्षारोपण

- वृक्ष लगाए जाने के साथ दूसरों को भी वृक्ष लगाने के लिए किया गया प्रेरित



बांदा। अपनी मां के नाम एक वृक्ष जरूर लगाए। वृक्ष लगाने के साथ दूसरों को भी वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करें।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के पश्चात सांसद बांदा-चित्रकूट क्षेत्र कृष्णा देवी शिव शंकर पटेल, नारायणी विधायिका ओममणि वर्मा तथा जिलाधिकारी जे0 रीभा द्वारा सर्किट हाउस कैंपस में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को अधिकाधिक वृक्ष लगाने और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने हेतु प्रेरित किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आम जनता से अपील की कि वे भी इस पुनीत कार्य में भाग लें और कम से कम एक पौधा अपनी माता के नाम पर अवश्य लगाएं। वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सर्किट हाउस परिसर में नीम, पीपल, अमलतास, अर्जुन एवं गुलमोहर जैसे छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिले के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संवर्धन के इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाई और वृक्षों की देखभाल हेतु सतत प्रयास करने का संकल्प लिया।

# गांजे के साथ पकड़े गए दो तस्कर

**- चेकिंग के दौरान कमासिन पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**- अभियुक्तों के कब्जे से बरामद हुआ सूखा गांजा**

बांदा। चेकिंग के दौरान बाँदा पुलिस ने गाँजा के साथ दो अभियुक्तों को पकड़ा है। जिनके कब्जे से झोले में भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है।पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कमासिन पुलिस द्वारा गश्त एवं वाहन चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर 02 गांजा तस्करों को अवैध सूखे गांजे के साथ थाना कमासिन क्षेत्र के ओझानगर लोहरा तिराहे से देवशरण पांडेय पुत्र रामशरण, चन्दन सिंह पुत्र रामनरेश सिंह निवासी छितैनी थाना कालिंजर को गिरफ्तार किया है। सीओ बबेरू सौरभ सिंह ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से झोले में 6.15 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा व अवैध गांजे के परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। सीओ सौरभ सिंह ने यह भी बताया कि अभियुक्त काफी समय से गांजे का कारोबार कर रहे थे। बाहर से गाँजा लाकर गांव-गांव सप्लाई करते थे। क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने बताया कि अभियुक्त पिछले काफी समय से गांजा के कारोबार में संलिप्त है। जिनकी तलाश जारी रही है। सूचना पर दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक महेन्द्र प्रताप, जाबिर अली, आरक्षी सुखदेव दिवाकर, दिलीप कुमार शामिल रहे।

# गुणवत्ता के साथ कराएं सड़क मरम्मतीकरण का कार्य

**- सर्किट हाउस में आयोजित हुई निगरानी समिति की बैठक**

**- सांसद ने अतिक्रमण हटवाए जाने पर दिया जोर**

बाँदा। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सर्किट हाउस सभागार में सांसद बॉदा-चित्रकूट कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल की अध्यक्षता में एवं सांसद हमीरपुर-महोबा अजेन्द्र सिंह लोधी तथा जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

बैठक में गत बैठक के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में सांसद ने विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं समबद्धता के साथ कराये जाने एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होंने बॉदा माइनर केन कैनाल की नहर पटरी में निष्प्रयोज्य भूमि एवं अतिक्रमण की रोकथाम की कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिशाषी अभियंता केन कैनाल को दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को सड़क के किनारे की झाडियों की कटाई का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने एवं कटाये गये स्थानों की सूची प्रस्तुत करने तथा बॉदा से बबेरू रोड की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक से एक सप्ताह पूर्व बैठक की बुकलेट जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बॉदा-बबेरू मार्ग में रोड में अवैध अतिक्रमण को चिन्हाकिंत कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल-जीवन मिशन कार्य के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए टूटी सड़कों की गॉव एवं गलियों में गुणवत्ता के साथ मरम्मत कराये जाने तथा गॉवों में जलापूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये तथा मरम्मत की गयी सड़कों की एक कमेटी बनाकर चेक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुद्रा लोन एवं मुख्यमंत्री युवा रोजगार के अन्तर्गत ऋण लाभार्थियों को शीघ्र दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बबेरू में जर्जर पोल बदलने तथा तिन्दवारी एवं सिंधौली में विद्युत आपूर्ति में सुधार करने के निर्देश दिये। पीएम आवास योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद बॉदा इस योजना के सर्वे में बेहतर कार्य करते हुए प्रदेश में पॉचवे स्थान पर है। बैठक में चकबन्दी कार्यों की समीक्षा के अन्तर्गत बताया गया कि गॉवों में चकबन्दी कार्य चल रहा है, जिनमें पॉच गॉवों का कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है। उन्होंने शेष गॉवों में भी चकबन्दी का कार्य शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही एक लाख लीटर के डेयरी प्लांट को स्थापित किये जाने हेतु कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता एवं पारिदर्शिता के साथ कराया जाए तथा जनप्रतिनिधियों को कार्यों के निर्माण एवं स्थिति के सम्बन्ध में समय-समय पर अवगत कराया जाए तथा विकास कार्यों को तेज गति से पूर्ण करायें। बैठक में विधायक नरैनी ओममणि वर्मा, विधायक बबेरू बिसम्भर यादव, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, ब्लाक प्रमुखगण एवं जिला पंचायत सदस्य/समिति के सदस्यगण, जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र



### एक चोर को माल सहित अवैध तमंचा कारतूस के साथ थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा एक फोटो सहित। कल दिन गुरुवार को अतर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महोतरा निवासी रामनरेश यादव के द्वारा थाना अतर्रा को लिखित रूप से सूचना दिया था कि मेरे घर से अज्ञात चोर द्वारा नगदी एवं चांदी सोने के आभूषण चोरी कर ले गया है थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात चोर को पकड़ने के लिए अपना चक्रव्यूह तैयार किया और आज दिन शुक्रवार को पूरे माल सहित एक अवैध तमंचा वह जिंदा कारतूस के साथ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी योगेंद्र उर्फ नागेंद्र बर्मा पुत्र देवनाथ उर्फ भग्गू वर्मा निवासी पुनना पुरवा ग्राम खटोरा थाना अतर्रा चोर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व कारतूस के साथ साथ 02 जुलाई 2025 को ग्राम सभा महोतरा मैं चोरी करने की बात स्वीकार किया तथा बरामद सोने चांदी के आभूषण व नगदी 50 हजार तीन सो रुपए इसके अलावा कुछ दिन पूर्व दुबारिया बदौसा मैं चोरी किया था उसके 8500 कुल 58800 रुपए नगद एवं चोरी किए गए सफेद धातु व पीली धातु के आभूषण कान गले मंगलसूत्र तथा चेक बुक आदि बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ऋषि देव उपनिरीक्षक संतराम सरोज उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी एवं कांस्टेबल विश्वनाथ कांस्टेबल शुभम सिंह कांस्टेबल पंकज सिंह कांस्टेबल कृष्णकांत द्वारा उक्त चोर को सिमरिया कुशल मोड़ के पास से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं के अंतर्गत जेल भेजा गया।

### भगवती आश्रम के प्रधानाचार्य की इलाज के दौरान हुई मृत्यु



स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा। भगवती आश्रम संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदोत त्रिपाठी उर्फ अनुज 37 वर्ष की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।बीते दिनों लगातार ये पीलिया रोग से पीड़ित थे।जिनका इलाज लखनऊ और प्रयागराज में जारी रहा।लेकिन इलाज के दौरान अचानक हालत बिगड़ गई और मौत का शिकार होना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के चटसरा ;गिरवाद्ध गांव निवासी थे।बीते कई माह से अपनी बीमारी का इलाज करा रहे थे।वृहस्पतिवार को लखनऊ के अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया है।इनके एक पुत्र है।श्री त्रिपाठी उत्तरप्रदेश माध्यमिक शिक्षक कल्याण समिति के संगठन मंत्री थे।निधन की सूचना पर बड़ी संख्या में लोगो ने उनके आवास पहुच कर दुख व्यक्त किया है।

### एक छोटे बच्चे को किसी जहरीले कीड़े ने काटा हुई मृत्यु

स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा। आज दिन गुरुवार को एक 06 वर्षीय बच्चे को जहरीले कीड़े ने काट लिया जिससे अस्पताल आते समय उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सरकारी अस्पताल नरैनी रोड के फार्मासिस्ट सुभाष ने बताया कि आदम पुत्र उमाकांत उम्र 06 वर्ष निवासी देव खेर थाना बदौसा को लेकर सरकारी अस्पताल आए थे दिखाने के लिए कि शायद अभी जान बच जाए मगर उपस्थित डॉक्टर के द्वारा देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया गया।

### अलग-अलग मुकदमो में सात अभियुक्तों को हुई सजा

बांदा। अलग-अलग मुकदमों में अदालत ने आधा दर्जन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। सजा के साथ-साथ उन्हें अदालत द्वारा जुर्माने से दण्डित किया गया है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में त्वरित एवं निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी के फलस्वरुप 03 अलग-अलग मामलों में कुल 07 अभियुक्तों को कारावास व कुल 7500 रुपए जुर्माने से दण्डित कराया गया। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि थाना पैलानी में पंजीकृत अभियोग मुकदमा अपराराध संख्या 29/06 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त राजू सिंह पुत्र रामलाल सिंह निवासी अलौना थाना पैलानी को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व 3000 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया। थाना बबेरु में पंजीकृत अभियोग मुकदमा अपराराध संख्या 242/2008 धारा 427/504/506 भादवि के 03 अभियुक्तों प्रभाकर पुत्र रामआसरे, संतोष कुमार मिश्रा पुत्र प्रभाकर मिश्रा व रजुवा पुत्र सुखा उर्फ रामेश्वर निवासीगण साथी थाना बबेरु को कुल 3000 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया। थाना कमासिन में पंजीकृत अभियोग मुकदमा अपराराध संख्या 139/2009 धारा 323/504/506 भादवि के 03 अभियुक्तों लाला यादव, भूरा यादव व सुरेश यादव पुत्रगण रामासरे यादव निवासीगण राछा थाना कमासिन को कुल 1500 रुपये के जुर्माने से दण्डित कराया गया। एसपी ने कहा कि सजा दिलाए जाने की मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

### कामदगिरि वनांचल स्वास्थ्य सेवा ने किया शिविर का आयोजन

चित्रकूट ब्यूरो- कामदगिरि वनांचल स्वास्थ्य सेवा यात्रा के क्रम में शुक्रवार को सदर ब्लाक क्षेत्र के बैजनाथ भारद्वाज विद्या मंदिर बेड़ी पुलिया, सरस्वती शिशु मंदिर शिवरामपुर व उत्सव ग्रीन मैरिज हॉल भरतकूप में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इन स्वास्थ्य शिविरों में 16 चिकित्सकों ने 1080 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य समाज के पिछड़े, दलित, शोषित, वंचित व असहाय क्षेत्रों के लोगों के इलाज के लिए किया गया है। इस मौके पर बनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद मोहन, प्रांत संगठन मंत्री पंकज सिंह, झांसी केंद्र प्रमुख बाबूलाल, विभाग संगठन मंत्री महेश, मानिकपुर कल्याण केंद्र प्रमुख कृष्ण गोपाल, अध्यक्ष कमलाकांत, सीएससी शिवरामपुर अधीक्षक डॉ राजेश सिंह, ग्राम प्रधान प्रमोद जायसवाल, विद्यालय के अध्यक्ष फूलचंद जायसवाल, आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ बैजनाथ, प्रतिभा जायसवाल, व्यापारी शिवशंकर लाल गुप्ता, आरोग्य भारती के जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, राजकीय मेडिकल कॉलिज के डॉक्टर आदि मौजूद रहे।

### शिक्षको ने मंत्री से सुनाई अपनी वेदना

बांदा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय और जनपदीय नेतृत्व के निर्देशानुसार विधायक तिंदवारी/जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद को जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी की अगुवाई में ब्लॉक इकाई तिंदवारी ब्लॉक अध्यक्ष हरवंश श्रीवास्तव एवं मंत्री इंद्रजीत निषाद एवं जसपुरा अध्यक्ष चंद्रमोहन साहू मंत्री छोटे बाबू के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। जिसमें विद्यालय मर्जर कर विद्यालय समाप्त किए जाने, प्रधानाध्यापक के पद समाप्त किए जाने, रसोइयों के पद समाप्त किए जानें तथा बच्चों की शिक्षा व्यवस्था सरलीकृत की जगह जटिल किए जाने वाले निर्दयी एवं कठोर निर्णय का विरोध किया गया।

# मुख्यमंत्री ने आम महोत्सव में बरझाला के योगेंद्र सिंह गंगवार को सम्मानित किया

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश आम महोत्सव में जिले के कृषक योगेंद्र सिंह गंगवार को सम्मानित किया गया है पहले दिन उत्तर प्रदेश के 10 किसान सम्मानित किए गए यह जानकारी देते हुए आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि लखनऊ के अवध शिल्प बिहार शहीद पथ में उद्यान विभाग उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित आम महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री उद्यान कृषि विपणन कृषि व्यापार तथा कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा एवं निदेशक उद्यान खाद्य प्रसंस्करण विभाग भानु प्रकाश राम मौजूद रहे

महोत्सव के प्रथम दिन प्रदेश के सभी जिलों से आए आम उत्पादकों में से 10 किसानों का चयन किया गया जिसमें जिले के विकासखंड कायमगंज के बरझाला के योगेंद्र सिंह गंगवार का चयन किया गया है इन्होने दो हेक्टेयर आम के बाग में दशहरी आम्रपाली चौसा एवं मल्लिका आज प्रजातियों का नवीन तकनीकों का प्रयोग करते हुए उत्पादन कर इंडियन इंस्टीट्यूट पैकेजिंग संस्थान द्वारा अप्रूव्ड बॉक्स स्टोर कर इटावा मैनपुरी आगरा के स्थानीय बाजारों के अतिरिक्त प्रदेश के बाहर अन्य प्रदेशों में राजस्थान मध्य प्रदेश एवं आजाद मंडी दिल्ली में विक्रय किया है उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया है



## श्रृंगीरामपुर में कावड़ यात्रा मार्ग की मरम्मत घाटों पर बेरीकेटरिंग कराने के निर्देश

फर्रूखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से श्रंगीरामपुर घाट पर काँवड़ यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने घाट पर बेरिकेडिंग कराने प्रकाश की व्यवस्था करने व चेतावनी बोर्ड लगाने व पीने के पानी की व्यवस्था के लिये टैंकर लगाने के निर्देश दिये गये अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्ग की सड़कों के गड्ढे भरवाने के लिये निर्देशित किया गया जिला पंचायतराज अधिकारी व खंड विकास अधिकारी कमालगंज को रोड से गंगा किनारे तक के कच्चे मार्ग का समतलीकरण कराने के लिये निर्देशित किया गया थानाध्यक्ष कमालगंज को सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया है इस अवसर पर एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## वृक्षारोपण को उत्सव के रूप में मनाया जाए सभी पौधों की जियो टैगिंग की जाए

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद । जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे 9 जुलाई को होने बाले वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की गईबैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी विभाग समय से पौधों का उठान सुनिश्चित करे किसी भी विभाग को कोई भी समस्या हो तो डी0एफ ओ0 से संपर्क करेए सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने विभाग को मिले लक्ष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे वृक्षारोपण सभी का नैतिक व सामाजिक दायित्व है इसका पालन करे लगाये गये पौधों को सुरक्षित रखे सभी बी0 डी0ओ0 व ई0ओ0अपने अपने क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान का चयन कर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर वृक्षारोपण कराये वृक्षारोपण को उत्सव के रूप में मनाया जाये सभी पौधों की जिओ टैगिंग कराई जाये।

बैठक में जिलाधिकारी ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाने व सीजर की कार्यवाही करने व जुर्माना बढ़ाने के निर्देश दिए गये सभी प्रमुख घाटो पर कूड़े के निस्तारण की प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये है बैठक में डी0एफ0ओ0 ने बताया गया कि हरितिमा अमृत वन ऐप को मोबाइल प्ले स्टोर से डाऊनलोड कर उस पर वृक्षारोपण की रिपोर्टिंग करे व उमतप सपमिण्दपबण्पद पर भी अपलोड करें प्रत्येक वृक्षारोपण स्थल पर एक औषधीय पौधा अवश्य लगाये बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी पी0डी0 डी0 आर0डी0ए0 कपिल कुमार उपनिदेशक पर्यटन दीप्ति वत्स संवंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनडीआरएफ ने कॉलेज में बाढ़ से बचाव के उपाय बताकर सचेत किया

फर्रूखाबाद।गंगा पार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर में एन डी आर एफ टीम की ओर से बाढ़ में कैसे सुरक्षित रहे और आपदा का कैसे सामना किया जाए इसके बारे में विस्तार से छात्रों को प्रदर्शन करके अवगतकराया गया एनडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर आनंद चौधरी ने कहा कि जीवन में सावधानी हटी दुर्घटना घटी के सिद्धांत पर हर क्षेत्र में सावधान रहकर कार्य करें जरा सी चूक और लापरवाही जीवन को संकट में डाल सकती है

बाढ़ की दृष्टि से सबसे संवेदनशील गंगा पार क्षेत्र है यहां गंगा और रामगंगा में बाढ़ आने से विकराल की स्थिति हो जाती है इस बार सरकार की ओर से 31 सदस्यीय एनडीआरफ का एक दल यहां तैनात कर दिया गया है यह दल अक्टूबर तक यहां रहेगा प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को बाढ़ से सुरक्षित रहने के उपाय बताने से इसका लाभ मिलता है उन्होंने एनडीआरफ टीम के सदस्यों का आभार व्यक्त किया इस दौरान वरिष्ठ अध्यापक बीरेंद्र कुमार ने समेत शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे

## 9 बजे से सफारी की सैर करें

इटावा। ग्रीष्म ऋतु के समाप्त होने व वर्षा ऋतु के प्रारम्भ होने के कारण सफारी भ्रमण करने वाले पर्यटकों के लिए नयी खबर। सफारी घूमने वाले पर्यटक सुबह 9 बजे से सफारी की सैर 8 जुलाई से कर सकेंगे। परिषदीय स्कूल के छात्रों के लिए अनुभूति कार्यक्रम प्रत्येक शुक्रवार को पुनः पूर्व की भांति आयोजित की जायेगी। यह जानकारी सफारी पार्क के निदेशक डाण् अनिल कुमार पटेल ने दी है।

## जैनाचार्य विराग सागर का मना समाधि दिवस

इटावा। गणाचार्य विराग सागर महाराज का प्रथम समाधि दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैन समाज के संजय जैन पेड़ा वाले जितेंद्र जैन अनिल जैन लल्ला जैन मनोज जैन बताया गया कि आचार्य समाधि 4 जुलाई जालना जिला महाराष्ट्र मे हुई थी जिनकी आहारचार्य बहुत कठिन थी 24 घंटे मे सिर्फ एक बार आहार ग्रहण करते है कितनी भी भीषण गर्मी व सर्दी गर्म पानी ग्रहण करते थे आचार्य श्री ससंघ का इटावा जैन समाज को चातुर्मास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दिगंबर जैन मंदिर बरहीपुरा मोहल्ला वासियों के युवा व युवतियों ने अनाथ आश्रमए रेलवे स्टेशनए कालीवाहन मंदिर आदि स्थानो पर जाकर जरूरतमंदो लोगों को फल मिठाई पेयजल पद्वार्थ आदि सामग्री वितरित की गई। सायंकाल मंदिर श्रीजी की व आचार्य महाआरती भक्ति के साथ की गई।

## बड़े ने छोटे भाई की पिटाई की

बकेवरए इटावा। भाई से मारपीट में घायल वृद्ध की सात दिन बाद उपचार के दौरान सैफ़ई में मौत हो गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। बकेवर थाना क्षेत्र की महेवा चौकी के कस्बा महेवा निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र रामसनेही 60 वर्ष की सैफ़ई मिनी पीजीआई में शुक्रवार को सुबह उपचार के दौरान मौत हो गयी। देवेंद्र का अपने सगे भाई से पिछले 28 जून को किसी बात को लेकर विवाद में मारपीट हुई थी जिसमें देवेंद्र को चोट लगी थी। चौकी पुलिस ने इस मामले में एनसीआर दर्ज की थी और दूसरे पक्ष के दो लोगों के विरुद्ध शांतिभंग के तहत कार्रवाई की थी। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार परिजनों ने कर दिया गया है। थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया। भाई भाई के बीच विवाद हुआ था। मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई थी।

# किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म में आजीवन कारावास

पचास हजार का जुर्माना भी लगाया

फर्रुखाबाद।अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश डॉ अनिल कुमार सिंह ने नरेंद्र उर्फ रविंद्र उर्फ विजेंद्र पुत्र मुरारी लाल कठेरिया निवासी देवरा थाना जशरथपुर एटा को आजीवन कारावास की सजा व पचास हजार के जमाने से दंडित किया है। बीते वर्ष थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी 14 वर्षीय पुत्री 4 अक्टूबर 2024 को मेरे एक वर्षीय पुत्र को खिला रही थी मेरी बहन को देकर कहा कि पानी पीकर आ रही और कहकर चली गई लेकिन वापस अभी तक नहीं आई काफी खोजबीन की लेकिन पुत्री का कहीं पता नहीं लगा प्रार्थी की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर किशोरी को खोज कर न्यायालय में पेश की किशोरी ने न्यायालय में अपने बयान में बताया कि खेत में शौच क्रिया करने के लिए गई थी मेरी छोटी बहन भी साथ थी वहां गांव के बाल अपचारी का बुआ का लड़का ने मेरे साथ गलत काम किया मेरी बहन सड़क के किनारे खड़ी रही बाल अपचारी ने भी गलत काम किया मैने कहा कि घर जाकर बताऊंगी तो मुझे व मेरे पिता को जान से मारने की धमकी दी उसके बाद घर चली गई उसके बाद मै अपनी भरने घर के बाहर गई तो रास्ते से फिर मुझे जबरदस्ती बाइक पर बैठा ले गए और अलीगंज ले जाकर गंदे काम किए विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर नरेंद्र उर्फ रवेंद्र के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया बाल अपचारी का किशोर न्याय बोर्ड में आरोप पत्र दाखिल कर दिया बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ अनिल कुमार सिंह ने नरेंद्र उर्फ रावेंद्र को आजीवन कारावास की सजा व पचास हजार जुर्माने से दंडित किया गया वहीं जुर्माना का चालीस हजार पीड़िता को भरण पोषण के लिए दिया जाएगा

# आंगनवाड़ी कार्यकत्री करें दिव्यांग बच्चों की पहचान

.कार्यकत्रियों को किया जा रहा है प्रशिक्षित

इटावा। अजय कुमार गौतमए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ऑगनवाडी केन्द्रों में पंजीकृत तथा डोर.टू.डोर हाउस होल्ड सर्वे के माध्यम से 0 से 6 वर्ष तक के विकासात्मक देरी व शारीरिक बाधाओं वाले बच्चों का चिन्हॉकन पहचान करने के सम्बन्ध में विस्तार से की गई चर्चा के क्रम में विकास खण्ड के बीडीओ सभागार कक्ष में डॉ राजेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारीए इटावा के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा तथा विकास खण्ड में कार्यरत स्पेशल एजूकेटर्स के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा द्वारा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पर चर्चा करते हुए बताया गया कि आरम्भिक स्तर पर 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों में आ रही शारीरिक बाधाओं की पहचान करना हैए जिससे इन बच्चों को चिकित्सकीय व अन्य सपोर्ट सेवाओं के लिए चिन्हितए सन्दर्भित कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोडा जा सकें। सीडीपीओ व ऑगनवाडी सुपरवाइजर द्वारा स्वयं उपस्थित होकर प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया गया तथा प्रशिक्षण उपरान्त चेकलिस्ट के आधार पर बच्चों को स्क्रीनिंग करना पर विशेष ध्यान देने को कहा गया आप लोगो ने देखा गया है कि कुछ बच्चें बहुत तेज होते है कुछ बहुत धीमा होते है आप लोग जानते होगे किसी बच्चें के जीवन में एक हजार दिनए वो एक हजार दिन की शुरूवात नौ माह गर्भ में तथा दो साल बाहर के जीवन। यह एक हजार दिन बच्चें के जीवन के है। जो गोल्डेन जीवन होते है। इसमे मानसिकए शारीरिक तथा सामाजिक विकास होता है। विकास खण्ड सैफई में नवाब वर्मा खण्ड शिक्षा अधिकारी सैफई के द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के चिन्हॉकन व उनके 21 प्रकार के सम्बन्ध जानकारी दी गयी। अनिल कुमार स्पेशल एजूकेटर्स के द्वारा भी बताया गया कि आंगनवाडी केन्द्रो में पंजीकृत बच्चों में शारीरिक बाधाओं वाले बच्चों का अधिक से अधिक संख्या में स्क्रीनिंग किया जाय। जिससे चिन्हित बच्चों का प्रथम स्तर पर विवरण सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्राप्त हो तथा समन्वय कर सपोर्ट सर्विसेज व मेडीकल एसेसमेंट किया जा सके।

## कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार को घेरा

इटावा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व कन्नौज जनपद के प्रभारी प्रशांत तिवारी ने मोदी सरकार को घेरा और पूछा कि देश में 2000 के नोट कहा गायब है जो लगभग 60 अरब होता है सरकार ने 2016 में 500 एवं 1000 के नोट बंद किए की ब्लैक मनी कला धन बंद होगा फिर 2000 का नोट बनाया वो बंद हुआ तो बनाया क्यों मोदी सरकार के मंत्री अनुराग ठाकुर 2020 में लोकसभा में कहते है कि 2000 का नोट छपना बंद हो गए उसी साल तइप बोलती है 2018 में छपने बंद हुए सरकार और तइप की बात अलग अलग है मोदी सरकार की साज़िश थी कुछ लोगो को फायदा पहुंचाने के लिए कभी 500 कभी 1000 कभी 2000 के नोट काला धन कहा है किसके पास है क्यों नहीं बता रही 2014 में सरकार का बनने से पहले 15 लाख आयेंगे काला धन आयेगा 11 साल बीत गए 15 लाख क्यों नहीं आए एवं जनता पूछना चाहती है कब तक जुमलो की राजनीति धर्म की राजनीति जाती की राजनीति करोगे।

## मां के दूध के बिना तड़प तड़पकर नवजात की मौत

इटावा। एक निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर भर्ती एक नवजात शिशु ने बुधवार शाम दम तोड़ दिया। यह मासूम बच्चा अपनी मां के दूध और परिवार की देखरेख के बिना डेढ़ महीने तक जिंदगी की लड़ाई लड़ता रहा थाए लेकिन उसके माता.पिता उसे अस्पताल में छोड़कर कभी लौटकर नहीं आए। बच्चे की मौत के बाद जब डॉक्टरों ने परिजनों को सूचना दीए तो भी कोई नहीं पहुंचा। आखिरकार पुलिस ने नवजात के नाना.नानी को बुलाकर शव का आज पोस्टमॉर्टम कराया। मामला इटावा सदर कोतवाली के एक निजी सरस्वती अस्पताल की है। अब जानिए पूरा मामला मूल रूप से औरैया के अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव साजनपुर निवासी सुशील कुमार की पत्नी राखी को सातवें महीने में प्रसव पीड़ा होने पर 10 मई को इटावा की फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित विनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राखी ने समयपूर्व एक बेटे को जन्म दिया। नवजात की हालत गंभीर होने पर उसे पास के ही सरस्वती अस्पताल में वेंटिलेटर पर भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने बताया. बच्चा बहुत कमजोर था और उसे मां के दूध व विशेष देखभाल की जरूरत थीए लेकिन परिवार का कोई सदस्य अस्पताल में रुका नहीं। अस्पताल में छोड़कर चले गए मां बाप डिलीवरी के बाद सुशील अपनी पत्नी को लेकर घर चला गया और इलाज का खर्च वहन करने में असमर्थता जताते हुए अस्पताल दोबारा नहीं आया। डॉक्टरों ने एक माह के भीतर सुधार की उम्मीद जताई थीए लेकिन मां.बाप के नहीं आने से बच्चे की हालत नहीं सुधर सकी। गुरुवार शाम उसकी मौत हो गई। किसी ने नहीं उठाया कॉल अस्पताल प्रशासन ने जब परिजनों को फोन पर सूचना दीए तो किसी ने कॉल नहीं उठाया। इसके बाद डॉक्टरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने नवजात के नाना मनोज और नानी एकता देवी को बुलायाए जो कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गांव गदाईपुर के रहने वाले हैं। वे किराए की गाड़ी से इटावा पहुंचे और पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया पूरी कराई। प्रतिदिन 2500 रुपये का था खर्च मनोज ने बताया. सातवें महीने में बच्चा होने के कारण वह कमजोर था। अस्पताल ने छप्रन्न् का खर्च प्रतिदिन 2500 रुपये बताया थाए जिसे वहन करना उनके लिए संभव नहीं था। मजबूरी में बच्चा अस्पताल में ही रह गया और घर के हालात ऐसे नहीं थे कि कोई लगातार उसकी देखभाल कर सके। मां के दूध के बिना बच्चे की मौत सरस्वती अस्पताल के डॉण् संजीव यादव ने बताया. बच्चे को डेढ़ महीने तक छप्रन्न् में रखा गया और लगातार देखभाल की जाती रहीए लेकिन मां के दूध की अनुपलब्धता और परिजनों की गैरमौजूदगी के कारण स्थिति बिगड़ती चली गई। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया .बच्चे के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। अब तक इस मामले में किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई पूरी कर ली है।

## यूपी जल निगम कर्मियों की 7 मांगें

.10 जुलाई से प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

इटावा। त्तर प्रदेश जल निगम के कर्मचारियों और पेंशनरों ने सरकार को अल्टीमेटम दिया है। संघर्ष समिति ने कहा है कि 10 जुलाई तक मांगें नहीं मानी गईं तो 10 जुलाई से प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में महंगाई भत्ते को बढ़ाकर 253 प्रतिशत करना और अष्टम वेतन आयोग के एरियर का तत्काल भुगतान शामिल है। समिति ने मांग की है कि वेतन और पेंशन का भुगतान समय पर हो। पेंशनरों को कोषागार से भुगतान की व्यवस्था की जाए। संघर्ष समिति ने बताया कि अक्टूबर 2024 में दो बार पत्र भेजकर वार्ता का समय मांगा गया। लेकिन शासन और निगम प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। समिति ने कहा कि सातवें वेतनमान को नगरीय और ग्रामीण दोनों निगमों में समान रूप से लागू किया जाए। दोनों जल निगमों का एकीकरण किया जाए। अनुकंपा नियुक्तियों को जल्द बहाल किया जाए। कैशलेस चिकित्सा सुविधा तत्काल शुरू की जाए। ग्रामीण जल निगम ने महंगाई भत्ते में आंशिक संशोधन किया है। नगरीय जल निगम में यह अभी 212 प्रतिशत पर है। अष्टम वेतन आयोग के एरियर भुगतान में अनियमितताएं पाई गई हैं। कुछ कर्मचारियों को भुगतान नहीं मिला है। कुछ को अनुमान के आधार पर अनुचित राशि दी गई है। नगरीय जल निगम में एचआरए और सीसीए का भुगतान नहीं किया गया है। निगम का कहना है कि कर्मचारियों की तैनाती और आवासीय सुविधा का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। संघर्ष समिति का कहना है कि अब कर्मचारी और पेंशनर बर्दाश्त की सीमा से बाहर आ चुके हैं। वे अपने और अपने परिवारों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं और लगातार समिति पर आंदोलन का दबाव बना रहे हैं। समिति ने मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन होगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी जल निगम प्रशासन की होगी।

# एसडीएम ने सी ओ के साथ अलीगढ़ गांव पहुंचकर मंदिर की जमीन को लेकर हुए विवाद का किया पटाक्षेप

फर्रुखाबाद। थाना राजेपुर के गांव अलीगढ़ कड़क्का में आबादी की जमीन पर गमा देवी का मंदिर है।जो कागजों में आबादी के नाम दर्ज है। जिस पर गमा देवी का मंदिर बना हुआ है। पास में ही आशा राम मूर्ति के परिजनों ने तीन शौचालयों का निर्माण करवा दिया गया जिससे पूजा करने वाले के कारण बाधा उत्पन्न होती थी। जिसके कारण ग्रामीण भीकम पुत्र वेदप्रकाश के साथ अन्य ग्राम वासियों ने भगवान शंकर के मंदिर से दीवार उठानी शुरू की गई तो मदन पाल पुत्र भजनलाल समरपाल उर्फ लाला अमित पुत्र मदनपाल अनगपाल पुत्र भजन लाल के द्वारा निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर कार्य रोक दिया गया। इसके बाद बीते दिन समरपाल और मदनपाल कुशवाहा का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी भी सहयोग में आ गए। सुबह तहसील परिसर अमृतपुर में धरना दे दिया लेकिन कुछ समय धरने पर बैठने के बाद तहसील परिसर से पैदल यात्रा निकाल दी। उस दौरान एसडीएम अमृतपुर अपनी कोर्ट में बैठकर मुकदमों की सुनवाई कर रहे थे और दूसरी तरफ गांव अलीगढ़ में महिलाओं ने बवाल कर दिया। आशा राममूर्ति की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर बवाल कर दिया। बताया कि आशा उस समय ड्यूटी पर तैनात थी वहीं मौके पर पहुंची पुलिस से नोंक.झोंक होने लगी। और महिलाएं जो दीवार उठाई जा रही थी उसे पर चारपाई डालकर बैठ गई जैसे ही पुलिस मौके से हटी। तभी मौका पाकर गांव अलीगढ़ का निवासी युवक ने दीवार को तुड़वा दिया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर थाना राजेपुर भेज दिया जिसके बाद एसडीएम अमृतपुर अतुल कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा थाना प्रभारी राजेपुर नवीन कुमार सिंह व थाना अध्यक्ष मोनू शाक्या मौके पर पहुंची तो महिलाओं ने फिर बवाल करना शुरू किया तो प्रशासन ने महिलाओं को महिला पुलिस के साथ थाने भिजवा दिया दूसरे पक्ष ने निमार्ण कार्य शुरू रखा। तभी किसान यूनियन अखंड प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और काफी देर तक बातचीत हुई। लेकिन पूर्व प्रधान सुशील कुमार वर्मा ने अपनी जमीन से रास्ता देने की बात कही तो किसान नेता मान गए और दोनों पक्षों में समझौता हो गया इस मौके पर एसडीएम अमृतपुर व क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा व किसान यूनियन अखंड प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सोमवंशी व राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश उर्फ बबलू दीक्षित प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी समेत अन्य कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे

## खबर एक नज़र

### शरीयत पर चलना ही हुसैनियत है. खलीलुल्लाह

इटावा। मुहर्रम में जिक्रे शोहदा ए कर्बला बड़ी मस्जिद शाहक़मर में मनाया गया जिस में मेहमाने खुसूसी हज़रत अल्लामा व मौलाना खलीलुल्लाह निज़ामी मिस्बाही साहब प्रिंसिपल जामिया समदिया दारुल ख़ैर फफूंद शरीफ ने कहा इमाम हुसैन ने अपनी पूरी जिंदगी अपने नाना पैगंबर हज़रत मुहम्मद साहब की शरीयत पर अमल किया ग़रीबों की मदद की लोगों को खाना खिलाया इमाम हुसैन ने जंगे कर्बला में भूख प्यास अपने बेटों भतीजों अज़ीज़ रिश्तेदारों की शहादत के बाद भी शरीयत का दामन अपने हाथ से नहीं छोड़ा मौलाना खलीलुल्लाह निज़ामी साहब ने यह भी फ़रमाया मुसलमान मुहर्रम में नमाज़ों की पाबन्दी करें कुरान ख़्वानीए इमाम हुसैन के जिक्र की महफ़िलए लंगरए का अहतिमाम करें इमाम हुसैन कर्बला के मैदान से हमें यह सबक़ देते है हक़ और बातिल के सामने हक का साथ देना ही हुसैनियत है जलसे में हाफ़िज़ व क़ारी मौलाना इरफ़ान चिश्तीए मौलाना शराफत हुसैन इमाम मस्जिद शाहक़मरए हाफिज़ अदनान अशरफी उस्ताद इक़रा एकेडमीए हाफ़िज़ आक़िब चिश्ती इमाम मस्जिद अक़्सायए हाफ़िज़ अली हसन इमाम मस्जिद बुलाकी ने शिरकत की प्रोग्राम के बाद अब्दुल मन्नान राईन सेक्रेटरी मस्जिद शाहक़मर की जानिब से जलसे में आए हुए सभी लोगों के लिए लंगर का अहतिमाम किया।

### 9 जुलाई को महिला आयोग सुनेंगी समस्याएं

इटावा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि 9 जुलाई को पूनम द्विवेदीए सदस्य उण्प्रण् राज्य महिला आयोग द्वारा सुबह 11ण्30 बजे कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई की जायेगी। सुनवाई के समय विभिन्न विभागों के अधिकारीगण भी महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु उपस्थित रहेगें। पीडित महिलाएँ नियत समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के विषय में सदस्य को अवगत करा सकती है।

### प्रेस क्लब के संरक्षक बने अनुराग

इटावा। प्रेस क्लब जसवंतनगर के संरक्षक अनुराग गुप्ता बनाए गए हैं। प्रेस क्लब जसवंतनगर के अध्यक्ष ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पत्रकार 67 वर्षीय अनुराग गुप्ता को प्रेस क्लब जसवंतनगर का संरक्षक बनाया गया है। वे चार दशक से अधिक समय से विभिन्न समाचार पत्रों जुड़े है। श्री गुप्ता को संरक्षक बनाए जाने पर सभी पत्रकारों व क्षेत्र के तमाम प्रबुद्धजनों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं हैं।

### किसान की डंडे से पीटकर हत्या

बकेवरए इटावा। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सबसुख के पास खेत पर मेड़ के विवाद को लेकर पड़ोस के गांव के 70 वर्षीय वृद्ध की डंडा मार के हत्या कर दी गई। वृद्ध को वह खेत की जगह कई दशकों पहले पट्टे पर मिली हुई थी जिस पर वह कई सालों से खेती करता आ रहा था। शुक्रवार को सुबह वृद्ध घर से खेत पर आया था। उसके खेत मे मेड पड़ी देखकर वह उससे पैरों से तोड़ रहा था।तभी पड़ोसी गांव का मेड डालने वाला किसान आकर धक्कामुक्की कर डंडा मार दिया।जिससे वृद्ध किसान की खेत पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलते है बकेवर थाना पुलिस मय फोर्स मौके पर पहुँची।

बकेवर थाना क्षेत्र के नगला खांडेराव निवासी बालभ्यासी दोहरे का गांव से करीब डेढ़ किमी नगला सबसुख गांव के पास एक खेत है। सबसुख नगला निवासी एक व्यक्ति से उसके खेत में कुछ अपनी खेत बताकर अपनी खेत बताकर करीब दो दिन पहले मेड़ डाल दी थी। मृतक के छोटे पुत्र शिववीर ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे उसके पिता अपने खेत आये थे। वह मनरेगा में मजदूरी करने काम पर चला गया था। खेत में मेड़ डली देखकर उसके पिता हाथ पैरों डाली गई मेड़ को तोड़ने लगे थे।इस दौरान ही पड़ोस के ग्राम नगला सबसुख निवासी व्यक्ति ने जिनसे खेत का कुछ दिनों से विवाद था।आकर उसके पिता बालभ्यासी से धक्कामुक्की करने लगा।बालभ्यासी के पास वाले डण्डे से ही बालभ्यासी को पीटा।जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल होकर बगल में अपने भाई के खेत मे जाकर गिर पड़े। घायलावस्था में ही पड़े कुछ देर बाद खेत पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।करीब ग्यारह बजे खेत किनारे रास्ते से निकलते नगला खांडेराव निवासी एक युवक ने बालभ्यासी को बीच खेत में पड़े देखा तो उसे शक हुआ उसने गांव जाकर वृद्ध के घर वालों को बताया तो घर वाले खेत पर पहुँचे।परिजनों को पिता बालभ्यासी खेत पर मृत पड़े मिले। इस पर परिजनों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह राठी मय फोर्स मौके पर पहुंचे। सूचना पर एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र सी ओ भरथना अतुल प्रधान भी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। मृतक के पुत्र शिव वीर ने डंडा मारकर पिता को मार देने का नगला सबसुख निवासी एक व्यक्ति पर आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पुलिस मामले की जाँच में जुटी। थाना प्रभारी बकेवर इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रार्थना पत्र मिलने पर मामला दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी।

### जनपद में पौधारोपण कार्यक्रम 9 जुलाई को

इटावा। जिला गंगा समितिए पौधारोपण समितिए पर्यावरण समिति की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम 9 जुलाई को किया जाएगाए जिसमें समस्त अधिकारियों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारियों द्वारा अभी से पौधे उठा लिए जाएं एवं उनको जल्द से जल्द रोपित करा दिया जाए। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में पौधे लगाए जाएं एवं अस्पताल में भी लगाए जाएं साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गौशालाओं में छायादार पेड़ लगाए जाएं जैसे पीपलए पाकड़ एवं अन्य घने छायादार पेड़ लगाए जाएं। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूलों में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कराया जाए एवं 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव चलाया जा रहा हैए इसमें ज्यादा से ज्यादा सहभागिता की जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधरोपण की फोटोग्राफ्स समय से ऐप पर फीड करा दिए जाएं साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि पौधरोपण के दौरान जनप्रतिनिधियों की सहभागिता अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त ग्राम पंचायतों पर ग्राम प्रधानों के माध्यम से पौधरोपण कराया जाए। उन्होंने नदी में बहने वाले ठोस अपशिष्ट की रोकथाम अद्यतन स्थिति झरना नाला में गंदगी पाई जाने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदी के किनारे वाले गांव में नदी का दूषित जल नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नदी के किनारे गांव को यमुना वन गांव व गंगा वन गांव बनाया जाए एवं ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम किया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतमए सामाजिक निदेशक वानिकी विकास नायकए जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसादए पशु चिकित्साधिकारी मनोज कुमारए जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंहए पीडब्लूडी सहित अन्य समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### एथलेटिक्स बालकए बालिका प्रतियोगिता 9 को

इटावा। जिला क्रीड़ाधिकारीए सर्वेन्द्र सिंह चौहान ने 9 जुलाई को जिला स्तरीय जूनियर वर्ग की एथलेटिक्स बालकए बालिका प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 10 बजे से किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता पहले 5 जुलाई को आयोजित होनी थीए जिसकी तिथि में परिवर्तन किया गया है।

उक्त जिला स्तरीय जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी प्रतियोगिता से पूर्व अपनी प्रविष्टि संबंधित प्रशिक्षक या जिला खेल कार्यालय इटावा में करवा सकते है। विजेताए उपविजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा आर्कषक पुरूस्कार प्रदान किये जायेंगे। समस्त प्रतियोगिताओं बॉक्सिंगए जूडो तथा एथलेटिक्स के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण 9 जुलाई को महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम इटावा में शाम 5 बजे सरिता भदौरियाए सदर विधायिका के द्वारा किया जायेगा।

# अब पूरी दुनिया देखेगी भारतीय घोड़ों की धाक और साख

## मेरठ का आरवीसी केंद्र और कॉलेज बना देश का पहला वैश्विक मान्यता प्राप्त अश्व रोग मुक्त कम्पार्टमेंट

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूओएएच ने उत्तर प्रदेश के मेरठ छावनी में स्थित रिमाउंट वेटरनरी कॉर्प्स यानी आरवीसी केंद्र और कॉलेज को देश के पहले अश्व रोग मुक्त कम्पार्टमेंट यानी ईडीएफसी के तौर पर औपचारिक मान्यता दे दी है। इस तरह यह केंद्र देश का पहला वैश्विक मान्यता प्राप्त अश्व रोग मुक्त कम्पार्टमेंट बन गया है जिससे अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय घोड़ों की धाक और साख प्रदर्शित करने का रास्ता साफहो गया है। अब यह केंद्र ना सिर्फखेलों में इस्तेमाल होने वाले भारतीय घोड़ों की अंतरराष्ट्रीय आवाजाही को सक्षम करते हुए घुड़सवारी पर आधारित खेलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा बल्कि यह भारत की जैव सुरक्षा और पशु स्वास्थ्य प्रणालियों की साख और गुणवत्ता को भी वैश्विक स्तर पर और अधिक मजबूत करेगा। यह उपलब्धि भारतीय घुड़सवारी और घोड़ों से संबंधित गतिविधियों के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी और डब्ल्यूओएएच की मंजूरी के बाद अब भारतीय खेल घोड़े यानी इंडियन स्पोर्ट्स हॉर्सेस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकेंगे। यह न केवल भारतीय घुड़सवारों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगा बल्कि देश की घुड़सवारी की प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। साथ ही इस केंद्र के जरिए भारतीय घोड़े विदेशों में आसानी से यात्रा कर सकेंगे जिससे घुड़सवारी जैसे खेलों में भारत की भागीदारी बढ़ेगी और अन्य क्षेत्रों में भी भारतीय घोड़ों की मांग में इजाफा होगा।

केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की ओर से उक्त जानकारियां साझा करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय रक्षा मंत्रालय के रिमाउंट पशु चिकित्सा सेवा निदेशालय, भारतीय घुड़सवारी महासंघ यानी ईएफआई और उत्तर प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग के बीच घनिष्ठ समन्वय को दिया गया है। इन सभी ने मिलकर डब्ल्यूओएएच के कड़े मानकों को पूरा करने के लिए अथक प्रयास जिससे इस केंद्र के संचालन में सभी अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं और मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सका है। ईडीएफसी को ना सिर्फ इक्वाइन संक्रामक एनीमिया, इक्वाइन इन्फ्लूएंजा, इक्वाइन पिरोप्लाज़्मोसिस, ग्लैंडर्स और सुर्रा जैसे रोगों से मुक्त घोषित किया गया है बल्कि भारत 2014 से अफ्रीकी हॉर्स सिकनेस से भी मुक्त है जो इस उपलब्धि को और भी महत्वपूर्ण बनाता है। बताया गया है कि यह केंद्र कड़े जैव सुरक्षा प्रोटोकॉल और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप काम करता है जिसके तहत इसमें रोग नियंत्रण, कीट प्रबंधन, स्वच्छता, पशु स्वास्थ्य निगरानी और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अब यह केंद्र भारत की पशु स्वास्थ्य प्रणाली को और अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बनाएगा। इससे न केवल खेल बल्कि उच्च कीमत वाले घोड़ों का व्यापार भी बढ़ेगा और भारतीय घोड़ों को अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में आसानी से निर्यात किया जा सकेगा।

# जर्जर भवन में चल रहा है श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय बाजार ड्रमंडगंज स्थित श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की हालत लगातार बदतर होती चली जा रही है। वर्षो से जर्जर भवन में कक्षा -6-10तक की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। लोगों का कहना है कि श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वर्षो पुराना भवन कभी भी धराशायी हो सकता है जिससे बड़ा हादशा होने का भय हमेशा बना रहता है। जर्जर भवन में विद्यालय चलाने का जिम्मेदार कौन है? प्रबंधक या प्रधानाध्यापक?बताया जाता है कि सितंबर 2018में तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी तथा प्रबंधक ने मिलकर 32 -32लाख रुपये लेकर तीन अध्यापकों की नियुक्ति की थी जिसमें से एक विज्ञान के अध्यापक अपना ट्रांसफर करवाकर अन्यत्र चले गए। वर्तमान में कक्षा -6-10तक की कक्षाओं के पठन-पाठन का दायित्व दो अध्यापकों के जिम्मे है।

ज्ञात हो कि श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना सन् 1972में देवहट -ड्रमंडगंज के तत्कालीन प्रधान दयासागर गुप्त ने की थीऔर धर्मशाला के भवन में विद्यालय चलाने की जिम्मेदारी तत्कालीन प्रधानाचार्य हरदत्त मिश्र को दे दिया गया था। तत्कालीन ग्राम प्रधान ने श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नाम से लगभग दस बीघा जमीन भी पट्टा किया था। श्री देवता प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सन् 1984 में एडेड हो गया और सभी अध्यापक सरकार द्वारा वेतन पाने लगे। स्थापना काल के सभी अध्यापक, लिपिक व परिचारक सेवानिवृत्त हो चुके हैं।इस समय सितंबर 2018में नियुक्त अध्यापक उसी धर्मशाला के पुराने भवन में विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। ईश्वर न करें कोई हादशा हो किन्तु जर्जर भवन गिरने का आशंका हमेशा बना हुआ है।

## 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव, डीएम एवं एसपी पहुंचे सक्तेशगढ़ आश्रम, लिया तैयारियों का जायजा



**चुनार (मिर्जापुर)।** सक्तेशगढ़ स्थित परमहंस आश्रम में आगामी 10 जुलाई को मनाए जाने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। सक्तेशगढ़ अड़गड़ानंद आश्रम पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एसपी सोमेन वर्मा पहुंचकर आश्रम की तैयारी के बारे में जानकारियां ली, विभागों के अधिकारियों से बात की। सभी विभागों को उनके कार्यो की जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाए। मेला क्षेत्र की साफ सफाई के लिए पंचायत विभाग को 150 सफाई कर्मी उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने जो तीन शिफ्ट में साफसफाई करेंगे। विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि आठसे लेकर 11 जुलाई तक निर्बाध आपूर्ति की जाए। महोत्सव के दौरान करीब 20 स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला पंचायत को सौंपी गई, जहां का समतलीकरण व बैरीकेडिंग लगाने के साथ वहां पर प्रकाश व्यवस्था कराई जाएगी। रोड डायवर्सन कर गाड़ियों को डगमगपुर के रास्ते भेजा जाए। श्रद्धालुओं को रास्ते को कोई परेशानी ना हो।स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला क्षेत्र में पांच एंबुलेंस उपलब्ध कराने के साथ तीन कैंप लगाया जाएगा। अधिकारियों ने आश्रम के वरिष्ठ संत नारद महाराज से भी तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में व्यवस्था इस प्रकार होनी चाहिए कि श्रद्धालु दर्शन कर सकें और सुरक्षित अपने गंतव्य को रवाना हो जाएं। इस दौरान ऑपरेशन अपर पुलिस अधीक्षक आप सिंह, उपजिलाधिकार राजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, क्षेत्राधिकार मंजरी राव कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य, मौजूद रहे।

## कुएं में गिरे गोवंश को सुरक्षित निकाला बाहर फायर ब्रिगेड की टीम

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बेलन बरौंधा जूनियर हाईस्कूल के पास बगीचे में स्थित करीब बीस फिट गहरे सूखे कुएं में एक बेसहारा गोवंश (बैल) गुरुवार को गिर पड़ा था। ग्रामीणों को कुएं में गोवंश गिरने की जानकारी हुई तो उसे सुरक्षित निकलवाने के लिए एसडीएम लालगंज व पशुपालन विभाग को सूचना दी। ग्रामीणों से कुएं में गोवंश के गिरने की जानकारी होने पर एसडीएम लालगंज संजीव कुमार यादव ने फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर भेजा।देर रात पहुंचे लीडिंग फायर मैन बब्बन यादव, फायर ब्रिगेड कर्मी ऋषिकेश गौतम सुरेन्द्र गौतम, प्रदीप कुमार, विशाल भारती ने ग्रामीणों के सहयोग से रस्सी के सहारे गोवंश को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला। मौके पर मौजूद पशुपालन विभाग की टीम द्वारा गोवंश का उपचार किया गया। एसडीएम लालगंज संजीव कुमार यादव ने बताया कि सूखे कुएं में गोवंश के गिरने की जानकारी होने पर फायर ब्रिगेड कर्मियों को मौके पर भेजा गया।देर रात कुएं से गोवंश को फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पांच भेड़ व दो बकरियों की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव में गुरुवार की रात्रि में आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आने से पशु पालक की पांच भेड़े व दो बकरियों की मौत हो गई। पशु पालक की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल व पशु चिकित्सक ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई किया है जिससे पशु पालक को दैवीय आपदा से क्षतिपूर्ति मिल सके थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा गांव निवासी श्यामा पाल कि पांच भेड़ व दो बकरियों को चराने के लिए गांव निवासी अयोध्या कोल बेलाही गांव में लेकर गए थे।

## पंडित राजनारायण इंटर कालेज में वनक्षेत्राधिकारी ने किया पौधरोपण




**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया वन रेंज के अंतर्गत मुड़पेली गांव स्थित पंडित राजनारायण दूबे इंटर कालेज में शुक्रवार को वन महोत्सव सह सघन पौधारोपण अभियान चला जिसमें आम, सागौन, शीशम, नींबू, अमरुद सहित सैकडों पौधे लगाए गए। लोग हाथों में बैनर लेकर - पौधे हम लगाएंगे, पृथ्वी को बचाएंगे, चल रहा है यही अभियान, हरा भरा हो खेत खलिहान, यही हमारा नारा है- पर्यावरण बचाना है जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक कर रहे थे ।वन महोत्सव के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य सतीश तिवारी व वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र व डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया है।प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय परिसर में पौधे लगाने व उनकी देख भाल करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कहा कि जबतक हम धरती को हरा भरा नहीं बनाएंगे तबतक मानव जीवन पर जल,प्रदूषण, आक्सीजन की कमी जैसे अन्य खतरा मंडराते रहेंगे। कहा कि अधिक पौधे लगाएंगे तो हमें अधिक बारिश की पानी व शुद्ध हवा मिलेगी। वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान है। इसलिए हम सभी को हमेशा प्रयास करना चाहिए

## गुरुवार रात मोहर्रम की सातवीं मनी

**चुनार (मिर्जापुर)।** गुरुवार रात मोहर्रम की सातवीं तारीख को अंजुमन हैदरी चुनार शिया समुदाय के लोग ने अज खाना नवाब साहब मंजिल मोहल्ला गंगेश्वर नाथ से नगर निकले मातमी जुलूस मार्केट चौक बाजार होते हुए मोची टोला इमामबाड़े में समाप्त हुए। जुलूस आलम और दुलदुल के साथ मातम करते- बच्चे बुजुर्ग बड़े शामिल रहे। जिसमें वाराणसी से आए मौलाना शेर अली साहब, चुनार के अंजुमन हैदरी, सैयद रियाज हुसैन रिजवी सैयद डावर, सरकार, कल्बे, सज्जाद आदि रहे। मातमी जुलूस में सदा या हुसैन की सदा बुलंद किया।


### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी
सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद
तहसील
वाद सं. 6046/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं.
डी202503410006046
आफाक अहमद बनाम सिराज खान
अन्तर्गत धारा 10(1) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. आफाक अहमद आयु लगभग 70 वर्ष वयस्क पुत्र स्व. रज्जब अली नि. भवन सं. 93/41 रिजवी रोड कानपुर नगर...आवेदक/भूस्वामी/वादी

बनाम– सिराज खान वयस्क पुत्र स्व. इकराम खान, निवासी 80/90 कुली बाजार कानपुर नगर 208001 दुकान का पता–44/334, मछली टोला कानपुर नगर .....विपक्षी पक्षकार/किरायेदार

अन्तर्गत धारा 4(3)(ख), 10, 21(2)(ख) उ.प्र. अधि. संख्या 16 सन् 2021 थाना मूलगंज कानपुर नगर

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-695/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी
सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद
तहसील
वाद सं. 5519/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं.
डी202503410005519
आफाक अहमद पुत्र स्व. रज्जब अली बनाम इकबाल खान
अन्तर्गत धारा 10(1) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. आफाक अहमद आयु लगभग 70 वर्ष वयस्क पुत्र स्व. रज्जब अली नि. भवन सं. 93/41 रिजवी रोड कानपुर नगर...आवेदक/भूस्वामी/वादी

बनाम– इकबाल खान वयस्क पुत्र स्व. इकराम खान, निवासी 80/90 कुली बाजार कानपुर नगर 208001 दुकान का पता–44/334, मछली टोला कानपुर नगर .....विपक्षी पक्षकार/किरायेदार

अन्तर्गत धारा 4(3)(ख), 10, 21(2)(ख) उ.प्र. अधि. संख्या 16 सन् 2021 थाना मूलगंज कानपुर नगर

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-695/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख
परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 1
कानपुर नगर
वाद सं. 1104/2024

श्रीमती जया गुप्ता उम्र 27 वर्ष पत्नी श्री रवि कुमार उर्फ पवन पुत्री लक्ष्मी चन्द्र निवासी म.नं. 150/160 गंगापुर कालोनी थाना विधनू कानपुर नगर मो. नं. 8423664737...वादिनी

बनाम– रवि कुमार उर्फ पवन पुत्र सुनील कुमार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बहरामपुर थाना थरियॉव जनपद फतेहपुर..विपक्षी

धारा 13 व 25 व 27 हि.वि. अधि. पेशी 05.07.2025

वादिनी ने आपके विरूद्ध धारा 13, 25 व 27 हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 05.07.2025 को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है कि न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 21.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 1 कानपुर नगर।

सी.आर.-695/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख
पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 1
कानपुर नगर
वाद सं. 2533 सन् 2024

श्रीमती सोनम निगम उर्फ सोनम श्रीवास्तव उम्र लगभग 33 वर्ष पत्नी अंकित निगम पुत्री स्व. जगदीश नारायण श्रीवास्तव निवासिनी 105/19 प्रेम नगर कानपुर नगर मो. नं. 9453461043, 7355453127 ...प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम–अंकित निगम उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र इंद्र कुमार निगम निवासी 149 राजीव नगर विनायकपुर कानपुर नगर मो.नं. 8840372470 ..प्रतिवादी/विपक्षी

पिटीशन अंतर्गत 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 वास्ते भरण पोषण धारा

हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 144 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 29.07.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 1 कानपुर नगर

सी.आर.-695/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी
सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद
तहसील
वाद सं. 180/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं.
डी202503410000180
दयाशंकर चौरसिया बनाम हरी शंकर गुप्ता उर्फ हरी कृष्ण गुप्ता
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. दयाशंकर चौरसिया आयु लगभग 65 वर्ष वयस्क पुत्र स्व. राम शंकर चौरसिया निवासी 75/23 रंजीतपुरवा हालसी रोड कानपुर नगर ...आवेदक/भू–स्वामी

बनाम– हरी शंकर गुप्ता उर्फ हरी कृष्ण गुप्ता वयस्क पुत्र स्व. मेवा लाल गुप्ता निवासी टावर–2 फ्लैट संख्या 1806, एमराल्ड गार्डन, स्वरूप नगर कानपुर नगर दुकान का पता– परिसर सं. 74/113 धनकुट्टी कानपुर नगर ...विरोधी पक्षकार/किरायेदार

अन्तर्गत धारा 4(3)(ख)10, 21(2)(ख) उ.प्र. अधि. संख्या 16 सन् 2021 थाना कलक्टरगंज कानपुर नगर

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-695/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख
पारिवारिक न्यायाधीश तृतीय
कानपुर नगर
याचिका सं. 3230/24

मनीष कुमार अग्रवाल उम्र 51 वर्ष पुत्र स्व. महेन्द्र कुमार अग्रवाल नि.म.नं. 72 ब्लाक सी–सी.ओ.डी. कानपुर नगर (उ.प्र.) 201813 मो. 9336632080 ...याची

बनाम–शिल्पी अग्रवाल उम्र 50 वर्ष पत्नी मनीष कुमार अग्रवाल पुत्री डा. पद्म प्रकाश अग्रवाल नि.म.नं. 207 सुकृत इन्क्लेव अपार्टमेन्ट पुराना आर.टी.ओ. कम्पाउण्ड लखनऊ– 226018 मो.नं. 7860928485....विपक्षिनी

वाद अन्तर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम

याची ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 09.07.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश तृतीय कानपुर नगर

सी.आर.-695/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी
सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद
तहसील
वाद सं. 5097/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं.
डी202503410005097
आफाक अहमद बनाम इकबाल खान
अन्तर्गत धारा 10(1) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1. आफाक अहमद आयु लगभग 70 वर्ष वयस्क पुत्र स्व. रज्जब अली नि. भवन सं. 93/41 रिजवी रोड कानपुर नगर...आवेदक/भूस्वामी/वादी

बनाम– इकबाल खान वयस्क पुत्र स्व. इकराम खान, निवासी 80/90 कुली बाजार कानपुर नगर 208001 दुकान का पता–44/334, मछली टोला कानपुर नगर .....विपक्षी पक्षकार/किरायेदार

अन्तर्गत धारा 4(3)(ख), 10, 21(2)(ख) उ.प्र. अधि. संख्या 16 सन् 2021 थाना मूलगंज कानपुर नगर

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18.08.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-695/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख
पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 1
कानपुर नगर
वाद सं. 2794 सन् 2024

श्रीमती प्रतिभा उम्र लगभग 27 वर्ष पत्नी शरद कपूर पुत्री राम बाबू निवासिनी ग्राम बैरी कानपुर नगर हाल निवासिनी जे–91 विश्वबैंक कालोनी गुजैनी कानपुर नगर मो.नं. 9651787054...प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम–शरद कपूर बालिग उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र किशन लाल निवासी मकान पुरवा दूजे पोस्ट बाघमऊ थाना कोतवाली विधूना जनपद औरैया...प्रतिवादी/विपक्षी

वाद अन्तर्गत धारा 13 (1) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955

हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 27.07.2025 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 1 कानपुर नगर

सी.आर.-695/K-CN

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेण्डर नं.: पी आर वाई जे-सिग-207-2025-26 | दिनांक: 02.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार / इंजीनियर / समन्वय / प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये **खुली निविदा**, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को **12:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

**क्रम सं. 1, निविदा नं.:** पी आर वाई जे-सिग-207-2025-26, **कार्य का विवरण:** प्रयागराज मंडल के SSL-BDN & ETW-MNQ के खण्ड मे बिछाई गई OFC का दो वर्ष अवधि के लिये अनुरक्षण अनुबन्ध।

**अनुमानित मूल्य (₹):** 9351920.00/- | **बिड सिक्योरीटी (₹):** 187000/-

**कार्य समापन की अवधि:** 24 माह, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.07.2025, **2. निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **3. निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12:30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। 1162/25 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार/इंजीनियर/समन्वय/प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

**निविदा नं. :** पी आर वाई जे-सिग-208-2025-26 | **अनुमानित मूल्य (₹):** 2322240/-

**कार्य का विवरण :** सीनियर डी.एस.टी.ई. कानपुर के खण्ड में केएफडब्लू स्टेशन के पनकीधाम भदान खण्ड में मेसर्स हिताची मेक इक्यूवैलेन्ट सर्किट प्रदान करने का कार्य।

**बिड सिक्योरिटी (₹) :** 46500/- | **कार्य समापन की अवधि :** 06 माह

**निविदा खुलने की तिथि :** 29.07.2025

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12:30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। 1161/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नॉन-इण्टरलॉकिंग कार्य एवं ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, रिशड्यूलिंग एवं आंशिक निरस्तीकरण करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| क्र.सं. | गाड़ी सं. | स्टेशन से स्टेशन तक | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 18310 | जम्मू तवी-संबलपुर एक्स. | 07.09.2025 |
| 2 | 18309 | संबलपुर-जम्मू तवी एक्स. | 09.09.2025 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | निर्धारित मार्ग | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18477 | पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस | कटक जं.-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ रोड-ईब | कटक जं.-भद्रक-हिजली-टाटानगर जं. राउरकेला-झारसुगुड़ा-ईब | 23.08.2025, 25.08.2025, 27.08.2025, 29.08.2025, 31.08.2025 एवं 09.09.2025 |
| 2 | 18478 | योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस | ईब-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर सिटी-कटक जं. | ईब-झारसुगुड़ा-राउरकेला-टाटानगर जं. हिजली-भद्रक-कटक जं. | 26.08.2025, 28.08.2025, 30.08.2025, 01.09.2025, 08.09.2025 एवं 09.09.2025 |
| 3 | 20818 | नई दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस | गोमोह जं.-आद्रा जं.-मिदनापुर-हिजली-भद्रक-कटक जं. | गोमोह जं.-चक्रधरपुर-राउरकेला-झारसुगुड़ा-अंगुल | 31.08.2025 |

**रिशेड्यूलिंग**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | रिशेड्यूलिंग | यात्रा की प्रारंभिक तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 18310 | जम्मू तवी-संबलपुर एक्स. | जम्मू से 03 घंटे | 22.08.25, 24.08.25, 26.08.25 एवं 28.08.25 |
| 2 | 18309 | संबलपुर-जम्मू तवी एक्स. | संबलपुर से 06 घंटे | 02.09.2025 |

**आंशिक निरस्तीकरण**

(1) दिनांक **29.06.2025** से **29.12.2025** तक नई दिल्ली से चलने वाली गाड़ी सं. **12424** नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ टाउन राजधानी एक्सप्रेस, डिब्रूगढ़ टाउन के स्थान पर डिब्रूगढ़ पर समाप्त होगी तथा यह गाड़ी चाउलखोवा एवं डिब्रूगढ़ टाउन के मध्य आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

(2) दिनांक **01.07.2025** से **31.12.2025** तक डिब्रूगढ़ टाउन से चलने वाली गाड़ी सं. **12423** डिब्रूगढ़ टाउन-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, डिब्रूगढ़ स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करेगी तथा यह गाड़ी डिब्रूगढ़ टाउन एवं चाउलखोवा के मध्य आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

**डिब्रूगढ़ स्टेशन पर समय सारिणी**

| गाड़ी सं. | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| 12424 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ टाउन राजधानी एक्सप्रेस | 06:05 | -- |
| 12423 डिब्रूगढ़ टाउन-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस | -- | 20:55 |

उपरोक्त के अतिरिक्त मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा एवं गुरू पूर्णिमा मेला के अवसर पर पूर्व में जारी सूचना के क्रम में गाड़ी सं. **14211** आगरा-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस का आगरा से प्रस्थान समय **5:45** बजे के स्थान पर **05:30** बजे पढ़ा जाये।

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1163/25 FA

### स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

हमने अपने पुत्र मोनू पाण्डेय व पुत्रवधू गुड़िया के कृत्यो से तंगआकर सम्बन्ध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है उनके किसी कार्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार ना होगा। कन्हैयालाल पाण्डेय पुत्र राममूर्ति पाण्डेय व लाली देवी पत्नी कन्हैया लाल पाण्डेय नि. सिकन्दरपुर थाना व तहसील छिबरामऊ जि. कन्नौज।(41)

सी.आर.-695/K-41

**सूचना**

मेरा इंटर नेट पर जयवीर सिंह नाम प्रदर्शित हो रहा है जब कि मेरा नाम वास्तविक लल्लन दिवाकर है और इसी नाम से वह ग्राम पंचायत मानपुर गजेन का ग्राम प्रधान है। मुझे लल्लन दिवाकर के नाम से ही जाना पहचाना जाए। लल्लन दिवाकर पुत्र सीताराम ग्राम मानपुर गजेन विकास खण्ड व तहसील रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात।(46)

सी.आर.-695/K-46

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212, 0512-2330533

**E-mail :** swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# पीएम मोदी ने भारत-त्रिनिदाद के संबंधों को याद किया



**पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद और टोबैगो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रवासी भारतीयों के साहस की तारीफ की और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर को बिहार की बेटी कहा। उन्होंने बिहार के साथ उनके पैतृक संबंधों को याद किया। पीएम मोदी ने कमला प्रसाद से सरयू और महाकुंभ का जल कैरेबियाई देश में गंगा धारा में चढ़ाने को कहा। उन्होंने कहा, त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर के पूर्वज बिहार के बक्सर में रहते थे। कमला खुद वहां गई हैं। लोग उन्हें बिहार की बेटी मानते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आप सभी जानते हैं कि इस साल की शुरुआत में दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम महाकुंभ हुआ था। मुझे महाकुंभ का जल अपने साथ ले जाने का सौभाग्य

### प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर को बताया बिहार की बेटी

मिला है। मैं कमला जी से अनुरोध करता हूं कि वे सरयू नदी और महाकुंभ का पवित्र जल यहां गंगा धारा में अर्पित करें। बिसेसर इससे पहले 2012 में बक्सर जिले के इटाढ़ी प्रखंड के तहत अपने पैतृक गांव भेलूपुर आई थीं। भारतीय मूल के लोगों की एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, यहां मौजूद कई लोगों के पूर्वज बिहार से ही आए हैं। बिहार की विरासत न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए गर्व की बात है। जनसभा में बड़ी संख्या में ऐसे लोग जुड़े थे, जिनकी जड़ें किसी न किसी रूप में बिहार से जुड़ी थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक विचार और प्रगति में बिहार के योगदान पर भी बात की। उन्होंने कहा, चाहे लोकतंत्र हो या राजनीति या कूटनीति या फिर उच्च शिक्षा सदियों पहले बिहार ने दुनिया को ऐसे कई क्षेत्रों में नई दिशा दिखाई। 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश उपनिवेशों में ले जाए गए गिरमिटिया समुदाय की ऐतिहासिक यात्रा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, प्रवासी भारतीय दिवस पर मैंने दुनिया भर में गिरमिटिया समुदाय को सम्मानित करने और उनसे जुड़ने के लिए कई पहलों की घोषणा की।

# रूस ने यूक्रेन पर दागीं 550 मिसाइलें और ड्रोन

**कीव।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर 550 मिसाइलें और शाहिद ड्रोन दागे। कीव में पूरी रात धमाकों की आवाज गूंजती रही। यूक्रेन

### कीव में गूंजती रही धमाकों की आवाज

ने बताया कि इन हमलों में 23 लोग घायल हो गए। इसके अलावा इमारतों को बड़ा नुकसान पहुंचा। यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करने और यूक्रेन को हथियारों की कुछ खेप रोकने के अमेरिका के निर्णय के कुछ घंटों बाद हुआ।
रूस की वायु सेना ने बताया कि उसने



रात भर में यूक्रेन में 550 ड्रोन और मिसाइलें दागीं। इनमें से ज्यादातर शाहिद ड्रोन थे। हमले में 11 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। कीव में लगातार ड्रोनों की गड़गड़ाहट और विस्फोटों, मशीन गन की गोलीबारी की आवाजें सुनीं गईं। यूक्रेनी सेना हवाई हमलों को रोकने की कोशिश की। बताया गया कि हमले का मुख्य लक्ष्य कीव था। रूस ने नौ मिसाइलों और 63 ड्रोनों से आठ स्थानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। वहीं यूक्रेनी वायु रक्षा ने दो क्रूज मिसाइलों सहित 270 ड्रोनों को मार गिराया। अन्य 208 लक्ष्य रडार से गायब हो गए और माना गया कि वे जाम हो गए हैं। ेके गए ड्रोनों का मलबा कम से कम 33 स्थानों पर गिरा।

## केमिकल वेपन इस्तेमाल कर रही पुतिन की फौज!

**बर्लिन।** जर्मन और डच खुफिया एजेंसियों ने दावा किया है कि यूक्रेन में रूस रासायनिक हथियारों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहा है। दावा है कि रूस ड्रोन की मदद से चोकिंग एजेंट डाल देता है। इससे सैनिकों का दम घुटने लगता है और वे अपने बंकरों से बाहर निकल आते हैं। इसके बाद उन्हें गोली मार दी जाती है। डच रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकलमांस ने कहा कि रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों को लगाने की जरूरत है। दुनियाभर में केमिकल वेपन पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। केमिकल वेपन मानवता और पर्यावरण दोनों के लिए बड़ा खतरा है।खुफिया एजेंसियों का दावा है कि रूस यूक्रेन में रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर कर रहा है। जर्मनी की बीएनडी विदेशी खुफिया एजेंसी ने भी इन दावों की पुष्टि की है। डच सैन्य खुफिया विभाग के प्रमुख पीटर रीसिंग ने कहा कि हमारी जांच में सामने आया है कि रूस यूक्रेन से जंग जीतने के लिए पर्यावरण और मानवता की भी परवाह नहीं कर रहा है। अमेरिका ने भी दावा किया था कि रूस यूक्रेन में क्लोरोपाइक्रिन का इस्तेमाल कर रहा है। यह जहरीला रसायन होता है। पहले विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी ने इसका सबसे पहले इस्तेमाल किया था।

# भरोसेमंद गारंटी बिना बातचीत बेमतलब : ईरान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत इराज इलाही ने अमेरिका के साथ फिर से वार्ता शुरू करने के लिए तेहरान की शर्तों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि

### ट्रंप के साथ वार्ता के लिए रखी शर्त

जहां तक अमेरिका के साथ वार्ता का सवाल है, ईरान पर अवैध हमले करने में उनके कूटनीतिक विश्वासघात और जायोनी शासन के साथ मिलीभगत को देखते हुए किसी भी वार्ता का तब तक कोई अर्थ नहीं है, जब तक कि वे भविष्य के लिए अमेरिका और इजरायल द्वारा इस तरह के आक्रामक कृत्यों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए विश्वसनीय गारंटी नहीं देते हैं।



इलाही ने कहा कि इजरायल के पास परमाणु हथियार हैं और उसने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, उसने ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के बहाने हमारे देश पर हमला किया।
उन्होंने आगे अमेरिका पर भी हमला किया। भारत में ईरानी राजदूत ने कहा कि अमेरिकी हमलों का कोई कानूनी औचित्य नहीं था। उन्होंने इसे आक्रामकता का अपराध बताया। इसके अलावा, उन्होंने यह भी दावा किया कि ऑपरेशन में साइबर और आतंकवादी तत्व शामिल थे। राजदूत ने अमेरिका और इजरायल पर कूटनीति को कमजोर करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की मिलीभगत के बाद इजरायल ने हमले ठीक तब किए जब ईरान-अमेरिका के बीच छठे दौर की वार्ता को सिर्फ दो दिन बचे थे। यह कूटनीति के साथ विश्वासघात था। साथ ही इन हमलों ने दिखा दिया कि वार्ता के लिए अमेरिका बिल्कुल भी गंभीर नहीं है।

## एक नज़र

### रूस में 'आतंकी हमले' की योजना बना रही महिला गिरफ्तार

**मॉस्को।** रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने गुरुवार को सेंट पीटर्सबर्ग में 23 वर्षीय रूसी महिला को हिरासत में लिया है। यह महिला कथित तौर पर यूक्रेनी स्पेशल सर्विस के आदेश पर आतंकवादी हमले की तैयारी कर रही थी। एफएसबी ने बताया कि उसने 2002 में जन्मी एक रूसी महिला की गतिविधियों को रोका है जो यूक्रेनी विशेष सेवाओं के आदेश पर आतंकवादी कृत्य की तैयारी में शामिल थी। समाचार एजेंसी टीएएसएस ने एफएसबी रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया, सुरक्षा सेवा ने पाया कि हिरासत में ली गई महिला ने व्हाट्सएप और टेलीग्राम मैसेंजर (मेटा के स्वामित्व में, जिसकी गतिविधियों को रूस में चरमपंथी माना जाता है) पर यूक्रेनी विशेष सेवा प्रतिनिधि के साथ सक्रिय रूप से संपर्क स्थापित किया है। एफएसबी के अनुसार, महिला यूरोपीय संघ (ईयू) के किसी देश में नागरिक बनने की योजना बना रही थी। इसलिए, उसने रूस छोड़ने के लिए आतंकवादी गतिविधियों का हिस्सा बनने के लिए अपनी तत्परता व्यक्त की।

### इजरायल के हवाई हमलों 15 फिलिस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह।** इजरायली हवाई हमलों में शुक्रवार तड़के गाजा में 15 फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर हुई गोलीबारी में 20 अन्य लोगों की मौत हो गई। एसोसिएटेड प्रेस ने यह जानकारी दी। नासिर अस्पताल के मुताबिक, इस्राइली हवाई हमलों में 15 लोग मारे गए, जिनमें आठ महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं, जबकि मदद का इंतजार कर रहे 20 अन्य लोग गोलीबारी में मारे गए। इनमें से दो की मौत रफा में मदद वितरण केंद्रों के पास हुई और 18 लोग दक्षिणी गाजा में अन्य स्थानों पर ट्रकों से राहत सामग्री का इंतजार करते हुए मारे गए। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब 21 महीने से जारी संघर्ष को रोकने की कोशिशें की जा रही हैं। हमास ने शुक्रवार को कहा कि वह मिस्र और कतर के मध्यस्थों की ओर से पेश किए एक युद्धविराम प्रस्ताव पर अन्य फलस्तीनी गुटों के नेताओं के साथ बातचीत कर रहा है।

### अफगानिस्तान के तालिबान शासन को रूस ने दी मान्यता

**मॉस्को।** रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को औपचारिक रूप से मान्यता देने की घोषणा की है। बृहस्पतिवार को इस फैसले के बारे में रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, उसे अफगानिस्तान के नवनियुक्त राजदूत गुल हसन हसन से परिचय पत्र प्राप्त हो गए हैं। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को औपचारिक रूप से मान्यता देने वाला पहला देश बनने के संबंध में रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा, अफगान सरकार को आधिकारिक मान्यता मिलने से दोनों देशों के बीच उत्पादक द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि अफगानिस्तान में वर्ष 2021 में तालिबान शासन लागू हुआ था। अमेरिकी सेना के देश छोड़ने के बाद तालिबानी नेताओं ने देश का नेतृत्व अपने हाथों में ले लिया। फिलहाल देश का विदेश मंत्रालय आमिर खान मुत्ताकी संभाल रहे हैं। रूस ने तालिबान को अब गैरकानूनी संगठनों की सूची से हटा दिया है।

### बीच हवा में भारतीय मूल के यात्री ने दबाया सहयात्री का गला

**मियामी।** फिलाडेल्फिया से मियामी की उड़ान के दौरान विमान में मारपीट का मामला सामने आया है। उड़ान के दौरान मारपीट करने के लिए और अपने सह-यात्री पर हमला करने के आरोप में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह वाकया 30 जून को फ्रंटियर एयरलाइंस की उड़ान में हुआ। इस मारपीट का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में भारतीय मूल के नेवार्क निवासी 21 वर्षीय ईशान शर्मा और कीनू इवांस को लड़ाई करते हुए देखा जा सकता है। फ्रंटियर एयरलाइंस की उड़ान में हुई मारपीट के वायरल हो रहे वीडियो में ईशान शर्मा और कीनू इवांस एक-दूसरे की गर्दन पकड़ने और उसे दबाने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं, जबकि साथी यात्री उन्हें ऐसा करने से मना कर रहे हैं। वहीं, जब विमान मियामी में उतरा तो तुरंत ही ईशान शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया।

### 'मुस्लिमों' को लेकर आपस में भिड़े बंगाल भाजपा के नेता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष बनते ही समिक भट्टाचार्य ने एक ऐसा बयान दे दिया है जिससे उनके और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गये हैं। अध्यक्ष चुने जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए समिक भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी को मुस्लिम समाज के साथ संवाद बढ़ाना चाहिए। उनके इस बयान से कुछ मिनट पहले ही वरिष्ठ भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा था कि बंगाल में चुनौती गुंडागर्दी और मुसलमान हैं और कोई अन्य चुनौती नहीं है। देखा जाये तो यह विवाद केवल दो नेताओं के बीच मतभेद नहीं, बल्कि भाजपा के भीतर एक गहरी रणनीतिक बहस को दर्शाता है।

# मेलानिया ट्रंप ने बीमार बच्चों से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्रथम महिला मेलानियान ट्रंप ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को वाशिंगटन में राष्ट्रीय अस्पताल का दौरा किया। इस

### राष्ट्रीय अस्पताल का दौरा किया


दौरान उन्होंने बीमार बच्चों से मुलाकात की, जहां बच्चों ने छुट्टी से पहले चौथी जुलाई की कला और शिल्प बनाए। मेलानिया ट्रंप ने अस्पताल की छत पर बने हीलिंग गार्डन का भी दौरा किया। यह बगीचा उन्होंने पहले ट्रंप प्रशासन के दौरान अमेरिका की सभी प्रथम महिलाओं को सम्मान देने के लिए बनवाया था। बगीचे में मेलानिया ने बच्चों के साथ पत्थरों को सजाया। एक पत्थर पर उन्होंने लाल रंग का दिल बनाया। कुछ बच्चे चिकनी मिट्टी से खेल रहे थे। मेलानिया ने उनसे बातचीत की। उन्होंने बच्चों को कंबल और टेडी बियर के साथ उपहार बैग दिए, जिन पर शर्ट पर लिखा था, बेस्ट बनो। यह उनके बच्चों की भलाई के अभियान का हिस्सा था। मेलानिया ने बच्चों से पूछा कि उन्हें कौन से खेल पसंद हैं, कौन सा म्यूजिक सुनना अच्छा लगता है। उन्होंने बच्चों से यह भी पूछा कि उन्हें चॉकलेट और आइसक्रीम पसंद है या नहीं। ज्यादातर बच्चों ने हाथ उठाए और मेलानिया ने भी। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मुझे भी यह पसंद है।

# पाक में अल्पसंख्यक अत्याचार को स्टेट और आर्मी का समर्थन

**लंदन।** सिंध प्रांत में हिंदू और ईसाई समुदायों की नाबालिग लड़कियों का अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन हो रहा है। इस गंभीर

### ब्रिटिश संसद में पाक बेनकाब

समस्या पर सत्र में विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। अनुमान है कि हर साल 500 से 1,000 लड़कियों का अपहरण किया जाता है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ धार्मिक उत्पीड़न का दौर जारी है। इस भयावह स्थिति को ब्रिटेन की संसद में आयोजित एक सत्र में उजागर किया गया। ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप ऑन फ्रीडम ऑफ रिलीजन ऑर बिलीफ की ओर से यह सेशन बुलाया गया था। इसमें सांसदों, मानवाधिकार



कार्यकर्ताओं और समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान हिंदुओं, ईसाइयों, शियाओं और अहमदियों के खिलाफ अत्याचारों को व्यवस्थित और राज्य प्रायोजित बताया गया। सबूतों से पता चला कि ये घटनाएं अलग-थलग नहीं, बल्कि पाकिस्तानी राज्य और सैन्य तंत्र के समर्थन से सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हैं। सिंध प्रांत में हिंदू और ईसाई समुदायों की नाबालिग लड़कियों का अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन हो रहा है। इस गंभीर समस्या पर सत्र में विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। अनुमान है कि हर साल 500 से 1,000 लड़कियों का अपहरण किया जाता है। ये अक्सर राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मौलवियों की ओर से संचालित धार्मिक स्थलों के जरिए तस्करी की जाती हैं। इसके अलावा, हिंदू मंदिरों और धर्मशालाओं पर हमले सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को मिटाने की कोशिश का हिस्सा हैं। साल 2023 में कश्मीर में एक मंदिर पर रॉकेट हमला इसका उदाहरण है।

# कराची में पिछले माह 60 बार कांपी धरती

**कराची।** इन दिनों पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लोगों की रातें आपदा के साये में कट रही हैं। पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में शुमार कराची में जून महीने में 60 बार धरती कांप चुकी है। यहां जून में आए भूकंप के झटके भले ही कम तीव्रता वाले रहे हों, लेकिन लोगों में दहशत बढ़ गई है। कराची के मेयर मुर्तजा वहाब का कहना है कि दो से 22 जून के बीच आए लगातार भूकंप के झटकों के बाद लोग बेचैन हैं। उनको आपदा का डर सता रहा है। पाकिस्तान के मौसम विभाग का कहना है कि कराची में कम तीव्रता वाले भूकंप के 33 झटके मलीर के नजदीकी इलाकों में दर्ज किए गए।

## गहराता रहस्य : आंतरिक संघर्ष या और मजबूत होकर लौटेंगे जिनपिंग

# 15 दिनों से सार्वजनिक मंचों से गायब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग

**बीजिंग/नई दिल्ली।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बीते पंद्रह दिनों से अचानक सार्वजनिक मंचों से गायब हैं। चीन की सरकारी मीडिया में न कोई नई तस्वीर, न कोई आधिकारिक बयान और न ही बीजिंग में विदेशी प्रतिनिधि मंडलों से उनकी मुलाकात। ब्रिक्स सम्मेलन में उनका न जाना और उनकी जगह विदेश मंत्री द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाना, इस बात की आशंका को बल देता है कि चीन की शीर्ष सत्ता के गलियारों में कोई गहरी हलचल चल रही है। क्या शी जिनपिंग स्वयं उसी प्रणाली के भीतर फंस गए हैं, जिसे उन्होंने एक दशक में अपने विरोधियों को हटाने के लिए खड़ा किया था? इस तरह के सवाल चीन पर नजदीकी नजर रखने वाले अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिज्ञ और रक्षा विशेषज्ञ खड़े कर रहे हैं। चीन की आर्थिक नीतियां, ताइवान के प्रति रुख, भारत से तनाव और अमेरिका से संबंध सभी पर इसका असर होगा।
लेकिन यदि वे और अधिक शक्तिशाली होकर लौटते हैं तो दुनिया एक और अधिक केंद्रीकृत, कठोर और राष्ट्रवादी चीन को देखेगी जहां विरोध के लिए कोई जगह नहीं होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि जिनपिंग की गुमशुदगी केवल स्वास्थ्य या अवकाश का मामला नहीं हो सकता। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के चीन मामलों के विशेषज्ञ डॉ. एंड्रयू नाथन कहते हैं कि शी जिनपिंग का एकछत्र शासन अब उनकी अपनी प्रणाली पर ही बोझ बनता जा रहा है, जिसमें उनके स्वयं के लिए विरोध की कोई जगह नहीं है। जिनपिंग ने न केवल पार्टी पर बल्कि सेना और न्याय प्रणाली पर भी नियंत्रण स्थापित कर



लिया है। हो सकता है विरोधी गुट ने उन्हें अपदस्थ करने के लिए उन्हीं की तर्ज पर कोई जाल बुना हो। चीन पर नजर रखने वाले विश्लेषकों ने इसे गंभीर राजनीतिक संकेत माना है। शी जिनपिंग द्वारा स्थापित राजनीतिक वफादारी की कसौटी पर खरे न उतरने वाले अधिकारी अक्सर गायब कर दिए जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह एक प्रकार की राजनीतिक सफाई (पॉलिटिकल पर्जिंग) हो सकती है, जो सत्ता पर नियंत्रण बनाए रखने की चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की रणनीति का हिस्सा है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री और चीन मामलों के विशेषज्ञ केविन रड का कहना है कि पिछले एक साल में ही चीन के विदेश मंत्री किन गांग, रक्षा मंत्री ली शांगफु और रॉकेट फोर्स के दो शीर्ष जनरल ली युचाओ और झांग झेंगझोंग को बिना कारण बताए सार्वजनिक मंचों से अचानक हटा दिया गया।
इनमें से अधिकतर के खिलाफ कोई औपचारिक आरोप नहीं बताया गया, पर बाद में भ्रष्टाचार, अनुशासनहीनता या पार्टी विरोधी गतिविधियों की बातें बात कर उनकी विदाई कर दी गई। खुफिया एजेंसियों के अनुसार जिनपिंग की इस रहस्यमयी अनुपस्थिति को लेकर तीन प्रमुख संभावनाएं सामने आ रही हैं। पहली, वे किसी स्वास्थ्य संबंधी कारण से सार्वजनिक रूप से अनुपस्थित हैं। दूसरी, वे सत्ता के भीतर किसी गंभीर संघर्ष को हल करने में लगे हैं और तीसरी, वे स्वयं किसी नई शुद्धिकरण मुहिम में फंस गए हैं। चीन की सत्ता संरचना में विरोध का स्वर प्रकट नहीं होता, लेकिन जब कोई बदलाव होता है तो वह हमेशा खामोशी से आता है और प्रभाव बहुत बड़ा छोड़ता है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री केविन रड कहते हैं, शी जिनपिंग ने जिस प्रणाली को अपने हाथों में समेटा, वही अब उनके लिए बोझ बन सकती है।

# राजधानी से कही जायेंगी लोकल कहानियां

जब कंटेंट की दुनिया ट्रेंड्स और ग्लैमर के पीछे भाग रही है, वहीं लेखक, फ़िल्ममेकर और मीडिया एंटरप्रेन्योर डॉ. विशाल चतुर्वेदी ने लखनऊ से एक नई शुरुआत की है। एक ऐसा मीडिया नेटवर्क 'स्वभू' जो स्थानीय कहानियों को फिर से उनकी मिट्टी से जोड़ेगा। सबसे पहले नीम करौली बाबा पर आधारित तीन फ़िल्मों की श्रृंखला (ट्रिलॉजी) को पेश किया जा रहा है जो हिंदी, अंग्रेजी, ब्रज, भोजपुरी तथा अवधी भाषा में बनाई जा रही है। डॉ. विशाल चतुर्वेदी ने



बताया कि बाबा नीम करौली, जिनकी आध्यात्मिक शक्ति ने स्टीव जॉब्स, जूलिया रॉबर्ट्स और मार्क जुकरबर्ग जैसे लोगों को भारत की ओर खींचा, उनको उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की धरती तक लेकर आएं और भारतीय दर्शन को समझने के लिए प्रेरित किया, उन नीम करौली बाबा की कहानी उसी ज़मीन से कहीं जाएगी, उसी सादगी और श्रद्धा के साथ। यह फ़िल्म ट्रिलॉजी डॉ. विशाल की किताब 'डिवाइन डिटूअरः डैट चेंज माय लाइफ' से प्रेरित है। जिसका प्रकाशन 'ट्रुथ एंड सोशल पब्लिकेशन' ने किया है। प्रेस कांफ्रेंस में 'डिवाइन डिटूअरः डैट चेंज माय लाइफ' पुस्तक का विमोचन और फिल्म के पोस्टर का लोकार्पण भी किया गया। स्वभू सिर्फ एक कंपनी नहीं, एक ऐसा मंच है जिससे उत्तर प्रदेश के टैलेंट्स अपनी रचनात्मक यात्राएँ अपने घर बैठे कर पाएंगे। विशाल चतुर्वेदी का कहना है कि दिल को छूने वाली कहानियाँ वहीं से आती हैं जहाँ उन्हें जिया गया हो, छोटे शहरों, गाँवो की बोलियों और आम लोगों के बीच से। इस सफ़र में लोकल भाषा हरियाणवी, राजस्थानी और भोजपुरी पर आधारित ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म 'स्टेज' भी 'स्वभू' के साथ है ताकि ये कहानियाँ सिर्फ़ पर्दे तक सीमित न रहें, बल्कि हर मोबाइल, हर गाँव के हर घर तक पहुँचें।

# कलाकारों के चॉकलेट से जुड़े अनोखे किस्से!

चॉकलेट का नाम आते ही अक्सर हमें उसकी मिठास और सुकून देने वाला स्वाद याद आता है। लेकिन कभी-कभी इसका स्वाद इतना अलग होता है कि वह पल बेहद खास और यादगार बन जाता है। एण्डटीवी की दो लोकप्रिय अभिनेत्रियों -सोनल पंवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की मलाइका) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता) ने शेयर किए ऐसे ही कुछ अनोखे चॉकलेट वाले किस्से। सोनल पंवार, उर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की मलाइका ने बताया, ''मैं एक बार गोवा घूमने गई थी। वहां मुझे चिली वाली डार्क चॉकलेट मिली। पहले तो समझ नहीं आया कि खाऊं या नहीं, लेकिन जैसे ही खाया, ज़ुबान पर तीखा स्वाद और चॉकलेट की कड़वाहट एक साथ आ गई। मुझे ऐसे फ्लेवर पसंद हैं जो कुछ हटकर हों-जैसे सी सॉल्ट कैरामल, लैवेंडर वाली ट्रफल्स या फिर पान फ्लेवर की चॉकलेट। आजकल चॉकलेट बनाने वाले कितने क्रिएटिव हो गए हैं, ये देखना मजेदार है!'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव बताती हैं, ''थाईलैंड की ट्रिप के दौरान मैंने एक ब्लू चीज़ ट्रफल देखी। पहले तो लगा मज़ाक है - भला चॉकलेट में चीज़ कौन मिलाता है? लेकिन फिर जिज्ञासा इतनी बढ़ गई कि खा ही लिया। और यकीन मानिए, ब्लू चीज़ का खट्टा स्वाद जब उस स्मूद चॉकलेट



से मिला, तो एकदम रिच और अलग-सा एहसास हुआ, जैसे कोई खास शेफ ने डेज़र्ट नहीं, कोई एक्सपेरिमेंट परोसा गया हो! उस एक बाइट ने चॉकलेट को देखने का मेरा नजरिया ही बदल दिया। लेकिन अब मेरा मन उन फ्लेवर्स की तरफ भी खिंचता है जो ज़रा हटके हों- जैसे बेकन, वसाबी या यहां तक कि ताज़ा तुलसी के साथ बनी चॉकलेट!''

## बाजार दर्पण

